विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 72 ▸ अंक 297 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 25 जुलाई, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 01, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

"अगर आज कोई पेड़ की छांव में बैठा है तो इस वजह से कि किसी ने बहुत समय पहले ये पेड़ लगाया होगा।
–वॉरेन बफेट"

## ऑफ बीट

### 9 नहीं, सिर्फ 5 महीने में पैदा हुआ बच्चा



*अमेरिका के राज्य आयोवा के शहर एंकेनी से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बच्चा 5 जुलाई, 2024 को समय से 133 दिन पहले यानी उसका जन्म केवल 21 सप्ताह में ही हो गया था। अब बच्चा 1 साल का हो चुका है और उसे गिनीज बुक वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड्स की तरफ से दुनिया के सबसे प्री-मैच्योर बच्चे का प्रमाण-पत्र मिला है। बच्चे का नाम नैश है, डिलीवेरी यूनिवर्सिटी ऑफ आयोवा हेल्थ केयर में डॉक्टर मलिंडा शेफर, एच. बेनेट स्टीवंस व डॉक्टर एमी स्टैनफोर्ड ने करवाई थी। डॉक्टर्स ने बताया कि जन्म के समय नैश का वजन मात्र 285 ग्राम था, यानी एक सेब से भी कम और जन्म के तुरंत के बाद उसे अस्पताल के लेवल (निओनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट) में ले जाया गया। स्टैनफोर्ड ने बताया कि इतनी जल्दी जन्मे बच्चे को अत्यधिक विशेष देखभाल, निगरानी और बार-बार जांच की जरूरत थी इसलिए 24 घंटे तक नैश के साथ टीम थी।*

## भारत-ब्रिटेन के बीच 63 हजार करोड़ का ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता

# उत्पाद शुल्क फ्री: ब्रिटिश कार, विहस्की मेडिकल डिवाइस मिलेंगे सस्ते दाम में

**लंदन, जेएनएन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्रिटिश प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने गुरुवार को ऐतिहासिक 6 बिलियन पाउंड (लगभग 63 हजार करोड़ रुपये) के भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों देशों के बीच तीन सालों की लंबी बातचीत के बाद हुआ है, जिसे अब तक का सबसे आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण सौदा बताया जा रहा है। यह डील भारत से कपड़ा, आभूषण, समुद्री उत्पाद और इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात को यूके में आसान और सस्ता बनाएगी, वहीं ब्रिटेन से कार, जिन और व्हिस्की, मेडिकल डिवाइसेज व अन्य उत्पाद भारत में सस्ते दामों पर पहुंच सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सिर्फ व्यापार नहीं, बल्कि रक्षा, शिक्षा, तकनीक और जलवायु परिवर्तन पर सहयोग को भी नई ऊंचाई देगा।

इस समझौते के तहत दोनों देशों के बीच कई उत्पादों पर शुल्क घटेगा या हटेगा। यूके से भारत में सस्ते होने वाले उत्पादों में व्हिस्की (150 फीसदी से घटकर 75 फीसदी, और 2035 तक 40 फीसदी), लग्जरी कारें, जिन, कॉस्मेटिक्स, चॉकलेट, बिस्किट, मेडिकल डिवाइसेज, एयरोस्पेस पार्ट्स, इलेक्ट्रिकल सामान शामिल हैं। इसी तरह भारत से यूके में सस्ते होने वाले उत्पादों में कपड़े और जूते, आभूषण और रत्न, जमे हुए झींगे और अन्य समुद्री उत्पाद, इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन शामिल हैं। यह रियायत दोनों देशों के व्यापार को नई ऊंचाई देगी।



फ्री ट्रेड डील के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ब्रिटिश समकक्ष स्टार्मर।

### ब्रेग्जिट के बाद बड़ी डील

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर ने बकिंघमशायर स्थित प्रधानमंत्री के ग्रामीण आवास 'चेकर्स' में हुए हस्ताक्षर समारोह में कहा, 'यह ब्रिटेन के लिए ब्रेग्जिट के बाद का सबसे बड़ा और आर्थिक दृष्टि से सबसे अहम व्यापारिक समझौता है। इसे अब हस्ताक्षर कर दिया गया है। यह डील अब आधिकारिक रूप से सील हो चुकी है।'

### दोनों को लाभ: स्टार्मर

एफटीए एक ऐसा समझौता है, जिससे ब्रिटेन और भारत दोनों देशों को भारी लाभ होगा, वेतन में वृद्धि होगी, जीवन स्तर में सुधार होगा और कामकाजी लोगों की जेब में अधिक पैसा आएगा। यही नहीं यह समझौता नौकरियों, व्यापार के लिए अच्छा है, टैरिफ में कटौती करेगा और व्यापार को सस्ता, जल्दी और आसान बनाएगा।

### कारोबारियों को फायदा

भारत के अधिकारियों ने कहा, इस समझौते से भारतीय कारोबारियों को बड़ा फायदा होगा। साथ ही ब्रिटिश कंपनियों के लिए भारत में व्हिस्की, कार और दूसरी चीजें बेचना पहले से आसान हो जाएगा, जिससे दोनों देशों के बीच कुल व्यापार में करीब 50 फीसदी की बढ़ोतरी होगी।

### साझा समृद्धि का खाका: मोदी

इस डील पर टिप्पणी करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'यह समझौता हमारी साझी समृद्धि के लिए एक खाका है। एक ओर भारतीय वस्त्र, जूते, रत्न-आभूषण, समुद्री खाद्य और इंजीनियरिंग सामानों को यूके में बेहतर बाजार मिलेगा, वहीं भारत के लोग ब्रिटेन में बने मेडिकल उपकरणों और एयरोस्पेस पार्ट्स को किफायती कीमतों पर प्राप्त कर सकेंगे।'

### अर्थव्यवस्था: हर साल 3 लाख करोड़ का इजाफा होगा

एफटीए से दोनों देशों के बीच हर साल करीब 3 लाख करोड़ रुपए का व्यापार बढ़ने की उम्मीद है। इसके तहत अब 99 फीसदी भारतीय निर्यात पर कोई शुल्क नहीं लगेगा, जिससे भारतीय उत्पाद ब्रिटेन में और ज्यादा सस्ते होकर पहुंचेंगे। वहीं ब्रिटिश कंपनियों के लिए भी व्हिस्की, कारों और दूसरी चीजों का भारत में निर्यात करना पहले से आसान और सस्ता होगा।

### 99 फीसदी उत्पाद शुल्क फ्री

यह डील पीएम मोदी और ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर की मौजूदगी में हुई। भारत के वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और उनके ब्रिटिश समकक्ष जोनाथन रेनॉल्ड्स ने दस्तखत किए। भारतीय अधिकारियों ने बताया कि इस एफटीए से भारतीय उत्पादों को लगभग सभी सेक्टर में बड़ी राहत मिलेगी। करीब 99 फीसदी उत्पाद श्रेणियों पर पूरी तरह से शुल्क खत्म हो जाएगा, जो लगभग 100 फीसदी व्यापार मूल्य को कवर करता है। ब्रिटेन की तरफ से कहा गया कि इस समझौते से भारत के लोग अब ब्रिटिश सॉफ्ट ड्रिंक्स, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, कारें और मेडिकल उपकरण जैसी चीजें सस्ती कीमत पर खरीद सकेंगे। एफटीए लागू होने के बाद ब्रिटेन से आने वाले सामान पर औसत ड्यूटी 15 फीसदी से घटकर सिर्फ 3 फीसदी रह जाएगी।

## अनिल अंबानी की 50 कंपनियों पर ईडी की रेड

# 3000 करोड़ लोन फ्रॉड पैसों का गलत इस्तेमाल

**नई दिल्ली, जेएनएन।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप से जुड़े 35 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की। इसमें करीब 50 कंपनियां शामिल हैं। 25 से ज्यादा लोगों से भी पूछताछ की गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यस बैंक से लिए 3000 करोड़ रुपए के लोन धोखाधड़ी मामले में गुरुवार को ये रेड दिल्ली और मुंबई में हुई। ये छापेमारी पीएमएलए की धारा 17 के तहत की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक, ये कार्रवाई सीबीआई की ओर से दर्ज दो एफआईआर और सेबी, नेशनल हाउसिंग बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा और नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी (एनएफआरए) जैसी एजेंसियों से मिली जानकारी के आधार पर की गई है। सीबीआई ने दो मामलों में एफआईआर दर्ज की थी। ये मामले यस बैंक द्वारा रिलायंस होम फाइनेंस लि. और रिलायंस कॉमर्शियल फाइनेंस लि. को दिए गए दो अलग-अलग लोन से जुड़े हैं। दोनों ही मामलों में सीबीआई ने यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर का नाम लिया था। इसके बाद एक अधिकारी ने बताया कि नेशनल हाउसिंग बैंक, सेबी, नेशनल फाइनेंशियल रिपोर्टिंग अथॉरिटी और बैंक ऑफ बड़ौदा ■ शेष पृष्ठ 7 पर



### यह है मामला

मामला वर्ष 2017 से 2019 के बीच यस बैंक द्वारा अनिल अंबानी से जुड़े रिलायंस ग्रुप की कंपनियों को दिए करीब 3,000 करोड़ के लोन से जुड़ा है। ईडी की शुरुआती जांच में पता चला है कि इन लोन्स को कथित तौर पर फर्जी कंपनियों और ग्रुप की अन्य इकाइयों में डायवर्ट किया गया। यस बैंक के बड़े अधिकारियों को शायद रिश्वत दी गई है। ईडी का कहना है कि ये एक 'सोचा-समझा और सुनियोजित' प्लान था, जिसके तहत बैंकों, शेयरहोल्डर्स, निवेशकों और अन्य सार्वजनिक संस्थानों को गलत जानकारी देकर पैसे हड़पे गए। जांच में कई गड़बड़ियां पकड़ी गईं। इनमें कमजोर या बिना वेरिफिकेशन वाली कंपनियों को लोन, कई कंपनियों में एक ही डायरेक्टर और एड्रेस का इस्तेमाल, लोन से जुड़े जरूरी दस्तावेजों का न होना, फर्जी कंपनियों में पैसे ट्रांसफर करना, पुराने लोन चुकाने के लिए नए लोन देने की प्रक्रिया (लोन एवरग्रीनिंग)।

### छापे का असर, कंपनियों के शेयर धड़ाम

छापेमारी की खबर के बाद अनिल अंबानी की दो प्रमुख कंपनियों, रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस पावर के शेयरों में 5 फीसदी तक की गिरावट आई है। हालांकि, रिलायंस पावर ने कहा, इन कार्रवाइयों का कंपनी के कारोबार, वित्तीय प्रदर्शन, शेयरधारकों, कर्मचारियों या किसी अन्य हितधारक पर कोई असर नहीं पड़ा है। कंपनी ने कहा कि मीडिया रिपोर्ट्स में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड या रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड से जुड़े 10 साल पुराने लेनदेन के आरोपों की बात हो रही है। रिलायंस पावर एक अलग और स्वतंत्र लिस्टेड कंपनी है।

## संक्षिप्त खबरें

### कंबोडिया की एयरस्ट्राइक 12 थाई लोगों की मौत



**बैंकॉक, जेएनएन।** थाईलैंड, कंबोडिया के बीच गुरुवार सुबह सीमा पर गोलाबारी हुई है। कंबोडियाई सैनिकों की गोलीबारी में 12 थाई लोगों की मौत हो गई है। वहीं, 14 घायल हैं। थाईलैंड ने कंबोडिया के सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले शुरू कर दिए हैं। दोनों देशों ने एक दूसरे पर पहले हमला करने का आरोप लगाया है। कंबोडिया के विदेश मंत्रालय ने कहा कि थाई सैनिकों ने सुबह गोलीबारी की, जबकि थाई सेना ने कहा कि कंबोडिया ने पहले ड्रोन से हमला किया और फिर तोप और लंबी दूरी के बीएम 21 रॉकेटों से हमला किया। हमले को देखते हुए थाईलैंड ने बॉर्डर पर एफ-16 लड़ाकू विमान तैनात किया है। इस साल 28 मई को बॉर्डर पर दोनों देशों की सेनाओं के बीच भिड़ंत हुई थी, जिसमें एक कंबोडियाई सैनिक की मौत हो गई थी।

### चीनी सीमा के पास रूसी प्लेन क्रैश, 49 की मौत




**मास्को, जेएनएन।** रूस का एक यात्री विमान चीन की सीमा के पास क्रैश हो गया है। हादसे में विमान में सवार सभी 49 लोगों की मौत हो गई है। इसमें 43 यात्री और 6 क्रू मेंबर थे। यात्रियों में 5 बच्चे भी थे। बचावकर्मियों को टिंडा से करीब 16 किमी दूर एक पहाड़ी पर रूसी यात्री विमान का मलबा मिला है। ये विमान रूस के पूर्वी अमूर क्षेत्र में उड़ रहा था। अमूर गवर्नर वासिली ओरलोव ने बताया है कि लापता विमान अंगारा एयरलाइंस का है। लोकल इमरजेंसी मिनिस्ट्री के मुताबिक, प्लेन खाबरोवस्क, ब्लागोवेशचेंस्क होकर टिंडा जा रहा था। यह चीन की सीमा के पास है। टिंडा से पहले वह रडार से गायब हो गया।

## मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस: महाराष्ट्र सरकार पहुंची सुप्रीम कोर्ट

# सभी 12 आरोपियों को बरी करने के फैसले पर रोक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2006 के मुंबई ट्रेन बम विस्फोट मामले में सभी 12 आरोपियों को बरी करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी। हालांकि, अदालत ने आरोपियों को राहत देते हुए कहा, उन्हें फिलहाल जेल लौटने की जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया कि हाईकोर्ट के फैसले को नजीर न माना जाए। मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने मामले के सभी आरोपियों को नोटिस जारी किया और राज्य सरकार की अपील पर उनसे जवाब मांगा।

**आरोपियों को दिया नोटिस, नहीं लौटेंगे अभी जेल**

पीठ ने कहा, हमें सूचित किया गया है कि सभी प्रतिवादियों को रिहा कर दिया गया है और उन्हें वापस जेल भेजने का कोई सवाल ही नहीं उठता। हालांकि, सॉलिसिटर जनरल द्वारा कानून संबंधी बिंदु पर प्रस्तुत दलीलों पर ध्यान देते हुए हम इस बात के इच्छुक हैं कि संबंधित फैसले को मिसाल के रूप में नहीं देखा जाएगा। इसे देखते हुए विवादित फैसले पर रोक रहेगी।



### हाईकोर्ट ने आरोपियों को किया था बरी

जस्टिस अनिल किलोर और जस्टिस श्याम चांडक की विशेष पीठ ने सोमवार को सभी 12 आरोपियों को बरी करते हुए कहा था अभियोजन पक्ष उनके खिलाफ मामला साबित करने में पूरी तरह विफल रहा है और 'यह विश्वास करना कठिन है कि आरोपियों ने यह अपराध किया है।' विशेष अदालत ने इन 12 आरोपियों में से पांच को मौत की सजा और सात को उम्रकैद की सजा सुनायी थी। मौत की सजा पाने वाले एक दोषी की 2021 में मौत हो गयी थी। मुंबई की लोकल ट्रेन में विभिन्न स्थानों पर 11 जुलाई 2006 को हुए सात विस्फोटों में 180 से ज्यादा लोगों की मौत हो गयी थी।

### महाराष्ट्र सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। सुनवाई के दौरान महाराष्ट्र सरकार की ओर से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगाने का अनुरोध करते हुए कहा, इसका असर मकोका के तहत लंबित मुकदमों पर पड़ेगा।

## प्लेन क्रैश: 4 दिन बाद 112 पायलटों ने ली सिक लीव!

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद में 12 जून को एयर इंडिया प्लेन क्रैश होने के चार दिन बाद ही एयर इंडिया के सभी फ्लीट के 112 पायलटों ने बीमारी की छुट्टी यानी 'सिक लीव' ले ली थी। इस विमान में 270 से ज्यादा लोगों की जान गई थी। लोकसभा में सवाल के जवाब में नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री मुरलीधर मोहोल ने गुरुवार को पुष्टि की कि पायलटों के बीमार होने की सूचना में मामूली इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि 16 जून को छुट्टी मांगने वाले कुल पायलटों में से 61 फर्स्ट ऑफिसर या सीनियर पायलट थे, बाकी 51 कमांडर /फ्लाइट ऑफिसर थे। मंत्री ने लिखित में जवाब में कहा, एयर इंडिया ने एआई-171 दुर्घटना के बाद सभी फ्लीट के पायलटों की ओर से दी गई।

# क्रेन ऑपरेटर बनकर इंदौर में रह रहा बब्बर खालसा का आतंकी गिरफ्तार

### पंजाब में थाने पर किया था रॉकेट लॉन्चर से हमला, दिल्ली स्पेशल सेल की कार्रवाई

**जागरण, इंदौर।** पंजाब के एक थाने में रॉकेट लॉन्चर से हमला करने वाला आरोपी बब्बर खालसा का आतंकी इंदौर में क्रेन ऑपरेटर बनकर पनाह लिए था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने उसे गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, पंजाब से भागकर वह पहले गुजरात पहुंचा। इसके बाद इंदौर में क्रेन ऑपरेटर बनकर छिपा था। पुलिस का कहना है कि वह सोशल मीडिया के जरिए आतंकी संगठन के संपर्क में था। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के डीसीपी अमित कौशिक ने बताया- ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### विदेश में बैठे आतंकी हैंडलर से संपर्क में था



दिल्ली पुलिस के मुताबिक, आकाशदीप बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े एक विदेशी हैंडलर के संपर्क में था, जो उसे सोशल मीडिया ऐप के माध्यम से आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए निर्देश दे रहा था। स्पेशल सेल को आकाशदीप के गुजरात में होने का सुराग मिला था। वहां पड़ताल में उसके इंदौर में होने की पुष्टि हुई। इसके बाद इंस्पेक्टर अशोक कुमार भड़ाना के नेतृत्व में एक टीम इंदौर पहुंची थी। आकाशदीप से पूछताछ में आतंकी नेटवर्क, उसके विदेशी संपर्क और फंडिंग के खुलासे की उम्मीद है।

## आचारपुरा में औद्योगिकों इकाइयों के भूमिपूजन पर सीएम ने की घोषणा

# श्रमिकों को हर माह 5 हजार प्रोत्साहन राशि

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सूबे में रोजगार और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने के लिए सरकार कई अहम कदम उठा रही है। सरकार ने फैसला किया है कि औद्योगिक श्रमिकों को भी 5000 प्रतिमाह की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजधानी के आचारपुरा में औद्योगिक ईकाइयों के भूमिपूजन कार्यक्रम में कही।

सीएम डॉ.यादव ने कहा कि जब जब पूंजी और मेहनत एक साथ आती है, तो उसकी सुगंध पूरी दुनिया में फैलती है। मेहनत के मंदिर ये कारखाने हैं, जो लोगों की जिंदगी में आनंद, समृद्धि भर रहे हैं। हमारे कपड़े आचारपुरा में बनते हैं और उन्हें पहनने वाले ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### वनों में चिड़ियाघर और रेस्क्यू सेंटर खुलेंगे

डॉ. यादव ने कहा, राज्य वन विकास निगम द्वारा विकसित वनों के प्रबंधन और आगामी कार्ययोजना के बारे में विचार मंथन की जरूरत है। सरकार प्रदेश के वनों में जू (चिड़ियाघर) और वन्य प्राणियों के रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने प्रदेश में सांपों से हो रही मौतों पर चिंता जताई। राज्य वन विकास निगम की स्थापना के 50वें वर्ष के उपलक्ष्य में भारतीय वन प्रबंधन संस्थान में राष्ट्रीय कार्यशाला में सीएम ने कहा, प्रदेश में खनन गतिविधियों और बिजली उत्पादन की प्रक्रिया में बने राख के पहाड़ों पर वनों को विकसित करने की चुनौती स्वीकार कर निगम ने वन संपदा को पुनर्स्थापित किया है। प्रदेश के तीन लाख 15 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में वनों का पुनर्वास करना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने वन विकास निगम के केंद्रों में ईको टूरिज्म गतिविधियां संचालित करने का सुझाव दिया। सीएम ने कहा, सर्पदंश से होने वाली मौतों को कम करने के लिए सरकार योजनाओं पर कार्य कर रही है। प्रदेश में सर्प गणना की तैयारी हो रही है।



## नाबालिग को होटलों में ले जाने वाली टीचर को बेल

**मुंबई, जेएनएन।** नाबालिग छात्र के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार हुई मुंबई की एक शिक्षिका को बेल मिल गई है। मुंबई की एक कोर्ट ने सबूतों के आधार पर कहा, दोनों के बीच सहमति से संबंध बने थे। टीचर पर आरोप थे कि उसने कई मौकों पर फाइव स्टार होटल ले जाकर नाबालिग छात्र का यौन शोषण किया है। अदालत ने जमानत देते समय आरोपी शिक्षिका पर पीड़ित से किसी तरह का संबंध नहीं साधने की शर्तें लगाई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, स्पेशल पॉक्सो कोर्ट ने आदेश में कहा है कि सबूत दिखाते हैं दोनों के बीच सहमति से संबंध थे। स्पेशल जज सबीना मलिक ने कहा, आरोपी ने स्कूल से इस्तीफा दे दिया था, तो छात्र और शिक्षिका के बीच संबंध की बात नहीं है। ऐसे में प्रभाव उतना नहीं है।

## न्यायपालिका | मप्र हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की बर्खास्तगी की रद्द, 5 लाख मुआवजा देने के निर्देश

# हाईकोर्ट और जिला जजों के बीच रिश्ते 'सामंत-गुलाम' जैसे

**जबलपुर, जेएनएन।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने जिला कोर्ट के एक विशेष न्यायाधीश की बर्खास्तगी को रद्द करते हुए हाईकोर्ट के जजों और जिला जजों के बीच 'खराब रिश्ते' की आलोचना की और इसे सामंत और दास के बीच के रिश्ते जैसा बताया। हाईकोर्ट के हाथों निचली अदालतों के जजों द्वारा झेले जा रहे मनोवैज्ञानिक दमन की निंदा करते हुए कोर्ट ने न्यायिक अधिकारी को 'घोर अन्याय' के लिए 5 लाख रुपए का मुआवजा दिया है।

जस्टिस अतुल श्रीधरन और जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की खंडपीठ ने कहा, एक 'अहंकारी' हाईकोर्ट छोटी-छोटी गलतियों के लिए 'जिला कोर्ट को फटकार' लगाने की कोशिश करता है, जिससे जिला कोर्ट को सजा का निरंतर, भयावह डर बना रहता है। पीठ ने कहा, इससे न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। पीठ ने टिप्पणी की, हाईकोर्ट के न्यायाधीशों और जिला कोर्ट के जजों के बीच का निराशाजनक रिश्ता एक सामंत और दास के बीच जैसा है।

जिला कोर्ट के जजों की शारीरिक भाषा, जब वे हाईकोर्ट के जज का अभिवादन करते हैं, हाईकोर्ट के जज के सामने गिड़गिड़ाने जैसी होती है..। जिला कोर्ट के जजों द्वारा रेलवे प्लेटफॉर्म पर हाईकोर्ट के जजों (जैसा कि वे चाहते हैं) से व्यक्तिगत रूप से मिलने और उनके लिए जलपान की व्यवस्था करने के उदाहरण आम हैं..।

हाईकोर्ट की रजिस्ट्री में प्रतिनियुक्ति पर आए जिला कोर्ट के जजों को हाईकोर्ट के जज लगभग कभी भी बैठने की पेशकश नहीं करते हैं और जब कभी उन्हें ऐसा करने का मौका मिलता है, तो वे हाईकोर्ट के जज के सामने बैठने में हिचकिचाते हैं।...राज्य में जिला कोर्ट और हाईकोर्ट के बीच का संबंध एक-दूसरे के प्रति पारस्परिक सम्मान पर आधारित नहीं है, बल्कि ऐसा है, जहां एक द्वारा दूसरे के अवचेतन में जानबूझकर भय और हीनता की भावना भर दी जाती है। हाईकोर्ट ने कहा, अवचेतन स्तर पर 'जाति व्यवस्था' की छाया राज्य के न्यायिक ढांचे में प्रकट होती है, जहां हाईकोर्ट के जज 'सवर्ण' हैं और जिला कोर्ट के शूद्र जैसे दयनीय हैं। यह जिला कोर्ट के जजों की घोर उदासीनता में परिलक्षित होता है। कोर्ट ने कहा है...इससे जिला कोर्ट पर निष्क्रिय दबाव बढ़ता है और वह मानसिक रूप से कमजोर हो जाती है, जिसका असर अंततः उनके न्यायिक कार्यों पर पड़ता है, जहां सबसे जरूरी मामलों में भी जमानत नहीं दी जाती। अभियोजन पक्ष को संदेह का लाभ देकर सबूतों के अभाव में दोषसिद्धि दर्ज कर ली जाती है और आरोप ऐसे तय किए जाते हैं मानो दोषमुक्त करने का अधिकार ही न हो। यह सब नौकरी बचाने के नाम पर किया जाता है, जिसका खामियाजा इस मामले में याचिकाकर्ता को भुगतना पड़ा, क्योंकि उन्होंने अलग तरह से सोचा और काम किया। अदालत ने न्यायिक अधिकारी की सेवाओं को समाप्त करने के आदेश को रद्द कर दिया और उस न्यायिक अधिकारी को पेंशन संबंधी लाभ बहाल कर दिए जो इस बीच सेवानिवृत्त हो चुके थे।



कोर्ट ने याचिका स्वीकार करते हुए विवादित आदेश रद्द कर दिया। याचिकाकर्ता इस बीच सेवा से

### याचिकाकर्ता विशेष न्यायाधीश को बड़ी राहत

सेवानिवृत्त हो चुका है। हालांकि, उसके साथ हुए घोर अन्याय के कारण उसके पेंशन संबंधी लाभों को बहाल करने के अलावा यह भी निर्देश देता है कि उसे सेवा समाप्ति की तिथि से लेकर सेवानिवृत्ति की तिथि तक का बकाया वेतन 7 फीसदी ब्याज सहित दिया जाए। केवल न्यायिक आदेश पारित करने के कारण भ्रष्टाचार की प्रबल संभावना के बावजूद रिकॉर्ड पर एक कण भी सबूत न आने के कारण उसे समाज में जो अपमान सहना पड़ा, उसे देखते हुए यह कोर्ट याचिकाकर्ता को 5 लाख रुपए का मुआवजा आवश्यक समझता है, जिसे प्रतिवादियों के बीच साझा किया जाएगा।

## भाजपा नेता ने दी गड़रा कांड दोहराने की धमकी

# आदिवासी हैं, मारेंगे तो थाने तक नहीं पहुंच पाएगी पुलिस

**जागरण, रीवा।** मऊगंज के गड़रा गांव में हुई वीभत्स घटना एक बार विंध्य क्षेत्र में गूंज रही है। आदिवासियों ने घेरकर एक पुलिस अधिकारी की हत्या कर दी थी, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। अब गड़रा जैसे वारदात की धमकी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने दी है। भाजपा नेता ने पुलिस को धमकाते हुए कहा, हम आदिवासी हैं, मारेंगे तो उठकर पुलिस स्टेशन तक नहीं जा पाओगे। हम गड़रा जैसी घटना कर सकते हैं, इस पर शक मत करना। गड़रा कांड के आरोपी हमारे रिश्तेदार हैं।

**आदिवासियों ने घेर कर की थी पुलिस कर्मी की हत्या**

पुलिस को गड़रा कांड याद दिलाते हुए यह चुनौती भाजपा हनुमना मंडल के पूर्व महामंत्री संतोष कोल ने सोशल मीडिया पर दी है। पोस्ट में भाजपा नेता ने पुलिस पर सवाल उठाते हुए लिखा, पुलिस वाले आदिवासी की कॉल नहीं उठाते हैं, पुलिसवालों को मारना आदिवासियों की मजबूरी है। बता दें गड़रा में 15 मार्च को ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को बंधक बनाकर पीटा था। एएसआई की पत्थर से हत्या कर दी थी। इसके बाद पडरा महीनों पुलिस छावनी बना रहा। इसके बाद डीआईजी, एसपी, कलेक्टर को हटाना पड़ा। भाजपा नेता संतोष कोल विधायक प्रदीप पटेल का करीबी बताया जाता है। उसकी विधायक के साथ कई तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हैं। बताया जाता है कि हनुमना के एक मामले में पुलिस के नहीं पहुंचने को लेकर आदिवासियों में नाराजगी है।

# ग्राम पंचायत देवरी में सचिव नदारद ग्रामीण बेहाल, प्रशासन मौन

जागरण, मैहर

ग्राम पंचायत देवरी में महीनों से पंचायत सचिव नियुक्त नहीं किया गया है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर मैहर एसडीएम और जनपद सीईओ को कई बार लिखित में शिकायत कर सचिव नियुक्त करने की मांग की लेकिन प्रशासन ने अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी पंचायत में बार.बार सचिव बदले जाते रहे हैं लेकिन वर्तमान में पूरी तरह से सचिव विहीन स्थिति बनी हुई है। न तो किसी योजना का क्रियान्वयन हो पा रहा है और न ही प्रमाण पत्र या अन्य जरूरी कार्य। मनरेगा भुगतान पेंशन प्रक्रिया जन्म.मृत्यु प्रमाणपत्र जैसी मूलभूत सुविधाएं ठप पड़ी हैं।स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सवाल उठाया है कि जब उन्हें बार.बार समस्या से अवगत कराया गया तो अब तक देवरी पंचायत को सचिव क्यों नहीं मिला। क्या ग्रामीणों की समस्याओं का मैहर प्रशासन के पास कोई समाधान नहीं। गांव के बुजुर्गों से लेकर युवाओं तक सभी त्रस्त हैं और अब जनप्रतिनिधियों से लेकर ज़िला प्रशासन तक जवाबदेही तय करने की मांग कर रहे हैं। यदि जल्द ही सचिव की नियुक्ति नहीं की गई तो ग्रामीण आंदोलन की चेतावनी भी दे रहे हैं।देवरी की जनता जवाब मांग रही है।

देवरी ग्राम पंचायत सरपंच के कारण सब हो रहा है पहले सचिव ईमानदार आए थे जो उन्हें रास नहीं आए घटिया निर्माण और राशि पहले निकालने वाले सचिव सरपंच को चाहिए सचिव न होने से बूढ़े जवान छात्र सबको दिक्कत हो रही है।

**पवन उर्मलिया ग्रामीण**

देवरी पंचायत में सचिव न होने की जानकारी मिली है सचिव मिले इसका प्रस्ताव जिला पंचायत सतना भेज दिया गया है जल्द सचिव उपलब्ध होंगे।

**प्रतिपाल बागरी**
**जनपद सीईओ मैहर**

## एक लाख से अधिक युवाओं को किया प्रशिक्षित

**सतना।** विश्व युवा कौशल दिवस पर एडहेसिव सीलेंट कंस्ट्रक्शन कैमिकल्स और आर्ट मैटीरियल्स की अग्रणी निर्माता कंपनी पिडिलाइट इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वोकेशनल ट्रेनिंग और डिजिटल इनोवेशन के माध्यम से भारत के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत के कंस्ट्रक्शन और रियल एस्टेट क्षेत्रों में 2030 तक 3 करोड़ रोजगार सृजित होने का अनुमान हैए और इस ग्रोथ को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए एक कुशल वर्कफोर्स आवश्यक होगा। पिडिलाइट ने अपनी विभिन्न स्किल बिल्डिंग पहलों के माध्यम से पिछले कुछ वर्षों में 1 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है। युवा प्लंबिंगए वाटर प्रूफिंगए वुडवर्किंगए कंस्ट्रक्शनए आर्गेनिक फॉर्मिंग यानि जैविक खेतीए इंटीरियर डिजाइनए आर्ट एंड क्रॉफ्ट और सजावट जैसे अलग अलग व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। पिडिलाइट में हमारा मानना है कि नए नए स्किल्स को सीखना न सिर्फन रोजगारों का रास्ता खोलता है बल्कि ये राष्ट्र निर्माण का मूल आधार है। जैसे.जैसे भारत 2047 में अपनी शताब्दी वर्षगांठ की ओर बढ़ रहा हैए हमें अपने युवाओं को व्यावहारिक क्षमताओं और भविष्य के लिए तैयार ज्ञानए दोनों से सुसज्जित करना होगा।

# वर्षा ऋतु में उबाल कर पानी का सेवन करें

## आयुर्वेद चिकित्सालय की आरएमओ डॉ निधि तिवारी ने बताये बचाव के तरीके



**जागरण सतना।** वर्षा ऋतु के दौरान लोगो को तरह-तरह की बीमारियों का सामान करना पड़ता है। इस दौरान खुजली, बुखार, बदन दर्द, सर्दी जुखाम , सहित अन्य बीमारियॉ पनपती है। इन बीमारियों से बचने के लिए आम जनमानस को क्या करना चाहिए इस बात की चर्चा जब जागरण प्रतिनिधि ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय की आरएमओ डॉ निधि तिवारी से की तो उन्होने बड़े बेवाकी से कहा कि सबसे पहले तो लोगो को वर्षा ऋतु के दौरान पानी उबालकर ही पीना चाहिए। पानी की गड़बड़ी के चलते कई तरह की बीमारियों का सामना लोगो को करना पड़ता है। उन्होने कहा कि वर्षा काल के दौरान लोगो को खुजली, बुखार, बदन दर्द, सर्दी जुखाम , सहित अन्य बीमारियॉ हो जाती है। जिससे बचने के लिए प्रयास किये जाने चाहिए । डॉ निधि तिवारी ने बताया कि यदि किसी को चर्म रोग या खुजली इस दौरान हो रही है तो उन्हे नीम की पत्तियो से उबले हुये पानी को ठंडा कर स्नान करना चाहिए। बुखार के लिए भी आयुर्वेद में दवाए उपलब्ध है।

### पानी में भीगने से बचें

जिला आयुर्वेद चिकित्सालय की आरएमओ डॉ निधि तिवारी ने कहा कि लोगो को बरसात के पानी में नही भीगना चाहिए क्योकि इससे सर्दी जुखाम और बुखार एवं गला खराब होने की समस्या निर्मित हो जाती है।

### पंचकर्म की दी जा रही सुविधाएं

जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में बात एवं अन्य तरह के होने वाले दर्द से निवारण के लिए यहां पर निःशुल्क रूप से पंचकर्म की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अस्पताल में बात रोग के लिए सेकाई एवं भाप के माध्यम से उपचार दिया जाता है। उन्होने बताया कि कम से कम 5 से 7 दिन तक सेकाई करने पर ही लाभ मिल सकेगा। आयुष आपके द्वार कार्यक्रम की जानकारी देते हुये डॉ निधि तिवारी ने बताया कि यह अभियान जुलाई से संचालित किया जा रहा है। जिसमें अस्पताल के स्टाफ द्वारा मौसमी बीमारियों से संबंधित दवाईया घर पर जाकर उपलब्ध कराई जा रही है।

# सरस्वती विद्यालय की पूर्व छात्रा ने दिया करियर गाइडेंस



**जागरण सतना।** सरस्वती शिशु मंदिर रामपुर बाघेलान की पूर्व छात्रा 2004 बैच की निवेदिता चतुर्वेदी के द्वारा आज कक्षा नवम से द्वादश के भैया बहनों का करियर गाइडेंस किया गया जिसका विषय था अपने बेहतर भविष्य को ध्यान में रखकर पढ़े । निवेदिता वर्तमान में श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेजेज़ मुज़फ्फरनगर उत्तर प्रदेश के प्रबंधन अध्ययन विभाग में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं । आपके द्वारा 5 पुस्तक अध्याय 2 अंतरराष्ट्रीय शोध पत्रए तथा 5 से अधिक राष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित किए जा चुके हैं साथ ही आपने 3 पुस्तकें संपादित की हैं। इस वर्ष श्री राम ग्रुप ऑफ कॉलेज द्वारा आपको ब्रांड मेकिंग अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। कार्यक्रम के दौरान निवेदिता ने समय प्रबंधन अपने लक्ष्य निर्धारण एवं लक्ष्य प्राप्ति के दौरान उचित मार्गदर्शन के महत्व को समझाया। साथ ही आज के समय में एआई के दुरुपयोग से बचने और मोबाइल का सकारात्मक प्रयोग करने संबंधी विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया । बच्चों के द्वारा करियर संबंधित कई प्रश्न पूछे गए जिसमें उचित मार्गदर्शन किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति अध्यक्ष अशोक सिंह एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व छात्र व पार्षद शिवांक त्रिपाठी व्यवस्थापक पंकज सोनी प्राचार्य सूर्यमणि त्रिपाठी उपस्थित रहे साथ ही सभी आचार्य दीदियां एवं भैया बहन उपस्थित रहे।

# पौधों को बच्चों की तरह करेंगे तैयार



**जागरण सतना।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉक्टर राजेश तिवारी के दिशा निर्देशन एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती ममता सिंह के मार्गदर्शन में सेक्टर 1 एन पी पांडेय एजुकेशन सोसाइटी द्वारा नवांकुर सखी का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमेश मिश्रा अध्यक्षता राजेंद्र गौतम विशिष्ट अतिथि के रूप में बृजेंद्र सिंह निर्मला मिश्रा उषा मिश्रा एवं विकासखंड समन्वयक ममता सिंह उपस्थित रहीं।आयोजित कार्यक्रम में कलश यात्रा कलश पूजन अतिथियों का स्वागत अतिथियों का उद्बोधन एवं महिलाओं को वृक्ष प्रदान किए गए ।कार्यक्रम की शुरुआत नामांकन सखी में कलश के हनुमान मंदिर से बस्ती तिराहा से हनुमान मंदिर तक रैली निकाल कर संदेश दिया गया। अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्य प्रदेश ने अभियान परिषद लंबे समय से समाज के भिन्न.भिन्न पहले कार्य करते हुए इस मुकाम तक आज पहुंच पाया है कि पूरे प्रदेश में एक साथ नवांकुर सखी हरियाली का आयोजन एक साथ कर रहा है और एकसाथ सम्मान स्थापित करने जा रहा है कार्यक्रम में अन्य अतिथियों द्वारा अपने विचार रखे गए जिसमें बृजेंद्र सिंह द्वारा कार्यक्रम में महिलाओं की उपस्थिति भागीदारी और वृक्षारोपण को लेकर संबंधित सुझाव दिए गए इसके साथ में ममता सिंह द्वारा कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड समन्वयक ममता सिंह बृजेंद्र सिंह रामशरण सिंह श्रीकांत मिश्रा नरेंद्र पांडेय राम प्रकाश त्रिपाठी निर्मला मिश्रा उषा मिश्रा रामाश्रय सिंह संजू मिश्रा सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपा ने बनाये दो मंडल अध्यक्ष



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की अनुशंसा और भाजपा जिला अध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय की सहमति से सतना जिले के दो मंडलों में नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता ने बताया कि सतना विधानसभा के दीनदयाल उपाध्याय मंडल के अध्यक्ष पद पर संजय अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। वहीं रामपुर बघेलान के छिबौरा मंडल के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह को सौंपी गई है। दोनों नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को संगठन ने बधाई देते हुए पार्टी कार्यों को और सशक्त करने का आह्वान किया है। पार्टी में इस नियुक्ति से उत्साह का माहौल देखा जा रहा है।

## महापौर आज करेंगे पौधारोपण

**जागरण सतना।** एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान अंतर्गत महापौर योगेश ताम्रकार द्वारा 21 हजार पौधों के पौध रोपण का संकल्प लिया गया है। उपरोक्त के क्रम में इस अभियान को गति देने के लिए हम सब मिलकर इस पुनीत प्रयास को सफल बनाएं और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी निभाएं। आप सपरिवार एवं अपने इष्टमित्रों सहित पधारेंए अपने कर.कमलों से एक पौधा रोपित कर इस अभियान में सहयोग करें।

## डॉ राकेश मिश्र आज आयेंगे



**जागरण सतना।** गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ राकेश मिश्रा आज आनंद बिहार एक्सप्रेस से सतना आयेगें। सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने बताया है कि डॉ राकेश मिश्र तीन दिवसीय प्रवास पर शुक्रवार को सतना पहुंच रहे हैं। इस दौरान प्रमुख रूप से सेवा न्यास कार्यालय नेह निकुंज बम्हनगवां में 45वें स्वास्थ्य शिविर की तैयारियों व व्यवस्थाओं की बैठक में कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम में शामिल होंगे। तदउपरांत कार्यक्रम स्थल सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कृष्ण नगर का निरीक्षण करेंगे एवं सायं चार बजे बैठक करेंगे। सेवा न्यास के मीडिया प्रमुख राजेश त्रिपाठी नीलू ने आगे बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय निरूशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का नहीं करें उपयोग

### निर्धारित स्थल के अलावा कचरा फेंका तो होगी कार्यवाही



**सतना।** नगर पालिक निगम सतना की सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट टीम द्वारा 24 जुलाई को रेलवे स्टेशन, बिहारी चौक, रामनटोला एवं बजरहा टोला पर प्रतिदिन बनने वाले कचरा संवेदनशील स्थान को चिन्हित कर सफाई करवाई जा रही हैं। आस पास स्थित दुकानदारों को समझाया गया कि दुकान से निकलने वाला कचरे को कचरा गाड़ी में निर्धारित स्थान में ही डालें। अन्य किसी स्थान पर कचरा फेंकने पर तुरंत चालान की कार्यवाही की जाएगी। साथ ही हिदायत दी गई कि निगम द्वारा प्रतिबंधित सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग ना करे और ना किसी को करने दें।

## ग्रामोदय के 6 पर्यावरण छात्रों का विभिन्न राज्यों में हुआ चयन

**सतना।** महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अंतर्गत संचालित ऊर्जा एवं पर्यावरण विभाग के 2024.25 सत्र के परास्नातक उत्तीर्ण छात्रों का चयन भारत के विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित संस्थानों में हुआ है। कुलगुरु प्रो भरत मिश्रा ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया है। चयनित छात्रों में धीरज कुशवाहाए कोठी का चयन सिगमा टेस्ट एंड रिसर्च सेंटर नई दिल्ली में केमिस्ट के पद पर अजय कुमार मिश्राए बदौसा का चयन फेयर लैब्स प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव में सैंपलिंग एक्सक्यूटिव के पद परए तरुण सिंहए फतेहपुर और आदित्य चौहान का चयन जे एम इनवायरो प्राइवेट लिमिटेड गुड़गांव में केमिस्ट के पद परए सुभाष जैतवारा और रितेश पांडेयए छेहरिया का चयन एनवायरो कैलिब्रेशन प्राइवेट लिमिटेड भिवाड़ी है।

## 26 को सिंहपुर आयेंगे मुख्यमंत्री, महिला सम्मेलन को करंगे सम्बोधित



**जागरण सतना।** 26 जुलाई को रैगांव विधानसभा के सिंहपुर मंडल में आयोजित होने वाले महिला सम्मेलन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मुख्य वक्ता होंगे। इस महत्त्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय सतना में बैठक आयोजित की गई जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा और कार्य विभाजन पर चर्चा हुई। बैठक में राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं जबकि अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पंडित भगवती प्रसाद पाण्डेय ने की। बैठक में पदाधिकारियों के बीच कार्यों का जिम्मा सौंपा गया और मुख्यमंत्री की आगमन को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। बैठक का 'संचालन जिला महामंत्री ऋषभ सिंह ने किया और आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री रमाकांत गौतम' ने किया।

# सज्जनपुर विद्यालय में बच्चों को भेंट किये गए स्कूल बैग



**जागरण सतना।** शिक्षा के प्रति बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने महेंद्रा ग्रुप्स एवं स्टार ऑटोमोबाइल्स सतना के संयुक्त तत्वावधान में सज्जनपुर सरपंच मुकेश सिंह परिहार की प्रेरणा से सज्जनपुर स्थित शासकीय विद्यालय में एक विशेष कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को शिक्षा एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित कराना था। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर प्राचार्या बिभा शुक्ला की अध्यक्षता मे महेंद्रा ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार, जोनल मैंनेजर गौरव व्यवहर, तबरेज अंसारी वैभव खेमकर श्रीकांत राय सागर उपाध्याय एवं रमेश सिंह डायरेक्टर स्टार ऑटोमोबाइल सतना दुष्यंत सिंह डायरेक्टर भोपाल जोन रेवंत सिंह डायरेक्टर दिल्ली जोन ने छात्र.छात्राओं को शिक्षण सामग्री में स्कूल बैग स्टेशनरी किट वितरित की गई एवं अतिथियों द्वारा उद्बोधन के माध्यम से छात्र छात्राओं को शैक्षणिक उपलब्धियों मे उत्कृष्टता हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर महेंद्रा ग्रुप के वाइस प्रेसिडेंट पवन कुमार ने कहा महेंद्रा ग्रुप्स हमेशा से ही समाज के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध रहा है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में हम निरंतर योगदान देते रहेंगे।इस अवसर पर विद्यालय परिवार से प्राचार्य बिभा शुक्ला के साथ राजीव लोचन अग्निहोत्री, राविन्द्र श्रीवास्तव रामकृष्ण गुप्ता शैलेन्द्र सिंह बघेल संतोष नागर राकेश मिश्रा राकेश तिवारी पूजा सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# 80 प्रतिशत से कम प्रगति मिली तो सीएचओ का कटेगा 7 दिन का मानदेय

## सीएमएचओ डॉ तिवारी ने समीक्षा कर दिये सख्त निर्देश



**जागरण सतना।** हेल्थ वेलनेस सेंटर में पदस्थ सीएचओ की लापरवाह कार्यशैली को देखते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एल के तिवारी ने जहां गहरी नाराजगी जाहिर की है। वहीं उन्होने कहा कि यदि सीएचओ के कार्यो की प्रगति 80 प्रतिशत से कम मिली तो एक सप्ताह का वेतन काटा जायेगा। उन्होने स्पष्ट शब्दो में अंतिम चेतावनी देते हुये कहा कि इसके पूर्व भी सीएचओ को चेतावनी दी गई थी मगर इसके बाद भी इनकी कार्यशैली में कोई सुधार नही हुआ जिसके चलते अब एक सप्ताह में फिर समीक्षा कर उनकी प्रगति जांची जायेगी। ये निर्देश डॉ एल के तिवारी ने सतना और मैहर जिले में पदस्थ सभी सीएचओ को दिये है। उन्होने कहा कि उप स्वास्थ्य केन्द्रो में व्यापक स्तर की सेवा प्रदायगी के लिए सीएचओ , एएनएम एम डब्ल्यू एवं आशा के दल को सेवाए देना सुनिश्चित करना उपास्वास्थ्य केन्द्रो में 12 प्रकार की सेवाए दी जानी है।

**अनुमोल , आयुष्मान , एनसीडी व निक्षय कार्यक्रम में फिसड्डी :** सीएमएचओ डॉ तिवारी ने सतना व मैहर की सभी सीएचओ को पत्र जारी कर कहा है कि निक्षय कार्यक्रम के अतंर्गत जो लक्ष्य दिया गया है। उस पर भी सत्प्रतिशत स्क्रीनिंग कर आईडी नही बनाई गई। एनसीडीपी पोर्टल पर प्रथम द्वितीय , तिमाही में मरीजो की स्क्रीनिंग की जानी थी लक्ष्य दिया गया था मगर स्क्रीनिंग व लाइन लिस्टिंग नही की गई। आयुष्मान , आरोग्य पोर्टल पर रोज ओपीडी , वेलनेस , जनआरोग्य समिति की मासिक बैठक सहित अन्य एंट्री नियिमित रूप से नही की जा रही अनमोल पोर्टल में समस्त गर्भवती महिलाओ का रजिस्ट्रेशन एवं पंजीयन , माडरेट एनीमिया, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओ की एंट्री सतप्रतिशत नही की जा रही है।

# प्रतिभाशाली बच्चों को श्रेष्ठ संस्थानों में प्रवेश के लिए निःशुल्क कोचिंग व्यवस्था

## 26 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

**पन्ना।** स्कूल शिक्षा विभाग प्रतिभाशाली बच्चों को देश के श्रेष्ठ संस्थानों में प्रवेश की कोचिंग के लिए सुपर 100 योजना संचालित कर रहा है। कोचिंग के लिए चयनित बच्चों को विभाग शासकीय सुभाष उ.मा. विद्यालय भोपाल और शासकीय मल्हार आश्रम उ.मा. विद्यालय इंदौर में निःशुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा भी उपलब्ध करा रहा है। इस योजना के माध्यम से अनेक बच्चों को देश के चयनित इंजीनियरिंग, मेडिकल, लॉ और मैनेजमेंट से जुड़े कॉलेजों में प्रवेश मिला है।

सुपर 100 योजना में मेधावी विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निरूशुल्क कोचिंग प्रदान किए जाने की व्यवस्था है। इस योजना में शासकीय विद्यालयों में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षा के माध्यम से चयन किया जाता है। इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन 26 जुलाई तक किए जा सकते हैं। परीक्षा की तिथि 3 अगस्त 2025, रविवार निर्धारित है। प्रथम पाली में जेईई के लिये और द्वितीय पाली में नीट की परीक्षा होगी। परीक्षा केन्द्र जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में बनाये गये हैं। परीक्षा फार्म शुल्क 200 रूपये प्रति छात्र निर्धारित है। पिछले वर्ष इंदौर और भोपाल के सुभाष उ.मा. विद्यालय में करीब 300-300 विद्यार्थियों को निःशुल्क कोचिंग के साथ आवासीय सुविधा दिलाई गई थी। चयनित बच्चों को निःशुल्क छात्रावास सुविधा, आधुनिक प्रयोगशाला, स्मार्ट एवं वर्चुअल क्लासेस और बच्चों को करियर काउंसलिंग की बेहतर व्यवस्था रहती है। सुपर 100 योजना के माध्यम से बच्चों को एम्स, आईआईटी के साथ देशभर के अनेक कॉलेजों में प्रवेश मिला है। लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारियों को चयन प्रतियोगी परीक्षा में अधिक से अधिक छात्र शामिल हो सकें, इसके लिये योजना की जानकारी दिये जाने के निर्देश दिये हैं।

## नरवाई प्रबंधन यंत्र क्रय के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**पन्ना।** कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा डीबीटी योजना के तहत कृषकों से नरवाई प्रबंधन में उपयोगी यंत्र जैसे हैप्पी सीडर, सुपर सीडर एवं स्मॉर्ट सीडर क्रय के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। पोर्टल पर 24 जुलाई से आवेदन प्रारंभ है। हैप्पी सीडर पर अधिकतम 86 हजार 400 रुपए, सुपर सीडर पर 1 लाख 20 हजार रुपए तथा स्मार्ट सीडर पर 90 हजार 200 रुपए अनुदान मिल सकेगा। इन मशीनों के उपयोग से नरवाई जलाने की आवश्यकता नहीं रहती, बल्कि फसल अवशेष सीधे मिट्टी में मिल जाते हैं। इसके अलावा बोनी का कार्य भी एक साथ हो जाता है। सहायक कृषि यंत्री ने बताया कि आवेदन के लिए आधार कार्ड, बी-1 की कॉपी, 45 एचपी से अधिक क्षमता के ट्रैक्टर का पंजीयन प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के लिए जाति प्रमाण पत्र, कृषक के बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्वयं के खाते से बना 4500 रुपए का डिमांड ड्राफ्ट जरूरी है।

# एमएलवी स्कूल में साक्षरता जागरूकता सेमीनार का हुआ आयोजन



**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय समाज सेवी संस्था रोटरी क्लब सतना द्वारा स्थानीय एम एल बी स्कूल स्टेशन रोड में छात्राओं के लिए एक साक्षरता जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य विषय समय का प्रबंधन और सदुपयोग पर विस्तृत चर्चा कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सत्येंद्र शर्मा द्वारा सभी छात्राओ शिक्षक और अन्य उपस्थित सभी क्लब के सदस्यों को दी गयी। समय को कैसे बचानाए समय का सही उपयोग और इसके क्या मायने है सभी को इस बारे में जानकारी दी गयी द्यउक्त कार्यक्रम निचित ही एक प्रेरणादायक सबक सबके लिए रहा और सब ने कुछ न कुछ तो जरूर इससे सीखकर अपने जीवन मे इसे एक मूलमंत्र मानकर समय की उपयोगिता को बेहतर रूप से धारण करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक रोटे डॉ सुशील शर्मा और रोटे रवि शंकर गौरी रहे जिनके प्रयास से यह कार्यक्रम एक व्यवस्थित रूप और सही जगह हो पाया।

दैनिक जागरण रीवा 25 जुलाई 2025 www.dainikjagranmpcg.com

सीधी जागरण

11 राज्य 31 संस्करण

सूर्य उदय - अस्त
06.27 अस्त : आज
05.34 उदय : कल

शहर का तापमान
34.0° अधिकतम
22.0° न्यूनतम

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित



# निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा समय-सीमा का पालन करें: प्रभारी मंत्री

जागरण समीक्षा



## प्रभारी मंत्री ने की योजनाओं तथा निर्माण कार्यों की समीक्षा

### वन विभाग की स्वीकृतियों तथा भू-अर्जन में विभागीय समन्वय से कार्य करने निर्देश





जागरण, सीधी

प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधोसंरचना विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें। निर्माण कार्यों से संबंधित वन विभाग की स्वीकृतियों तथा भू-अर्जन के प्रकरणों में विभागीय समन्वय स्थापित कर तत्परता से कार्यवाही करें। बैठक में विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक, धौहनी कुंवर सिंह टेकाम तथा सिहावल विश्वामित्र पाठक द्वारा क्षेत्र की समस्याओं के प्रति ध्यान आकृष्ट कराते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रभारी मंत्री ने कार्यपालन यंत्री को कड़े निर्देश दिए है कि एक सप्ताह में वन विभाग की अनुमतियों से जुड़े समस्त प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज कराएं तथा भू-अर्जन के प्रकरणों में भी कार्यवाही कर अवगत कराएं। प्रभारी मंत्री ने मझौली बायपास में आवश्यक मरम्मत कर उसे चलने योग्य बनाने तथा भू-अर्जन में लापरवाही करने वाले उपयंत्री के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। खाम्ह-गिजवार मार्ग में गुणवत्ता विहीन कार्य की जांच कर उसे पुनः सही ढंग से कराने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने सीधी रिंग रोड, सेमरिया बायपास मार्ग सहित सभी सड़क निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। मप्र ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री ने पीएमजीएसवाय 4 योजना अंतर्गत चिन्हित कार्यों की सूची विधायकगणों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। साथ ही जनप्रतिनिधियों से सूची प्राप्त कर सड़कों का सर्वे कर उन्हें पीएमजीएसवाय तथा सीएमजीएसवाय सड़कों की कार्य योजना में सम्मिलित करने के निर्देश दिए गए हैं। पीएम जनमन योजना तथा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत जो सड़के चिन्हित हैं उनकी वन विभाग संबंधी अनुमतियां प्राथमिकता पर जारी करें। प्रभारी मंत्री ने महखोर तिराहा से टमसार तक के सड़क के मरम्मतीकरण का कार्य प्राथमिकता पर करने के निर्देश दिए हैं। सेतु निर्माण विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री सभी निर्माणाधीन पुलों का कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने सभी पुलों के एप्रोच रोड के कार्य को प्राथमिकता पर करने हेतु निर्देशित किया है। प्रभारी मंत्री ने पीआईयू द्वारा अधूरी जानकारी प्रस्तुत करने पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए कार्यपालन यंत्री को निर्देशित किया है कि उनके द्वारा जिले में किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी उन्हें तथा विधायकगणों को दो दिवस के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने भवनों के निर्माण में गुणवत्ता तथा समय-सीमा का पालन करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने जिन भवनों के फिनिशिंग के कार्य अंतिम चरण में हैं उन्हें तत्परता से पूरा कर संबंधित विभाग को हैण्डओवर करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रभारी मंत्री महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें तथा समय-सीमा में कार्यवाही पूर्ण कर अवगत कराया जाना सुनिश्चित करेंगे। इसके पूर्व कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर प्रभारी मंत्री का स्वागत किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंहए देव कुमार सिंह चौहानए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज, वन मण्डलाधिकारी प्रीती अहिरवार, उपसंचालक संजय टाइगर रिजर्व राजेश कन्ना टी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव सहित समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वास्थ्य विभाग के स्थानांतरणों की जांच के निर्देश

प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य विभाग में किए गए स्थानान्तरणों की जांच के निर्देश दिए हैं। उन्होने निर्देशित किया है कि सक्षम अनुमति के बिना जो भी स्थानान्तरण किए गए हैं उनहे निरस्त करने की कार्यवाही की जाए तथा दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही कर एक सप्ताह में अवगत कराना सुनिश्चित करें। प्रभारी मंत्री ने जिले के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों तथा अन्य सपोर्ट स्टॉफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने आउट सोर्स द्वारा की जा रही नियुक्तियों में पूरी पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने सिहावल, मझौली तथा कुसमी में उपलब्ध एक्स-रे मशीनों को सुधार कराकर प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होने 108 एम्बुलेंस तथा जननी एक्सप्रेस के सुचारू संचालन के निर्देश दिए हैं।

### जल जीवन मिशन के कार्यों की जांच के निर्देश

प्रभारी मंत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत किए गए कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होने टीम गठित कर किए गए कार्यों का भौतिक सत्यापन कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि विभाग द्वारा निर्धारित मापदण्डों के अनुसार कार्य किए गए हैं तथा योजना में लक्षित परिवारों को शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। यदि कमी पाई जाती है तो संबंधित संविदाकार तथा अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की जाए। उन्होने जल जीवन मिशन के कारण जो सड़के खराब हुई है उनके मरम्मतीकरण करने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने जल निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हे निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। प्रभारी मंत्री ने विद्यालयों में शिक्षकों तथा छात्रों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होने 31 जुलाई तक सभी छात्रावासों में शत.प्रतिशत प्रवेश करने के निर्देश दिए हैं। छात्रों को निःशुल्क साइकिलों का वितरण जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

### सड़कों की मांग को लेकर केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले सांसद



**जागरण, सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा संसद भवन में केंद्रीय सड़क, परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से भेंट कर सीधी-सिंगरौली सड़क की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया तथा शीघ्र नया टेंडर कर कार्य प्रारंभ करने, सिंगरौली-प्रयागराज मार्ग की प्रक्रिया में तेजी लाने व सिंगरौली से जबलपुर वाया सरई, टिकरी, मझौली, ब्यौहारी, विजयसोता को राजमार्ग के रूप में स्वीकृति प्रदान करने हेतु आग्रह करते हुए मांग पत्र सौपा। केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी ने लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. मिश्रा द्वारा रखी गई बातों को गंभीरता से विचार करते हुए सीधी-सिंगरौली सड़क के संबंध में तत्काल अधिकारियों को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। इस हेतु लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. मिश्रा ने संसदीय क्षेत्र की जनता की ओर से केंद्रीय मंत्री का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### मानवाधिकार सार्वभौमिक है: अनुराग




लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# प्रतिदिन लगेंगे राजस्व न्यायालय पूरे दिन होगी सुनवाई : कलेक्टर

## पत्रकार वार्ता में कलेक्टर ने दी जानकारी



**जागरण, मंडला**

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश शासन ने आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए राजस्व न्यायालय प्रतिदिन लगाने का निर्णय लिया है। इसके परिपालन में मण्डला के सभी तहसीलदार न्यायालयों में अब दैनिक आधार पर पूरे दिन राजस्व प्रकरणों की सुनवाई होगी। जिले की सभी तहसीलों में इसके लिए तहसीलदारों को निर्देश दिए जा चुके हैं। राजस्व न्यायालय में प्रकरणों की सुनवाई करने वाले राजस्व अधिकारियों को गैर न्यायालयीन कार्यों से मुक्त रखा जाएगा। इस प्रकार के गैर न्यायालयीन कार्यों जैसे प्रोटोकॉल, लॉ एंड ऑर्डर, भारतीय न्याय संहिता, अतिक्रमण तथा आवंटित थाना आदि कार्यों के लिए पृथक से राजस्व अधिकारियों को तैनात किया गया है। यह जानकारी कलेक्टर ने जिला योजना भवन में पत्रकार वार्ता में मीडिया संस्थान के प्रतिनिधियों को दी।

कलेक्टर ने पत्रकारों को बताया कि नवीन व्यवस्था के अन्तर्गत जिले में पदस्थ राजस्व अधिकारियों को इस आशय के आदेश जारी कर दिए गए हैं। आदेश अनुसार अनुविभाग मण्डला की मण्डला तहसील में राजस्व न्यायालय के लिए प्र. तहसीलदार श्री हिमांशु भलावी और बम्हनी तहसील के लिए नायाब तहसीलदार श्री हीरालाल तिवारी को आदेशित किया गया है जबकि अनुविभाग मण्डला के गैर राजस्व न्यायालयीन कार्यों के लिए प्र. तहसीलदार श्री पुष्पेन्द्र पन्द्रे को लगाया गया है। इसी प्रकार नैनपुर अनुविभाग में श्री हरीसिंह धुर्वे तहसीलदार नैनपुर एवं सुश्री पूजा राणा नायब तहसीलदार चिरईडोंगरी न्यायालयीन कार्य में संबद्ध रहेंगे, जबकि अनुविभाग की दोनों तहसीलों के गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री कैलाश प्रसाद कौल उत्तरदायी होंगे। नारायणगंज के लिए श्री संगम पटले तहसीलदार नारायणगंज तथा श्री चैनसिंह मार्को प्रभारी नायब तहसीलदार बीजाडांडी राजस्व न्यायालय के काम करेंगे, जबकि गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री आलोक सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार बबलिया को जिम्मेदारी दी गई है। इसी तरह तहसील निवास के राजस्व के लिए श्री संदीप नागोसे तहसीलदार निवास तथा गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री आलोक सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार बबलिया को नियुक्त किया गया है। घुघरी अनुविभाग के राजस्व न्यायालयों के लिए श्री चंद्रकुमार वट्टे प्रभारी तहसीलदार घुघरी एवं श्री धर्मेन्द्र साहू प्रभारी नायब तहसीलदार मोहगांव जबकि गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री इंद्रजीत सिंह सहायक अधीक्षक भू अभिलेख उत्तरदायी होंगे। इसी तरह बिछिया अनुविभाग के अंतर्गत राजस्व न्यायालय के कार्यों में श्री शंकरलाल मरावी प्रभारी तहसीलदार बिछिया, श्री दिनेश वरकड़े नायब तहसीलदार मवई एवं श्री अजय श्रीवास्तव प्रभारी नायब तहसीलदार अंजनिया संबद्ध किए गए हैं। गैर न्यायालयीन कार्यों के लिए श्री इंद्रजीत सिंह सहायक अधीक्षक भू अभिलेख मंडला को आदेशित किया गया है।पत्रकार वार्ता के दौरान जिला योजना भवन में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम, तहसीलदार (राजस्व) मंडला श्री हिमांशु भलावी, अतिरिक्त तहसीलदार नजूल मंडला श्री पुष्पेन्द्र पन्द्रे सहित पत्रकारगण उपस्थित रहे।

# आत्मरक्षा हमारा मूलभूत अधिकार हैं : श्री विवेक आर्य

**छतरपुर।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा सात दिवसीय आत्मरक्षा कार्यशाला के चतुर्थ दिवस शासकीय महाविद्यालय बड़ा मलहरा में पदस्थ कीड़ा अधिकारी श्री विवेक आर्य का शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से स्वागत किया गया तत्पश्चात श्री विवेक आर्य ने महत्व्पूर्ण व्याख्यान दिया। आत्मरक्षा विषय एवं उसके कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डालते हुए आपने कहा कि आत्मरक्षा हमें क्यों करनी चाहिए? क्यों सीखना चाहिए? और उसके कानूनी अधिकार भी क्या है? जिसे हम कभी अगर संकट में पड़ते हैं तो हम किस तरह स्वयं की रक्षा कर सकते हैं और किस तरह से हम कानून के अधिकारों के तहत आत्मरक्षा का प्रयोग करेंगे। इस संबंध में समस्त जानकारी दी गई। लेग, पंच एवं किक टेक्निक की भी विस्तृत जानकारी दी गई एवं टेक्निक को प्रैक्टिकल तौर पर करवा कर प्रतिभागियों को समझाया भी गया उक्त व्याख्यान बेहद ही महत्वपूर्ण था इससे सभी प्रतिभागियों को आत्मरक्षा एवं उससे जुड़े कानून के अधिकारों की महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। चतुर्थ दिवस के प्रथम सेशन में छात्र- छात्राओं को सुश्री आसिया खान एवं श्री शंकर रैकवार के द्वारा प्रभावी लात मारने की विधियां एवं आक्रमण से बचाव की तकनीक और तरीकों को प्रैक्टिकल तौर पर कराके तरीके सिखाए, एवं तीन दिनों की कार्यशाला मै सिखाई गई तकनीकों का अभ्यास भी करवाया गया जिनका प्रतिभागियों ने स्वयं प्रदर्शन किया।

# महाकाल की शाही पालकी शोभायात्रा 28 को



**जागरण, मण्डला।** 28 जुलाई को महाकाल की शाही पालकी शोभायात्रा निकाली जाएगी। झंडा यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि सावन महोत्सव झंडा यात्रा का आयोजन विगत कई वर्षो से सामाजिक युवा कार्यकर्ताओं `के द्वारा किया जा रहा है। इस बार महाकाल की शाही पालकी शोभायात्रा महिष्मति घाट मंडला से दोपहर 3 बजे से निकाली जाएगी। वहीं शाम 5 बजे उदय चौंक में सुप्रसिद्ध कथावाचक एवं पचरा गीत गायक छत्तीसगढ़ पंडित युवराज पांडेय के द्वारा भजन गीत की शानदान प्रस्तुति दी जाएगी। श्री पांडेय छत्तीसगढ़ के गौरव एवं राष्ट्रीय कथावाचक आचार्य हैं। इस आयोजन की सम्पूर्ण तैयारी अंतिम चरण में बताई जा रही है बीते दिनों युवाओं ने किंनर समाज को भी आमंत्रित किया है। पालकी शोभायात्रा के दौरान विशेष आतिशबाजी पुष्पवर्षा के साथ नगर के अनेक स्थानों में स्वागत कार्यक्रम का भी आयोजन सामाजिक संगठनों के द्वारा किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता आकाश चौरसिया ने बताया कि उदय चौंक में भव्य आयोजन की तैयारी की जा रही है। जहां पर भजन गीत का शानदान आयोजन होगा साथ ही बाबा महाकाल की महाआरती होगी। पंडित युवराज पांडे और उनकी टीम के द्वारा इस आयोजन में अपनी सहभागिता दर्ज कराई जा रही है। उदय चौंक में महाआरती पश्चात् भंडारे का आयोजन भी किया गया है। धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने अपील की गई है।

### शनिवार को निकलेगी कांवड़ यात्रा

शनिवार को भव्य कांवड यात्रा का आयोजन किया गया है। सांई कृपा मंगल भवन झूला पुल मुन्नीबाई धर्मशाला के सामने शिव मंदिर से दोपहर 1 बजे कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। जो कि मुन्नी बाई धर्मशाला झूला पुल तिराहा से प्रारंभ होकर बलराम चौक, पड़ाव, चिलमन चौंक, बस स्टैंड, अंदर वालीं रोड से ज्ञानदीप स्कूल, नगर पालिका, बड चौराहा अंबेडकर चौक, उदय चौक, सराफा, बुधवारी होते हुए किला घाट स्थित व्यास नारायण मंदिर में पहुंचेगी। जहां पर पूजन आरती के बाद कांवड़ यात्रा का समापन होगा। बता दें प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बच्चों और मातृ-शक्तियों के द्वारा कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है और रात्रि 8 बजे से भजन संध्या का आयोजन किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता किशोर रजक ने धर्मप्रेमियो से इस आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

# बंदरों के कलेजा निकालने प्रयासरत शिकारियों की जमानत खारिज, न्यायालय ने भेजा जेल



**जागरण, डिंडोरी।** वन्यजीव संरक्षण को लेकर डिंडौरी में न्यायालय ने कठोर रुख अपनाते हुए दो आरोपियों की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। आरोपियों पर बंदरों को बेहोश कर मारने की साजिश का गंभीर आरोप है।मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि 22 जुलाई को समनापुर-डिंडौरी मुख्य मार्ग पर दो युवक ङ्क महासिंह गोंड (20 वर्ष) एवं प्रताप सिंह धुर्वे, निवासी ग्राम पिपरिया (जिला मंडला), बंदरों को नमकीन और बिस्किट खिलाकर बेहोश कर रहे थे। राहगीरों की सतर्कता से एक बंदर को बचाया जा सका।सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे बंदरों का कलेजा निकालने के लिए आए थे, जिसे कथित तौर पर 'औषधीय' उपयोग में लाया जाता है। तलाशी में उनके पास से एक धारदार बका, दो तांत वाली बोरी और एक थैला बरामद हुआ।प्रकृति और जीवों के प्रति संवेदनहीन इस कृत्य को लेकर आरोपियों पर वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा 09 और 51 के तहत मामला दर्ज किया गया। सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी लक्ष्मीनारायण साहू ने जमानत का विरोध करते हुए अदालत को बताया कि यह केवल वन्यप्राणी ही नहीं, बल्कि समाज की नैतिकता पर हमला है। न्यायालय ने तर्कों से सहमत होते हुए आरोपियों की जमानत अर्जी सिरे से खारिज कर दी।यह फैसला वन्यजीवों के प्रति क्रूरता के खिलाफ एक उदाहरण बनकर सामने आया है, जिससे अवैध शिकारियों और अंधविश्वास के भरोसे अपराध करने वालों को साफ चेतावनी मिलती है।

# चंद्रनगर में खुलेआम हुई पत्थरों की वारदात में पुलिस ने की एफआईआर दर्ज करीब 7 लोगों को बनाया आरोपी




**छतरपुर।** छतरपुर जिले के राजनगर विकासखंड के अंतर्गत बमीठा थाना अंतर्गत घटना घटने का नाम नहीं ले रही है उसी क्रम में चंदनगर में फिर से हुई दिनदहाड़े बीच स्टैंड पर प्रेम बाबू पुष्पेंद्र विश्वकर्मा परिवार के ऊपर खुलेआम गुंडागर्दी की वारदात की गई है उक्त घटना मऊ निवासी संदीप तिवारी बद्री प्रसाद जागेश्वर राम लखन इंद्रपाल राममिलन इत्यादि वगैरा के लोगों के द्वारा खुलेआम लाठी डंडों से पत्थरों से की गई मारपीट एवं घर के बाहर पत्थर भी चलाए गए जिसका वीडियो वायरल हुआ था जिस पर थाना बमीठा के द्वारा स्ब्ङ्क्र दर्ज करते हुए मामले को संज्ञान में दिया पुलिस थाना बमीठा के द्वारा धारा296, 115(2),125,351(3), 3(5) मामला दर्ज किया गया है फरियादी अभिनय विश्वकर्मा पिता दामोदर विश्वकर्मा उम्र 21 साल निवासी चंदनगर थाना बमीठा का अपने चचेरे भाई पुष्पेन्द विश्वकर्मा के साथ थाना आकर जावनी रिपोर्ट किया कि उपरोक्त पते का रहने वाला हूँ, दुकानदारी का काम करता हूँ। मेरे चचेरे भाई पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा के खेत मे जीतू तिवारी मकान बनाने पर से चाचा से विवाद चलता है उसी विवाद को लेकर आज दिनांक 24.07.25 के 11.00 बजे जीतू तिवारी, संदीप तिवारी, जागेश्वर तिवारी हाथ में डडा लिये आये मेरे चचेरे भाई पुष्पेन्द विश्वकर्मा का नाम लेकर बुरी बुरी गालिया देने लगे मैने गालिया देने से मना किया मुझे पकड कर डंडो से मारपीट कर दिया उसी समय मेरे चचेरे भाई पुष्पेन्द्र विश्वकर्मा आये तो वहीं पास से राम लखन तिवारी -इंदपाल तिवारी, राम मिलन तिवारी एवं दीपक तिवारी मा बहिन कि बुरी बुरी गालिये देते हुये आये तो भाई प्रिंसी विश्वकर्मा और मीना विश्वकर्मा के पत्थर लग गया कुछ देर बाद वह सभी चले गये जाते समय कह रहे पुष्पेन्द्र अंदर घुस गये और सभी लोग घर के बाहर से पत्थर ईटा उठाकर फेक कर मारने लगे पत्थर फेकने से थे कि मादरचोदो पूरे परिवार को जान से खतम कर देंगे। मारपीट व पत्थर लगने से मेरे दाहिने कान स दाहिने हाथ स सिर में दर्द है प्रिंसी के पेट के ऊपर दर्द है एवं मीना के दाहिने हाथ में दर्द है सो रिपोर्ट करता हूँ कार्यवाही की जाये रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 17,000 की चालानी कार्रवाई



**जागरण, डिंडोरी।** कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने एवं सड़क सुरक्षा के मद्देनज़र परिवहन विभाग द्वारा लगातार सख्ती बरती जा रही है। इसी क्रम में 23 जुलाई को गाड़ासरई रोड, मंडला रोड और समनापुर रोड सहित विभिन्न स्थानों पर सघन वाहन जांच की गई। जांच के दौरान सवारी वाहनों की सीट क्षमताए फिटनेस प्रमाण पत्र वैध परमिट रोड सेफ्टी उपकरण एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की विस्तृत जांच की गई। तय मानकों का पालन न करने पर कुल 17,000 की चालानी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान जिला परिवहन अधिकारी श्री सुरेन्द्र सिंह गौतम सहित आरटीओ कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तरह की जांच आगे भी नियमित रूप से की जाती रहेगी ताकि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके और सड़क पर चलने वालों की सुरक्षा बनी रहे।

# कलेक्टर के निर्देश पर आरटीओ ने की स्कूल बसों की चैकिंग




**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशानुसार आरटीओ के नेतृत्व में बसारी, गंज, बमीठा क्षेत्र में 22 स्कूल बसों की चैकिंग की गई। साथ ही परमिट, फिटनेस,बीमा सहित आवश्यक दस्तावेज चेक किए। आरटीओ टीम ने कुल 22 बसों की जांच करते हुए पांच स्कूल बस में बिना दस्तावेज की पाए जाने पर 19 हजार रुपए की जुर्माने की कार्यवाही की गई। आरटीओ द्वारा बताया गया कि यात्रियों एवं छात्रों को लेकर आनेजाने वाली सभी वाहन व स्कूल बस शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार होनी चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्त स्कूली वाहनों में वीएलटीडी डिवाइस पैनिक बटन के साथ होनी चाहिए ताकि आपात स्थिति में आवश्यकता पड़ने सहायता तुरंत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा फिटनेस, परमिट, अग्निशामक यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र आदि होना अनिवार्य है।सभी स्कूल संचालकों को स्कूल बसों के सम्बन्ध में शासन द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने हेतु समझाइश दी गयी. इसके अलावा नियम विरुद्ध बसों का संचालन पाए जाने पर निरंतर कार्यवाही की जाएगी।

# साईबर सेल एवं थाना कोतवाली द्वारा सोशल मीडिया पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट पर 15 मिनट के अंदर त्वरित कार्यवाही

**छतरपुर।** युवाओं में बढ़ती आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में भ्रमण कर जन संवाद कर जागरूक किया जा रहा है- यदि कोई परेशानी है, पुलिस के साथ साझा करें निराकरण करवाया जाएगा। हाल ही में फेसबुक एवं इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फीचर के अंतर्गत थाना कोतवाली क्षेत्र के एक यूज़र द्वारा आत्महत्या से संबंधित वीडियो/फोटो पोस्ट किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस गंभीर सूचना पर सायबर सेल छतरपुर एवं थाना कोतवाली पुलिस की टीम ने त्वरित संयुक्त कार्रवाई करते हुए 15 मिनट के अंदर संबंधित व्यक्ति की पहचान कर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की। पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और प्राथमिक स्तर पर परामर्श की व्यवस्था कराई गई। छतरपुर पुलिस आमजन से अपील करती है कि यदि उनके संपर्क में कोई व्यक्ति मानसिक तनाव अथवा आत्मघाती विचारों से ग्रसित हो, तो इसकी सूचना तुरंत छतरपुर पुलिस के हेल्पलाइन नंबर 7049101021 पर, या स्थानीय थाने में दें। साथ ही सोशल मीडिया पर की गई इस प्रकार की पोस्ट को गंभीरता से लें एवं संबंधित व्यक्ति की मदद हेतु आगे आएं।

# हादसे के शिकार श्रद्धालु के घर महाराजश्री ने पहुंचाई सहायता राशि

## एक दिन की चढ़ोत्तरी देने का किया था वादा, 7.68 लाख रूपए परिजनों को सौंपे



**जागरण, छतरपु।** गुरूपूर्णिमा महोत्सव के दौरान सिद्धपीठ बागेश्वर धाम में टेंट गिरने से एक श्रद्धालु की मृत्यु हो गई थी। घटना से आहत होकर महाराजश्री ने न केवल सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम स्थगित कर दिए थे बल्कि हादसे के दिन धाम को मिलने वाली चढ़ोत्तरी मृतक के परिवार को देने की बात कही थी। महाराजश्री के वादे के अनुसार उस दिन चढ़ोत्तरी में आई 7 लाख 68 हजार 840 रूपए की दान राशि मृतक की पत्नि सहित परिजनों को ग्रामीणों की उपस्थिति में घर जाकर सौंप दी गई।

जानकारी के मुताबिक उप्र के बस्ती जिला अंतर्गत परशुरामपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नंदनगर चौरी निवासी श्यामलाल कौशल अपनी बेटी और दामाद के साथ बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव और गुरूपूर्णिमा महोत्सव में शामिल होने आए थे। तीन जुलाई को दर्शन करने जाने के वक्त मूसलाधार बारिश होने से पास में ही लगे टेंट के नीचे खुद को बचाने के लिए खड़े हो गए तभी बारिश के साथ तेज हवा चलने से टेंट का एक पोल निकलकर श्यामलाल कौशल के ऊपर गिर गया जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए थे उनकी बेटी सौम्या सहित अन्य लोगों को भी चोटें आयीं थीं। सभी घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन श्री कौशल की मृत्यु हो गई थी। जब बात महाराजश्री तक पहुंची तो उन्होंने दिवंगत श्रद्धालु के बारे में गहरा शोक व्यक्त करते हुए उस दिन की चढ़ोत्तरी मृतक के परिवार को बतौर सहायता देने की बात कही थी। बागेश्वर धाम समिति सदस्य आकाश अग्रवाल सहित दिवंगत श्रद्धालु श्री कौशल के गांव नंदनगर अपने साथियों सहित पहुंचे जहां सरपंच अंजनी देवी के पति दिनेश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति में चढ़ोत्तरी की राशि मृतक की धर्मपत्नि निर्मलादेवी के खाते में पहुंचा दी।

बागेश्वर महाराज ने गहरा दुख जताते हुए एक दिन की चढ़ोत्तरी देने की घोषणा की है। बागेश्वर धाम से आए सदस्यों ने महाराजजी का वादा पूरा किया और उनकी मां को राशि भेंट की है। परिवार सहित समूचे गांव ने महाराजश्री के लिए प्रार्थना की है कि वे स्वस्थ रहें और जनकल्याण करते रहें।

# एकीकृत प्राथमिक शाला खजरी विकासखंड अमरपुर का कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने किया औचक निरीक्षण



**जागरण, डिंडोरी।** एकीकृत प्राथमिक शाला खजरी विकासखंड अमरपुर का कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने निरीक्षण के दौरान बच्चों से वार्तालाप कर शिक्षा स्तर जानकर शाला प्रभारी शिक्षक को टाइम टेबल के अनुसार पढ़ाने के निर्देश दिए। सर्वप्रथम मार्च 2025 में इसी प्राथमिक शाला खजरी में औचक निरीक्षण किया था, जिस समय शाला प्रभारी शिक्षक ने प्राथमिक शाला में बॉउंड्री वॉल बनाने की मांग की थी जिसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने जनपद पंचायत सीईओ ग्रामीण यंत्रिकी विभाग को बॉउंड्री वॉल बनाने के निर्देश दिए गये थे जिसे जिम्मेदारी के साथ संबंधित विभाग के द्वारा कार्यवाही करते हुए ग्राम पंचायत एंजेसी के द्वारा मई 2025 में 2.14 लाख की लागत से बॉउंड्री वॉल तैयार कि जा चुकी है। जिसे शाला के छात्र-छात्राएं एवं स्टॉफ में खुशी देखी गई। दिनांक 23-07-2025 बुधवार को जनपद पंचायत अमरपुर भ्रमण के दौरान प्राथमिक शाला खजरी ग्राम पंचायत खजरी का पुनः औचक निरिक्षण किया जंहा पर प्राथमिक शाला के चारों ओर नवीन बॉउंड्री वॉल देखकर निर्माण विभाग की सराहना की। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी, सीएमएचओ डॉ. रमेश मरावी, डीपीसी श्री रावेन्द्र मिश्रा, नायब तहसीलदार श्री शशांक शेण्डे, पीएचई अहमद इमाम उल्ला खान, आबकारी अधिकारी श्री आर के पचौरी, आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, आरईएस श्री दीपक आर्मो, मनरेगा श्री प्रदीप शुक्ला, बीआरसी, बीईओ, सहायक यंत्री आरईएस सुश्री प्रियंका मार्डन मरावी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायती खजाने से जिलाध्यक्ष के आगमन पर व्यय और बीड़ी फूंकने वाले 02 सचिव सस्पेंड

**जागरण, डिंडोरी।** पंचायतों में शासकीय राशि के दुरुपयोग और नियमों के उल्लंघन पर जिला पंचायत सीईओ अनिल कुमार राठौर ने कड़ा रुख अपपंचायती खजाने से ब्ल्छ्ब्क जिलाध्यक्ष के आगमन पर व्यय और बीड़ी फूंकने वाले 02 सचिव सस्पेंडनाया है। जनपद पंचायत समनापुर और बजाग में पदस्थ दो सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत डिंडोरी द्वारा जारी आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत अंडई, जनपद पंचायत समनापुर के सचिव प्रेम सिंह मरकाम ने पंचायत स्तर पर शासन के दिशा-निर्देशों के विपरीत शासकीय राशि का उपयोग कर अनुशासनहीनता की है। बीड़ी और लड्डू क्रय करने के नाम पर व्यय कर शासन की राशि का दुरुपयोग किया, जिसका कोई वैध औचित्य नहीं था। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रेम सिंह मरकाम को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत समनापुर में अटैच किया गया है।इसी तरह जनपद पंचायत बजाग की ग्राम पंचायत मझियाखार के सचिव श्रीमती सीता सिंह गौतम को भी निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध आरोप है कि भाजपा जिला अध्यक्ष के आगमन के नाम पर वाहन किराया मद में 2500 रुपये की राशि शासन से व्यय की गई, जो पूरी तरह अनियमित पाया गया। इस वित्तीय अनियमितता और आदेशों के उल्लंघन को गंभीर मानते हुए जिला पंचायत ने सचिव सीता सिंह गौतम को निलंबित कर मुख्यालय जनपद पंचायत बजाग में अटैच किया है।

# हरियाली अमावस्या पर कलेक्टर ने ज्ञानदीप स्कूल परिसर में किया पौधारोपण बच्चे भी शामिल



**जागरणा, मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा हरियाली अमावस्या के अवसर पर ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान अंतर्गत आयोजित हरियाली महोत्सव में शामिल हुए। उन्होंने स्कूल के विद्यार्थियों और स्टाफ के साथ गमलों तथा परिसर में पौधारोपण किया। स्कूल के बच्चों को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि हमारे बड़े-बुजुर्गों ने जिन पौधों को इस धरा पर लगाया था, आज हम उन वृक्षों की छाया पा रहे हैं। इसी तरह हमें भी अपनी भावी पीढ़ी के लिए पौधों का, रोपण करना चाहिए। उन्होंने पौधारोपण कर रहे बच्चों से इन पौधों की देखभाल करने की अपील भी की। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, ज्ञानदीप स्कूल प्रबंधन समिति के सचिव श्री संजय तिवारी, सदस्य श्री मनोज फागवानी सहित स्कूल स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## बड़ी कामयाबी है मलेरिया का पहला स्वदेशी टीका

मलेरिया का पहला स्वदेशी टीका तैयार कर हमारे वैज्ञानिकों ने निश्चित तौर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। मलेरिया परजीवी को खून में पहुंचने से पहले रोकने वाला यह टीका एडफाल्सीवैक्स न केवल संक्रमण, बल्कि उसके समुदाय में प्रसार पर भी रोक लगाने में सक्षम है, जो एक बड़ी राहत की बात है। आइसीएमआर यानी भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद तथा भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय चिकित्सा अनुसंधान केंद्र (आरएमआरसी) के शोधकर्ताओं ने मिलकर यह टीका तैयार किया है। आरएमआरसी के वैज्ञानिक के मुताबिक, यह टीका संक्रमण को रोकने वाले ऐसे मजबूत एंटीबॉडी तैयार करता है, जो मलेरिया संक्रमण रोकने में बेहद असरदार है। आईसीएमआर मच्छर जनित रोगों के खिलाफ पिछले कई दशकों से अभियान चला रहा है। देश के अलग अलग संस्थानों में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से बचाव के लिए टीके की खोज जारी है। इस बीच वैज्ञानिकों ने मलेरिया टीका की खोज पूरी कर ली है। इसे फिलहाल एडफाल्सीवैक्स नाम दिया है जो मलेरिया परजीवी प्लास्मोडियम फाल्सीपेरम के खिलाफ पूरी तरह असरदार पाया गया है। आइसीएमआर ने इस टीके के जल्दी उत्पादन के लिए निजी कंपनियों के साथ समझौते की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसे दुनियाभर में मलेरिया के सबसे उन्नत टीकों में से एक बताया जा रहा है। आइसीएमआर के मुताबिक, फिलहाल मलेरिया के दो टीके उपलब्ध हैं, जिनका असर 33 से 67 प्रतिशत के बीच रहता है। उनकी तुलना में भारत का यह टीका खून में पहुंचने के पहले के चरण और संक्रमण प्रसार को रोकने में दोहरा असर दिखाती है। यह टीका पूरी तरह सुरक्षित और जैविक तकनीक पर आधारित है। इसमें लैक्टोकोकस लैक्टिस नामक जीवाणु का उपयोग किया गया है, जो सामान्यतः छाछ और पनीर बनाने में प्रयोग होता है। यह जीवाणु मानव शरीर के लिए हानिकारक नहीं है। दरअसल आइसीएमआर मच्छरजनित रोगों के खिलाफ पिछले कई दशकों से अभियान चला रहा है। यह मलेरिया उन्मूलन की दिशा में तो एक बड़ा कदम है ही, आत्मनिर्भरता की दिशा में भी बड़ी छलांग है, क्योंकि अब तक भारत को विदेशी टीकों पर निर्भर रहना पड़ता था। मलेरिया उन्मूलन की दिशा में भारत के प्रयासों का ही नतीजा है कि 2015-2023 के बीच देश में मलेरिया के मामलों में 80.5 फीसदी की गिरावट और मौतों में 78.38 प्रतिशत की कमी आयी। भारत का लक्ष्य 2027 तक देश में मलेरिया के मामलों को शून्य करना और 2030 तक मलेरिया को देश से पूरी तरह खत्म करना है।

> मलेरिया का पहला स्वदेशी टीका तैयार कर हमारे वैज्ञानिकों ने निश्चित तौर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसे दुनियाभर में मलेरिया के सबसे उन्नत टीकों में से एक बताया जा रहा है।

इस टीके से न केवल मलेरिया का इलाज सस्ता और सरल होगा, बल्कि यह मच्छरजनित रोगों के खिलाफ भारत के अभियान को भी मजबूती प्रदान करेगा। यह भारत के लिए एक चुनौती बना क्योंकि मलेरिया उन्मूलन के साथ साथ एक ऐसा टीका चाहिए था, जो मच्छर वाहक में संचरण को रोकने या कम करने पर भी सक्षम हो। एक लंबे प्रयास के बाद भारत ऐसा टीका खोजने में सफल रहा।

# पाना है तो छोड़ना सीखो...



**अपने मन की बातें, हम कैसे बतलाएं**
**हाथ नहीं आती, शब्दों की मुद्राएँ**
**बहुत कुछ होता है मन में,**
**पर होंठ नहीं कह पाते,**
**रचना का दर्द सहे बिना,**
**हम भला कहाँ कुछ रच पाते?**
**बिखरा देती हैं विचारों को**
**अभिलाषाओं की मंद हवायें,**
**हर अनुभूत सत्य के पीछे,**
**मन संकल्पों से जुड़ता**

दुनिया दौलत की दीवानी है... माया के पीछे... धन... सम्पदा... सुखों की चाहत के पीछे ही तो दौड़ रहा है यह संसार... क्या सत्य को चाहने वाले... और क्या सत्य का तत्व दर्शन करवाने वाले साधु... महात्मा... कथाकार... भागवत वाचक... संसार की माया- मोह से जकड़े हुए लोग हैं...

कोई बिरला... अनोखा... अद्भुत... अनूठा आदमी धोखे से कहीं मिल जाये तो मिल जाये इस जग में... जो दौलत वालों के इस संसार में... संसार के विपरीत उलटी दिशा में भागता-दौड़ता हो... जो धन-सम्पदा को पग की ठोकर से ठुकरा कर जीते जी चिता की भस्म लपेटता हो...

मरने के बाद तो सभी चिता में जल जायेंगे... जीते जी जो सुखों की... कामनाओं की चिता जलाता हो... ऐसा तो कोई अब ढूंढ़ने से भी नहीं मिलता...

जिस परमात्मा को हम खोज रहे हैं... वह परमात्मा तो कथाओं के... धार्मिक आडम्बरों के प्रतिबिम्ब में कहीं खो गया है... हालत तो ऐसी हो गई है हमारी कि जैसे कोई शीशे के




सामने खड़े होकर... दर्पण में अपनी ही शक्ल को अपने हाथों से पकड़ने की बार-बार कोशिश करे... और बार-बार खाली हाथों को देखे... खिसियाए और कोसे अपने को भी और ऊपर वाले परमेश्वर को भी कि उसके हाथ कुछ भी नहीं आता है... हमारी भटकन ही यही है कि हम संसार में रहकर उस परम सत्य रूपी परमात्मा को नहीं अपितु उसकी प्रतिबिम्ब रूपी छाया को खोज और पकड़ रहे हैं...

सत्य की परछाई को पकड़ना है... कि ईश्वर की छाया...और तुम्हें अपनाना है तो... प्रतिबिम्बों की विपरीत दिशा में जाओ... धन... सम्पत्ति... नारी... संतान... सुख और भोग... यह सब माया के प्रतिबिम्ब हैं... संसार इन्हीं में दिखता है... इन्हीं में समाया है...

अगर भगवान की झलक देखनी है तो संसार के इस मानकी से... इन प्रतिबिम्बों से तुम्हें दूर... बहुत ही दूर जाना होगा... धन के संग्रह से सत्य रूपी परमात्मा की झलक उतनी नहीं मिलती... जितनी धन के त्याग से मिलती है... किसी महान पद पर आरूढ़ होकर परमेश्वर की झलक उतनी नहीं मिलती जितनी की उस पद को त्याग कर मिलती है...

महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध ने इसीलिये तो सिंहासन छोड़ा होगा... सुन्दर ब्याहता स्त्री छोड़ी होगी... भविष्य में अपनी ही चिता को अग्नि देने वाला अपना पुत्र छोड़ा होगा... क्योंकि उन्होंने संसार से विपरीत दिशा में जाकर खोजा था उस परम सत्य को... जो किसी के हाथों में चाँदी-सोने के सिक्के रखकर उसे इस संसार में जन्म नहीं देता... जो किसी को रेशमी या ऊनी या कि सूत से बने वस्त्र पहनाकर भी पैदा नहीं करता और जो सत्य रूपी परमात्मा जब किसी को इस संसार से जन्म देने के बाद वापस मौत के पाए में बांधकर ले जाता है.... तब वह परम सत्यरूपेण ईश्वर उस मरने वाले की रूह को... उसकी आत्मा को उधाड़ कर... संसार के सब आवरणों को हटाकर... सब प्रतिबिम्बों को दूर फेंककर बिल्कुल नंगा करके ले जाता है... ठीक वैसा ही नंगा करके... जैसा उसने जन्म के समय तुम्हें और हमें इस संसार में नंगा करके भेजा था...

जब वह परम सत्य जन्म देता है तब न कुछ हमारे पास छुपाने को होता है और न हम उससे कुछ भी छुपा सकते हैं जब वह मौत देने के बाद हमारी आत्मा को नंगा करके वापस अपने पास बुला लेता है...

कभी ज़रा तो सोचो कैसे होंगे वह लोग कि जिस सिंहासन के पीछे दुनिया दीवानी होकर दौड़ती है... उस सिंहासन को पैर की ठोकर मार वह दीवाने होकर परम सत्यरूपी परमात्मा की ओर दौड़े होंगे...

**जैसे चट्टानों की छाँहों में गलबहियाँ डाले**
**मग्न प्रेमालाप करते जोड़े,**
**सत्य खोजें झूठी अफवाहों में,**
**जैसे कुछ खोखले रिक्त शब्दों का**
**बार-बार फिर से दोहराया जाना**
**नकली विश्वासों के हाथों**
**बार-बार धोखा खाना**
**तन के भोगी तहखाने में कैदी**
**श्रापग्रस्त तड़पती प्यासी रूहें**
**किसी करुणा के बादल का होता**
**इन पर कभी दृष्टिपात नहीं**
**हम सब बहुत दुःखी हैं लेकिन**
**दुख का कारण ज्ञात नहीं**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)

https://adhyatmsanatandharma.com

## मालदीव के साथ संबंधों की नई इबारत लिखे जाने की उम्मीद

**ठीक** से देखा जाए, तो मोदी के कालखंड में मालदीव से उतार-चढ़ाव वाले संबंध रहे हैं। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि चीन पर दोष मढ़ने की बजाय, भारत को अपने पड़ोसी देशों में चल रही गतिविधियों को ध्यान में रखकर दूरगामी रणनीति बनाने की जरूरत थी। किसी ने सोचा नहीं था, मोदी और मुइज़्ज़ू कभी 'सेम पेज' पर आ पाएंगे। यों, पीएम मोदी मालदीव तीसरी बार जा रहे हैं। मगर, राष्ट्रपति मुइज़्ज़ू के शासन के दौरान उनकी यह पहली यात्रा होगी। उनकी इस यात्रा से माले और नई दिल्ली के बीच संबंधों की नई इबारत लिखी जाएगी। विश्लेषकों ने इसे चीन के प्रभाव को 'पछाड़ने और उससे आगे निकलने' का प्रयास बताया है। 2025 के भारतीय बजट में, मालदीव को 6 अरब रुपये के आवंटन के बाद माले का भरोसा दिल्ली पर बढ़ा, जो पिछले वर्ष के 4.7 अरब रुपये से अधिक थी। इसे दक्षिण एशियाई लाभार्थियों में सबसे बड़ी वृद्धि बताया गया था। मोदी की मालदीव यात्रा पर केवल चीन-पाकिस्तान नहीं, अमेरिका की भी नजर है। 1 जनवरी, 2025 को चीन-मालदीव मुक्त व्यापार समझौता (सीएमएफटीए) लागू हो गया, जिस पर 2014 में हस्ताक्षर हुए थे। मालदीव की संसद ने 2017 में इस व्यापार समझौते को मंजूरी दे दी थी, लेकिन इब्राहिम सोलिह के नेतृत्व वाली सरकार ने 2018 में इसे निलंबित कर दिया था। पिछले साल जनवरी में, मालदीव और चीन ने पर्यटन सहयोग समझौते सहित 20 प्रमुख समझौतों पर हस्ताक्षर किए और एक व्यापक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की। मुइज़्ज़ू प्रशासन ने चीन से लिए गए 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक के ऋणों के पुनर्गठन की भी मांग की। मालदीव ने पिछले साल चीनी अनुसंधान पोत जियांग यांग होंग-3 को अपने जलक्षेत्र में आने की अनुमति दी थी, जिससे भारत में चिंताएं बढ़ गई थीं। जनवरी, 2025 में चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने मालदीव का अचानक दौरा किया, जहां उन्होंने राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज़्ज़ू से बातचीत की, और द्विपक्षीय संबंधों को दुरुस्त करने पर जोर दिया। वांग यी को लग रहा था कि भारत-चीन फिर से नजदीक आ रहे हैं। यों, जनवरी, 2024 में ही संकेत मिल गया था कि मुइज़्ज़ू भारत से संतुलित सम्बन्ध बनाने को इच्छुक हैं। मुइज़्ज़ू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के लिए तीन मंत्रियों मरियम शिउना, मालशा शरीफ, और महजूम मजीद को निलंबित कर दिया था। 6 से 10 अक्तूबर, 2024 के दौरान मुइज़्ज़ू भारत आये और दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की, जहां दोनों ने एक संयुक्त विज़न दस्तावेज़ जारी किया था।

# बीसवीं सदी में सार्थक रंग रचना करने वाले निर्देशक थे रतन थियाम

श्रद्धांजलि

अमितेश कुमार

रतन थियाम के पिता थियाम तरुण कुमार और माता बिलासिनी देवी मणिपुरी के नर्तक थे। कला और संस्कृति की शुरूआती शिक्षा उन्हीं के साथ हुई जिनकी प्रस्तुतियों के साथ रतम थियाम भी यात्रा करते थे। चित्रकला और कविता से शुरू करने के बाद वह रंगमंच के क्षेत्र में आए और राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षण प्राप्त किया। जब उन्होंने अपनी रंगयात्रा शुरू की तो 'थियेटर ऑफ रूट्स' का नारा जोर पर था। गिरीश कर्नाड, विजय तेंदुलकर, हबीब तनवीर के नाटक सफलता से मंचित हो चुके थे। के.एम. पणिक्कर और ब. व. कारंत के सफल रंग प्रयोगों नें इसे और दृढ़ किया और रतन थियाम ने इसको आगे बढ़ाया। उन्होंने अपनी रंगभाषा को मणिपुर की स्थानीय कला और संस्कृति के रूपों से जोड़ा।

मणिपुरी नृत्य और 'थांगता' जैसी युद्ध कला का प्रभाव उनकी रंग भाषा पर स्पष्टता से दिखता है। स्थानीय परम्पराओं को आधुनिकता से जोड़ते हुए उन्होंने ऐसी रंगभाषा गढ़ी जिसके वैश्विक दर्शक थे। मणिपुरी समझ में ना आने के बावजूद उनके रंगमंच का सौन्दर्यबोध दर्शकों को बांधे रखता था जिसमें वह अभिनेत्री की देह गतियों, आवाज़ के उतार-चढ़ाव, प्रभावी दृश्य रचनाओं, नियंत्रित और अनुशासित प्रकाश व्यवस्था से एक जादू रचते थे। मंच पर भव्य और विराट दृश्य प्रतीकों के प्रयोग से ऐसा लगता था कि उनके रंगमंच में संसाधन का इस्तेमाल बहुत होता था लेकिन करीब से देखने-जानने वाले जानते थे कि यह न्यूनतम संसाधनों से किया गया खेल होता था। रंगमंच की सभी विधाओं में वह पारंगत थे लेकिन निर्देशक और संगठनकर्ता सबसे ऊपर था। मंच पर प्रकाश में वह अँधेरे और उजाले से खेलते थे। खामोशी और अँधेरा उनकी रंगभाषा का अनिवार्य तत्व था। वह अपनी प्रस्तुतियों को लगातार अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर ले गए और सही मायनों में भारत के एक वैश्विक रंग निर्देशक बने। उन्होंने संस्कृत, मणिपुरी, हिन्दी के साथ-साथ विदेशी भाषाओं के नाटकों की भी प्रस्तुति की जिनमें कालिदास, शेक्सपियर और इब्सन जैसे नाटककारों के नाम शामिल हैं।



> भारतीय रंगमंच के आखिरी महान निर्देशक रतन थियाम नहीं रहे। हो सकता है कि यह पद अतिश्योक्तिपूर्ण लगे लेकिन यह सच है। बीसवीं सदी में निश्चित दिशा, दृष्टि और अभिनेताओं के दल के साथ निरन्तर और सार्थक रंग रचना करने वाले निर्देशकों की वह आखिरी कड़ी थे। स्थानीय परम्पराओं को आधुनिकता से जोड़ते हुए उन्होंने ऐसी रंगभाषा गढ़ी जिसके वैश्विक दर्शक थे।

राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से 1974 में स्नातक होने के पश्चात 1976 में इंफाल में बारह रंगकर्मियों के साथ एक कोरस रेपर्टरी थियेटर कंपनी की स्थापना की। भास की रचनाओं 'उरूभंगम' और 'कर्णभारम' की प्रस्तुतियों से उन्होंने सबको प्रभावित किया। 1984 में उनके अपने द्वारा लिखी गई 'चक्रव्यूह' उनकी सबसे चर्चित प्रस्तुति थी। हिन्दी नाटकों में उन्होंने धर्मवीर भारती की 'अंधा युग' और 'कनुप्रिया' और अज्ञेय की 'उत्तर प्रियदर्शी' की प्रस्तुति की।

मणिपुर के राजनीतिक परिवर्तनों से उनका व्यक्तित्व और जीवन प्रभावित रहा। उन्होंने मणिपुर त्रयी के अंतर्गत 'नाइन हिल्स वन वैली', 'हे नुनंगशिबी पृथ्वी' और 'वाहडोक' की प्रस्तुति की जो मणिपुरी संस्कृति के संकटों और वहाँ व्याप्त हिंसा पर आधारित था। वर्तमान में चल रहे मणिपुर संकट पर भी बेहद उद्वेलित थे और लगातार मुखर भी। 1987 में रतन थियाम एक बार फिर दिल्ली लौटे, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक बनकर। उनके द्वारा कायम किया जा रहा अनुशासन छात्रों को रास नहीं आया और उनका विरोध शुरू हो गया जिसके कारण उन्होंने इस्तीफ़ा दे दिया। 2013 से 2017 तक वे राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के अध्यक्ष भी रहे और इस दौरान थियेटर ओलम्पिक्स का आयोजन भी कराया। मैंने उनकी पहली प्रस्तुति 'व्हेन वी डेड अवेकन' देखी थी जो इब्सन फेस्टिवल के दौरान कमानी सभागार में हुई थी और आखिरी प्रस्तुति 2020 के भारत रंग महोत्सव के समापन में 'लाइरेम्गीबी एशाई' में। वैसे उनकी आखिरी प्रस्तुति धर्मवीर भारती की 'कनुप्रिया' थी जिसके साथ वह यात्रा भी कर रहे थे। 'लाइरेम्गीबी एशाई' की प्रस्तुति के बाद घुटनों में दर्द होने बावजूद वह अपने सिग्नेचर स्टाइल में अपने कलाकारों के साथ दर्शकों के अभिवादन के लिए झुके थे।

यह प्रस्तुति थियम की पिछली प्रस्तुति 'मैकबेथ' की कड़ी में थी जिसमें मैकबेथ की महत्त्वाकांक्षा को एक ऐसी मानवीय होड़ से जोड़ा था जिसका असर परिवेश पर भी पड़ा है। लंबे कद के, सीधे तने हुए और बुलंद आवाज वाले रतन थियाम छः भाषाएँ लिखते-बोलते थे और आठ भाषाएँ समझते थे। उनको मिलने वाले पुरस्कारों की भी एक लंबी सूची है जिसमें संगीत नाटक अकादमी, पद्मश्री, इत्यादि शामिल है। 1948 में जन्मे रतन थियाम में अभी रंगमंच बचा हुआ था लेकिन तीन महीनों से वह गंभीर रूप से बीमार थे और पिछले पन्द्रह दिन बहुत तकलीफ़ में थे। बीती रात डेढ़ बजे के करीब भारतीय रंगमंच का यह सितारा बुझ गया लेकिन अपनी एक अमिट छाप हमारे दिलों पर छोड़ गया।

**(राजकमल ब्लॉग से साभार...)**

प्रसंगवश

## भ्रूण के डीएनए में बदलाव नैतिक है या नहीं?

हमारे संसार में दो डीएनए के मिलने से एक बच्चे का जन्म होता है, पर अब तीन डीएनए से एक बच्चे को पैदा करने का प्रयास साकार हो गया है। वैज्ञानिकों का पूरा विश्वास है कि अगर लाइलाज आनुवांशिक रोग होने की आशंका हो, तो तीन डीएनए की मदद से स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया जा सकता है। इस तरह से जन्म लेने वाला बच्चा तमाम तरह के लाइलाज आनुवांशिक रोगों से मुक्त रहेगा।

ब्रिटेन इस मामले में नेतृत्व करता दिख रहा है। द न्यू इंग्लैंड जर्नल ऑफ मेडिसिन के मुताबिक, माइटोकॉन्ड्रिया से जुड़ी वंशानुगत बीमारियों से निपटने के लिए माता-पिता के साथ-साथ एक अन्य महिला के डीएनए का इस्तेमाल किया गया, जिसमें डॉक्टरों को पर्याप्त सफलता मिली है। बताया गया है कि ऐसे आठ बच्चे पैदा हुए हैं, जिनमें माइटोकॉन्ड्रिया संबंधी वंशानुगत रोगों के लक्षण नहीं दिखे हैं। इससे स्वाभाविक ही उन माता-पिता की उम्मीदें बढ़ गई हैं, जो इस चिंता में अपनी संतान नहीं करना चाहते कि कहीं उनका रोग उनकी अगली पीढ़ी में न पहुंच जाए। हालांकि, यहां नैतिकता का भी बड़ा प्रश्न खड़ा हो गया है। आलोचक अंदेशा जता रहे हैं कि इससे 'डिजायनर बेबी' का चलन बढ़ जाएगा। मगर वैज्ञानिक खुश हैं कि इससे लाखों बच्चों की जान बच सकेगी।

आंकड़ों की मानें, तो हर 5,000 बच्चों में एक माइटोकॉन्ड्रिया से जुड़ी बीमारी से ग्रसित होता है। निस्संदेह, माइटोकॉन्ड्रिया हमारी हर कोशिका में मौजूद रहता है और हमारे जीवित रहने का आधार माना जाता है, क्योंकि यह ऑक्सीजन का उपयोग करके भोजन को ऊर्जा में बदलता है और हमारे शरीर को जरूरी ईंधन मुहैया कराता है। इसीलिए इसे 'कोशिका का पावरहाउस' भी कहा जाता है। मगर इसमें यदि कुछ दोष निकल आए, तो जीवन जीने के लिए जितनी ऊर्जा की जरूरत होती है, वह हमें नहीं मिल पाती। नतीजतन, मस्तिष्काघात, दौरे, मासंपेशियों में कमजोरी, जरूरी अंगों के निष्प्रभावी होने का खतरा बढ़ जाता है। यही कारण है कि ऐसी बीमारियों से ग्रसित कई बच्चे असमय काल को प्राप्त होते हैं। इसीलिए, 'तीन माता-पिता वाले बच्चे' के जन्म और उनकी सेहत की खबर का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था। ब्रिटेन ने 2015 में ही अपने कानून में जरूरी बदलाव करते हुए 'माइटोकॉन्ड्रियल डोनेशन' को हरी झंडी दे दी थी।

> वैज्ञानिकों का पूरा विश्वास है कि अगर लाइलाज आनुवांशिक रोग होने की आशंका हो, तो तीन डीएनए की मदद से स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया जा सकता है। इस तरह से जन्म लेने वाला बच्चा तमाम तरह के लाइलाज आनुवांशिक रोगों से मुक्त रहेगा।

बहरहाल, नैतिकतावादियों और वैज्ञानिकों में इस बात को लेकर मतभेद बना हुआ है कि भ्रूण के डीएनए में बदलाव नैतिक है या नहीं? बेशक, ऐसी तकनीक जानलेवा बीमारियों को ठीक करने में मददगार मानी जाती है, लेकिन नैतिक मूल्यों की चिंता करने वालों को डर है कि इससे मनचाहे गुणों वाले बच्चों को जन्म देने की मानसिकता पनप सकती है और खास आंखें, बाल या समझ वाले बच्चों की मांग बढ़ सकती है। इसी तरह की चिंता मानव क्लोनिंग को लेकर भी हम देखते रहे हैं, जिसमें सामाजिक संरचना, परिवार या मानव संबंधों में बदलाव की आशंकाएं जताई जाती हैं। हालांकि, ऐसे लोगों की संख्या भी कम नहीं है, जो लाइलाज बीमारियों के इलाज और वैज्ञानिक ज्ञान प्राप्त करने को नैतिक रूप से अनिवार्य मानते हैं। उनके मुताबिक, चिकित्सकीय कार्यों व शोध में क्लोनिंग को न सिर्फ अनुमति दी जानी चाहिए, बल्कि पर्याप्त निगरानी रखते हुए इसे आगे भी बढ़ाया जाना चाहिए। लिहाजा, यह कह सकते हैं कि देर से ही सही, लेकिन चिकित्सा वैज्ञानिकों ने एक ऐसी खबर साझा की है, जो आने वाले दिनों में आईवीएफ प्रक्रिया में नई क्रांति ला सकती है।

॥गीता॥



**शलोक**

**न कर्मणामनारंभान्नैष्कर्म्यं पुरुषोऽश्नुते।**
**न च सन्न्यसनादेव सिद्धिं समधिगच्छति॥**

**भावार्थ**

मनुष्य न तो कर्मों का आरंभ किए बिना योगनिष्ठा को प्राप्त होता है। और न कर्मों के केवल त्यागमात्र से सिद्धि को ही प्राप्त होता है।

जीवन दर्शन

# कठिनाइयों का कारण है कल की चिंता

श्री कृष्ण ने गीता में कहा है, भविष्य का दूसरा नाम है संघर्ष। मन में आज कोई इच्छा होती है और यदि वह पूरी नहीं हो पाती तो हमारा मन भविष्य में उसे पूरा करने की योजना बनाता है। फिर कल्पना करता है कि भविष्य में इच्छा पूर्ण होगी। लेकिन जीवन न तो भविष्य में है, न ही अतीत में। जीवन तो इस क्षण का नाम है। यानी इस क्षण का अनुभव ही जीवन का अनुभव है। पर हम सब यह जानते हुए भी इतना-सा सत्य समझ नहीं पाते। या तो हम बीते हुए समय की यादों को घेर कर बैठे रहते हैं या फिर आने वाले समय के लिए योजनाएं बनाते हैं और जीवन ऐसे ही बीत जाता है। एक सत्य हम अपने मन में उतार लें कि न तो हम भविष्य देख सकते हैं, न ही भविष्य बना सकते हैं - हम सिर्फ धैर्य और साहस के साथ आने वाले समय का आलिंगन कर सकते हैं। यदि इतना सत्य समझ लें तो क्या जीवन का हर पल आनंद से नहीं भर जाएगा? आज जिसे देखिए वही अपना भविष्य जानने की इच्छा रखता है और इसी कारण



पंडितों, ज्योतिषियों के पीछे भागता रहता है। कुछ ऐसे भी हैं, जो लोगों का मनगढ़ंत भविष्य बताते हैं या ग्रह-नक्षत्र से डरा देते हैं। आखिर क्यों अपना भविष्य जानने की इतनी उत्सुकता रहती है, जबकि भविष्य का तो कोई अस्तित्व ही नहीं! जो अभी है नहीं, उसके बारे में कैसे कोई बता सकता है? ज्योतिषाचार्यों की महंगी फीस, महंगे व गलत उपायों से धोखे में जीते हैं। व्यापार का रूप देकर धन कमाने के लालच में झूठी भविष्यवाणी करके शोषक वर्ग शोषण के धंधे में लग गया। जो भविष्यवाणी सच नहीं होती, उसके भी मनगढ़ंत कारण गढ़ लेते हैं और जो सच हो जाती हैं, उसका बढ़ा-चढ़ाकर बखान किया जाता है। हममें से कई लोग चिंता करते हैं कि कल क्या होगा, लेकिन यह भूल जाते हैं कि वास्तव में इस दुनिया में किसी ने कल नहीं देखा है। जब भी देखिए आपको आज ही दिखेगा। जो समय बीत गया, वह कल था। हमारे हाथों में केवल वर्तमान है और कल कुदरत के हाथों में। जिएं केवल वर्तमान में। कल की चिंता करना कठिनाइयों का कारण बनता है। कल जैसी कोई चीज ही नहीं। हमें एक दृष्टिकोण विकसित करना चाहिए कि हमारे रास्ते में जो भी आएगा, उसे हम स्वीकार करेंगे। जीवन को सरल, सच्चा और कर्मशील बनाइए। डर और भ्रम से नहीं, साहस और विवेक से अपने हर दिन का स्वागत कीजिए, क्योंकि यह क्षण ही जीवन है।

**जयति गोयल**

## संक्षिप्त खबरें

### सलाहकार बोर्ड की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**विसं भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता में उद्यानिकी फसल मार्केटिंग गठन सलाहकार बोर्ड की बैठक बुधवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक बर्णवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने कहा कि उद्यानिकी फसलों के उत्पादक कृषकों को फसल का उचित दाम दिलवाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा पृथक से उद्यानिकी फसल उपज मंडी बोर्ड बनाने पर कार्य प्रारंभ किया गया है। वर्तमान में म.प्र. कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 के अधीन मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड का गठन किया गया है। इनमें कृषि और उद्यानिकी का फसलों का क्रय-विक्रय एक ही परिसर में किया जाता है। प्रदेश की 25 कृषि उपज मंडी समिति है जिसमें फल-सब्जियों के विक्रय के लिये 174 मंडियाँ अधिसूचित है। नवीन व्यवस्था लागू हो जाने पर फल-फूल सब्जी फसल के लिये पृथक नवीन परिसर बनाये जाएंगे।

### मृतकों के परिजन को 4-4 लाख की अनुग्रह राशि

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर जिले की भितरवार क्षेत्र में पवित्र कांवड़ यात्रा के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में 4 कांवड़ियों के निधन पर दुःख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने मृतक कांवड़ियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बाबा महाकाल से दिवंगतों की आत्मा की शांति एवं श्रीचरणों में स्थान देने के लिए प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट करते हुए 4-4 लाख रुपए की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

### एमएलबी की छात्राओं ने चंद्रशेखर और तिलक का मनाया जन्मदिवस

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** एमएलबी कालेज के इतिहास विभाग द्वारा स्वतंत्रता सेनानी अमर बलिदानी शहीद चंद्र शेखर आजाद और लोकमान्य बालगंगाधर तिलक के जन्मदिवस पर कार्यक्रमों की एक श्रंखला आयोजित की गई। इसमें सर्वप्रथम बाल गंगाधर तिलक के जीवन एवं उनके महत्वपूर्ण कार्यों पर आधारित एक डाक्यूमेंट्री का प्रसारण किया गया। इस दौरान अमर सेनानियों के जीवन पर आधारित भाषण और प्रश्न मंच प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

# 10 हजार करोड़ का हो सकता है पहला अनुपूरक बजट, मानसून सत्र में होगा पेश

## 28 जुलाई से शुरू होगा मानसून सत्र, जन विश्वास बिल 2.0 भी पेश होने की संभावना



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य सरकार का पहला अनुपूरक बजट लगभग 10 हजार करोड़ का हो सकता है। जिसे विधानसभा के मानसून सत्र में 29 जुलाई को पेश किया जाएगा। इसके लिए सरकार ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। इसके अलावा सत्र के दौरान जन विश्वास बिल भी पेश होने की संभावना बताई गई है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से प्रारम्भ होगा। 10 बैठकों वाले इस सत्र का अवसान 8 अगस्त को होगा। जानकारों की मानें तो सत्र के दौरान राज्य सरकार अपना पहला अनुपूरक बजट सदन में पेश करेगी। जानकारों की मानें तो वित्त विभाग संभाल रहे उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा 28 या 29 जुलाई को सदन में अनुपूरक बजट पेश कर सकते हैं। इसके अलावा जन विश्वास बिल 2.0 भी सदन में लाया जाएगा। सरकार पहले भी यह बिल ला चुकी है, अब इसका दूसरा संस्करण पेश किया जाएगा। इसके जरिए सरकार आमजन और कारोबारियों को कानून के झंझटों से राहत दिलाने का प्रयास करेगी। इस तरह मध्यप्रदेश पहला राज्य हो जाएगा,जो इस बिल का दूसरा संस्करण पेश करेगा। जानकारों की मानें तो इस विधेयक के जरिए 13 विभागों की 45 धाराएं संशोधित की जाएंगी। इससे पहले जन विश्वास बिल 1.0 के तहत राज्य सरकार ने 5 विभागों के 8 कानूनों की 64 धाराओं में बदलाव किया था। बताया गया है कि इस बिल को लेकर पिछले दिनों मुख्य सचिव अनुराग जैन ने संबंधित अधिकारियों के साथ लम्बा मंथन कर इन प्रस्तावित बदलावों पर चर्चा की और उन्हें अंतिम रूप देने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा था कि इस बिल के जरिए सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति को और बेहतर बनाना है, ताकि आम नागरिकों और व्यापारियों को सरल और न्यायसंगत प्रक्रिया का लाभ मिल सके।

**ये हो सकते हैं बदलाव**

विभागीय सूत्रों की मानें तो इस बिल के जरिए कई धाराओं में बदलाव किया जा रहा है। इसमें छोटी गलतियों पर जेल भेजने के स्थान पर आरोपी को दंड या जुर्माने का प्रावधान होगा। इसी तरह गृह विभाग का एनाटॉमी एक्ट को भी बदल जा सकता है। एंटी मीजल्स वैक्सीनेशन एक्ट 1968 को भी हटाया जा सकता है। जानकारों की मानें तो यह कानून खसरा वैक्सीन को अनिवार्य बनाता था। गृह विभाग का एनाटॉमी एक्ट भी बदला जाएगा। इसी तरह नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 208 और नगर निगम अधिनियम1956 की धारा 195 में संशोधन हो सकता है। मोटरयान कर नियमों में बदलाव कर जुर्माने की जगह दंड का प्रावधान किया जाएगा।

### सरकार की तैयारी पूरी

इधर विपक्ष के तेवर को देखते हुए सरकार के मंत्रियों ने भी अपने-अपने विभाग से जुड़े विषयों को लेकर अपनी तैयारी लगभग पूरी कर ली है। मंत्रियों की अपने विभाग प्रमुखों के साथ विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर कई बार बैठक हो चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी मंत्रियों के शनिवार तक भोपाल पहुंचने को कहा है। ऐसी जानकारी मिल रही है कि सीएम मानसून सत्र को लेकर रविवार को मंत्रियों के साथ बैठक कर सकते हैं।

हमारी सरकार विकास कार्यों को प्राथमिकता देती है। इसके लिए हम तत्पर भी हैं और किसी भी स्तर पर कहीं भी बजट का अभाव नहीं होने दिया जाएगा। सरकार अपने लक्ष्य को लेकर निरंतर काम करती रहेगी, जिसे हर हाल में पूरा किया जाएगा। मानसून सत्र के दौरान भी सरकार मध्यप्रदेश के विकास को लेकर महत्वपूर्ण फैसला लेगी।

■ **जगदीश देवड़ा**, उपमुख्यमंत्री, मप्र शासन

# अब कॉलेजों में मछली और पशुपालन की होगी पढ़ाई

## राष्ट्रीय कार्यशाला में सीएम ने नवाचार पर दिया जोर



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मप्र के महाविद्यालयों में जल्द ही पशुपालन और मत्स्य से जुड़े पाठ्यक्रम शामिल किए जाएंगे। ऐसे पाठ्यक्रम को भी प्रारंभ कर उच्च शिक्षा विभाग नवाचार करेगा, जो युवाओं को सीधे रोजगार से जोड़ेगा। यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में कही। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विकसित मध्यप्रदेश 2047 'रोजगार आधारित शिक्षा-रुझान एवं नए अवसर' विषय पर आयोजित कार्यशाला में सीएम ने कहा कि आज करेंसी का जमाना है, लेकिन स्किल (कौशल) ही करेंसी है, भारत इसे अच्छी तरह समझता है। इसीलिए हम नवाचार करते हुए कौशल विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश एक कृषि प्रधान और तेजी से बढ़ता राज्य है। इसीलिए हम खेती की पढ़ाई को सामान्य महाविद्यालयों तक लेकर गए हैं। अगर कोई युवा खेती में करियर बनाना चाहे तो उसे आधुनिक तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों के दायरे विस्तृत होने चाहिए। सभी कोर्स यहां से संचालित होने चाहिए। डॉ. यादव ने कहा कि सरकार प्रदेश में 10 हजार से अधिक शैक्षणिक संस्थाओं में एनईपी लागू करने पर आगे बढ़ चुकी है। प्रदेश में 220 से अधिक सांदीपनि विद्यालयों की शुरुआत की गई है। यहां विद्यार्थियों के लिए आधुनिक कंप्यूटर कोडिंग लैब स्थापित की गई हैं। शिक्षा केवल कागज की डिग्री लेने के लिए न हो, बल्कि वह भविष्य की चुनौतियों से लड़ने और उसे समझने में समर्थ हो। इसीलिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्लाउड कंप्युटिंग और बायोटेक्नोलॉजी जैसे कोर्स शुरू किए गए हैं।

### दूध उत्पादन में शीर्ष स्तर पर पहुंचने का लक्ष्य

सीएम ने कहा कि मध्यप्रदेश दूध उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। हमने शीर्ष स्तर पर पहुंचने का लक्ष्य रखा है। प्रदेश में 6 करोड़ से अधिक पशुधन है, इसीलिए राज्य सरकार प्रदेश में वेटेनरी कॉलेज की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रही है। इस मौके पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को पहचान कर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम तैयार करें। उन्होंने प्रदेश में देश विदेश से निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल की सराहना करते हुए अपेक्षा की कि निवेश परियोजना क्रियान्वयन के साथ ही उद्योग में रोजगार के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध कराने के लिए कोर्स प्रारम्भ करें, जिससे परियोजना शुरू होने के साथ ही आवश्यकता अनुसार स्थानीय स्तर के युवा उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय रोजगार आधारित शिक्षा-रुझान एवं नए अवसर कार्यशाला समय की आवश्यकता है। भविष्य की तैयारी का सशक्त मंच है। रोजगार केन्द्रित शिक्षा और विकसित भारत के निर्माण में प्रदेश के योगदान को बढ़ाने की प्रभावी पहल है।

### किसान बगीचा लगाएं और उद्यानिकी उपलब्ध कराए पौधे

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों और आमजन को बगीचा लगाने के लिए प्रेरित किया जाए, जिन्हें उद्यानिकी विभाग पौधे उपलब्ध कराए। पौधारोपण कार्य में निजी सेक्टर को भी जोड़ने का प्रयास किए जाए। मुख्यमंत्री बुधवार को अपने निवास में स्थित समत्व भवन में एक पेड़ मां के नाम अभियान की बैठक में समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अधिक लाभ देने वाली पौध प्रजाति का चयन किया जाये, जिससे भविष्य में इनकी मांग के अनुरूप आपूर्ति (पौध उत्पादन) भी तैयार की जा सके। एक बगिया मां के नाम के माध्यम से राज्य सरकार स्व-सहायता समूहों की महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए भी संकल्पित है।

## भाजपा जिला अध्यक्षों को कार्यकारणी गठन के लिए 25 तक बताने होंगे नाम

**प्रदेशाध्यक्ष ने दिए निर्देश, विधायक-सांसदों से भी करें मंत्रणा**

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा ने अपने जिलाध्यक्षों से कहा है कि उन्हें अपनी टीम और जिला कार्यकारणी के लिए 25 जुलाई तक हर हाल में प्रदेश नेतृत्व को नाम भेजने होंगे। जानकारों की माने तो प्रदेश ने अपने सभी जिलाध्यक्षों से कहा है कि वो अपने सांसदों और विधायकों से उनके क्षेत्र से उपाध्यक्ष, महामंत्री और मंत्री पद के लिए तीन-तीन नामों का पैनल लें। यह सभी नाम पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओं के होने चाहिए और पार्टी की विचारधारा अनिवार्य होनी चाहिए। अध्यक्ष सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा सौंपे गए नामों की जांच करने के बाद पूरी सूची प्रदेश भाजपा कार्यालय को भेजी जाएगी। प्रदेश नेतृत्व ने जिलाध्यक्षों को बताया कि जिन विधानसभा क्षेत्रों में पार्टी का विधायक नहीं है,वहां पर पार्टी के मण्डलाध्यक्षों से नामों का पैनल लिया जाए।

**जामवाल से मिले खंडेलवाल:** इधर प्रदेश भाजपा दफ्तर में अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल से भेंट की। इन दोनों नेताओं के बीच संगठन को लेकर चर्चा हुई है।

**खंडेलवाल पहुंचे रीवा, सीएम के ससुर को दी श्रद्धांजलि :** मध्यप्रदेश भाजपा के अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने बुधवार को रीवा पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर एवं विद्या भारती महाकौशल प्रान्त के पूर्व प्रांत संगठन मंत्री ब्रह्मनंद यादव के निधन पर उनके निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उनके साथ सरकार के राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार के अलावा वहां के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता सहित दूसरे नेता मौजूद रहे।

**मजदूर संघ के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी को पुष्पांजलि अर्पित की :** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बुधवार को' भारतीय मजदूर संघ' के स्थापना दिवस पर भोपाल स्थित ठेंगड़ी भवन पहुंचकर मजदूर संघ के संस्थापक श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ी को पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी एवं जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति उपस्थित रहे।

### पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष बने कुसमारिया



**विसं, भोपाल।** वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रामकृष्ण कुसमारिया को मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का अध्यक्ष बनाया गया है। इस संबंध में बुधवार को देर शाम पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने आदेश जारी कर दिया। आदेश के अनुसार कुसमारिया को आयोग के अध्यक्ष पद पर आयोग के शेष कार्यकाल अथवाआगामी आदेश तक के लिए नियुक्ति किया गया है। उल्लेखनीय है कि कुसमारिया बुंदेलखंड क्षेत्र के बड़े नेता माने जाते हैं। पिछले दिनों नेताओं की उम्र को लेकर उनका बयान चर्चा में रहा।

# घोटाले का असर: 4274 में से 3090 उम्मीदवारों ने ही ज्वाइन की पुलिस ट्रेनिंग

## पुलिस कांस्टेबल भर्ती घोटाला 2023: 1000 अभ्यर्थियों ने रिमाइंडर का भी नहीं दिया जवाब

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा 2023 में आधार कार्ड और सॉल्वर (नकलची) के जरिए हुए घोटाले का असर अब दिखने लगा है। बुधवार को पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) से मिली जानकारी के अनुसार, अब तक 6420 चयनित उम्मीदवारों में से लगभग 50 प्रतिशत ही पुलिस प्रशिक्षण के लिए उपस्थित हुए हैं। आरक्षक भर्ती परीक्षा में धांधली को लेकर अब तक अलग-अलग जिलों में 30 से अधिक एफआईआर दर्ज की जा चुकी हैं।

पीएचक्यू द्वारा नियुक्ति पत्र जारी करते समय आधार हिस्ट्री और दस्तावेजों के सत्यापन की नई प्रक्रिया अपनाए जाने के बाद सैकड़ों अभ्यर्थी पुलिस फोर्स में शामिल होने ही नहीं आ रहे हैं। पुलिस की चयन शाखा बुधवार तक 6420 में से लगभग 4900 उम्मीदवारों को नियुक्ति आदेश जारी कर चुकी है। हालांकि, सफल आवेदकों को दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि पिछले माह ही खत्म हो गई है। जानकारी के अनुसार, 6420 में से 900 उम्मीदवारों ने अब तक अपने दस्तावेजों का सत्यापन नहीं कराया है, जबकि लगभग 100 के दस्तावेज वेरिफिकेशन के दौरान रिजेक्ट हुए हैं। इसके अलावा लगभग 550 उम्मीदवार ऐसे हैं जो जिला स्तरीय मेडिकल में अनफिट पाए गए हैं और इन्हें दोबारा मेडिकल के लिए संभागीय स्तर पर मेडिकल बोर्ड के सामने पेश होना है। लगभग 200 उम्मीदवार ऐसे भी हैं जिनकी अन्य जगह नौकरी लग गई है और वे पुलिस आरक्षक नहीं बनना चाहते। गौरतलब है कि पुलिस आरक्षक के तौर पर पोस्टिंग से पहले इन सभी को प्रदेश के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर्स में 9 माह का प्रशिक्षण हासिल करना अनिवार्य है।

### प्रशिक्षण में आए 3090 अभ्यर्थी, बाकी का इंतजार

एडीजी प्रशिक्षण राजा बाबू सिंह ने बताया कि सोमवार शाम तक 4274 उम्मीदवारों को पुलिस स्कूलों में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होना था, लेकिन इनमें से केवल 3090 उम्मीदवार ही पहुंचे हैं। इनमें 1005 महिला उम्मीदवार और 2085 पुरुष उम्मीदवार शामिल हैं। इसके अलावा, पीएचक्यू के अफसरों के अनुसार जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा फेल किए गए उम्मीदवारों को अपनी फिटनेस साबित करने के लिए दूसरा अवसर देने की खातिर अब तक संभागीय मेडिकल बोर्ड का भी गठन नहीं हो पाया है। मंगलवार को पीएचक्यू की जनसुनवाई में भोपाल जिले के 10 उम्मीदवारों ने यही शिकायत आला अफसरों को की है। अफसरों के अनुसार, बुधवार तक 4900 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी कर दिए गए हैं।

**1000 आवेदक राडार पर**

पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 2023 में लगभग 1000 ऐसे आवेदक हैं जो न तो सूचना मिलने के बाद अपने दस्तावेज चेक कराने आए हैं और न ही उन्होंने कोई सूचना पुलिस को दी है। यहां तक कि ये उम्मीदवार पुलिस द्वारा भेजे गए रिमाइंडर का भी जवाब नहीं दे रहे हैं। ऐसे आवेदकों को संदिग्ध के दायरे में रखते हुए इनकी छानबीन पुलिस करने की तैयारी कर रही है। हालांकि, इस संबंध में पीएचक्यू के अधिकारी सीधी टिप्पणी करने से बच रहे हैं।

# 25 हजार तक फीस लेने वाले स्कूलों को देना होगा शपथ पत्र

## आयुक्त का फरमान: 8 अगस्त तक 500 रु. के स्टांप पर दें जानकारी, स्कूल एसोसिएशन ने जताया विरोध

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** मप्र के 16 हजार निजी स्कूलों को फीस की ऑनलाइन जानकारी देने से छूट दी गई है। अब ऐसे स्कूल संचालकों से शिक्षा विभाग ने पांच सौ रुपए के स्टांप पेपर पर शपथ-पत्र मांगा है कि वे सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों से 25 हजार तक ही फीस ले रहे हैं। लोक शिक्षण आयुक्त शिल्पा गुप्ता ने आदेश जारी करते हुए शपथ-पत्र आठ अगस्त तक जमा करने को कहा है। इधर, अध्यक्ष मप्र प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन अजीत सिंह का कहना है कि 500 के स्टांप पर शपथ-पत्र की कोई जरूरत नहीं है। विभाग के पास पोर्टल पर जानकारी है। शपथ पत्र का प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन विरोध करता है। बता दें कि 25 हजार से अधिक फीस लेने वाले स्कूल संचालकों को ऑनलाइन जानकारी देनी होती है कि हर साल एक विद्यार्थी से कितनी फीस ले रहे हैं। यदि ये स्कूल जानकारी नहीं देते हैं तो स्कूल शिक्षा विभाग उनके खिलाफ जुर्माना लगाने की व्यवस्था कर रहा है। सरकार ने प्रदेश में निजी स्कूलों की बढ़ती फीस पर अंकुश लगाने मप्र निजी विद्यालय अधिनियम 2017 लागू किया है। इसके तहत निजी स्कूल पोर्टल पर अपनी फीस की जानकारी ऑनलाइन देते हैं। इसके लिए एक हजार रुपए पोर्टल पर शुल्क लिया जाता है। तीन महीने पहले स्कूल शिक्षा विभाग ने 25 हजार से कम फीस लेने वाले निजी स्कूलों को पोर्टल पर जानकारी देने में छूट थी। 25 हजार रुपए से कम फीस लेने वाले निजी स्कूल ऑनलाइन ब्यौरा जमा नहीं करेंगे। उक्त स्कूलों को एक हजार रुपए का शुल्क देने से मुक्ति मिलेगी। विभाग ने 25 हजार से कम फीस लेने वाले स्कूलों को 500 के स्टांप पर शपथ पत्र देने के लिए कहा है। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने जारी आदेश में लिखा है। ऐसे स्कूल जिनकी, सभी कक्षाओं की वार्षिक फीस अलग-अलग 25 हजार या उससे कम है।

### जानकारी देने से चूके आठ हजार स्कूल, होगी जुर्माने की कार्रवाई

प्रदेश में 25 हजार से ज्यादा फीस लेने वाले करीब आठ हजार स्कूलों ने इसकी जानकारी अपलोड नहीं की है। अब स्कूल शिक्षा विभाग उनके खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। किसी स्कूल का पंजीयन शुल्क एक हजार है, तो उस पर पांच हजार और पांच हजार पंजीयन शुल्क है, तो उससे 25 हजार रुपए जुर्माना वसूला जाएगा। इसके लिए लोक शिक्षण संचालनालय की तरफ से एनआईसी से जानकारी मांगी गई है कि कौन-कौन से स्कूल हैं, जिन्होंने अब तक फीस की जानकारी अपलोड नहीं की है। इनकी जानकारी मिलने के साथ सभी को नोटिस जारी होंगे।

## भाजपा विधायक के भतीजे राहुल सहित अन्य के विरुद्ध पथराव मामले में संज्ञान

**विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट के समक्ष 23 को हाजिर होने के निर्देश**

**जागरण, जबलपुर।** विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट डीपी सूत्रकार की अदालत ने परिवादी के कार्यालय में पथराव के मामले में भाजपा विधायक अशोक रोहाणी के भतीजे जबलपुर निवासी राहुल रोहाणी, प्रिंस जैन, सत्या पांडे, अयूब खान व प्रदीप ठाकुर के विरुद्ध संज्ञान लिया है। सभी को 23 अगस्त को हाजिर होने के निर्देश दिए गए हैं। परिवादी जितेंद्र माखीजा का आरोप है कि 16 व 17 जनवरी, 2025 की दरमियानी रात साढ़े 12 बजे उसकी दुकान नंबर-सात, कचनार संभाग, नेपियर टाउन पर पथराव किया गया। प्रिंस जैन व अन्य गमछा लगाकर गाली-गलौच कर रहे थे। इस दौरान राहुल रोहाणी कार में बैठा निर्देश दे रहा था। सीसीटीवी कैमरे में सब रिकार्ड हो गया। मामले की शिकायत के बावजूद पुलिस ठोस कार्रवाई नहीं कर रही। इसीलिए अदालत आना पड़ा। परिवादी की ओर से अधिवक्ता ललित कोटवानी, कार्तिक नामदेव, पीयूष मूलचंदानी व शिवा चौबे ने पक्ष रखा। उन्होंने कोर्ट को अवगत कराया कि पथराव में परिवादी के कार्यालय को काफी नुकसान हुआ। आलम यह है कि अवैध सिंधी ट्रस्ट का गठन करने के विरुद्ध आवाज उठाए जाने के बाद से परिवादी पर तरह-तरह से हमले किए जा रहे हैं। उसकी रेकी की जाती है। झूठा प्रकरण दर्ज कराकर जेल तक पहुंचाया गया। जेल से छूटने पर माब लिंचिंग की कवायद तक की गई।

### पटरी पर युवक ने किया हंगामा, दो गाड़ियां लेट

**जागरण, खंडवा।** रेलवे स्टेशन से छह किमी दूर दिल्ली-मुंबई रेल लाइन पर एक व्यक्ति ने हंगामा किया। बमनगांव आखई गांव के पास ट्रेन से उतरकर वह ट्रेन के पहिए के नीचे पटरी पर लेटने लगा। लोगों ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन नहीं माना। हंगामे की वजी से दो ट्रेन लेट हुईं। करीब 20 मिनट बाद वह नहीं समझा तो लोगों ने उसे रस्सी से बांधकर गार्ड रूम में लिटाया और स्टेशन लाए। युवक यूपी का रहने वाला है, उसकी मानसिक स्थिति खराब बताई गई है। खंडवा आरपीएफ के मुताबिक युवक ट्रेन की आखिरी बोगी में बैठा हुआ था। ट्रेन के रुकते ही वह हंगामा करने लगा। एक-एक करके कई यात्री ट्रेन से नीचे उतरे और युवक को काबू में किया। जब उसने किसी की बात नहीं सुनी तो फिर एक खेत में काम कर रहे किसान से रस्सी ली और युवक के हाथ-पैर बांधकर उसे अगले स्टेशन तक लाया गया। वह फिलहाल पुलिस अभिरक्षा में है। उसकी इस हरकत के कारण दो ट्रेनें लेट हुई है। काशी एक्सप्रेस (5017) जिसमें युवक खुद सवार था, वह ट्रेन 6 मिनट लेट हुई। वहीं ट्रेन के ट्रैक पर खड़े रहने के दौरान पीछे आने वाली गुवाहाटी एक्सप्रेस (5945) को सिग्नल देकर पहले ही रोक लिया गया।

# देश में सबसे ज्यादा राजस्व देता है वैश्य समाज, अब रक्तदान में बनाएगा रिकॉर्ड




**जागरण, भोपाल।** इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्ष की बैठक भोपाल के एक होटल में संपन्न हुई। इसमें मुख्य अतिथि इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अशोक अग्रवाल ने कहा कि देश और विदेश में वैश्य समाज की सबसे बड़ी संस्था हमारी है। देश के सभी राज्यों में हमारी संस्था कार्यशील है और विदेश में भी जैसे- दुबई, हांगकांग, थाइलैंड आदि देशों में हमारी संस्था के चैप्टर हैं। वैश्य समाज देश में सबसे ज्यादा 75 प्रतिशत सरकार को राजस्व देता है तथा अब हमने जो रक्तदान का कार्यक्रम किया है उसमें भी वैश्य समाज सबसे ज्यादा रक्तदान कर रिकॉर्ड बनाएगा। उन्होंने कहा कि इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन (आईवीएफ) को बृहद वैश्य समाज को अपने-अपने जिलों में विभिन्न घटकों के सदस्यों को जोड़कर वैश्य समाज को संगठित कर मजबूत करना चाहिए। हमारी संस्था ने वैश्य व्यापारिक ऐप बनाया है जिसमें वैश्य समाज के लोग जुड़ेंगे तो अधिक से अधिक व्यापार एवं उद्योग के विकास में मदद होगी तथा आप लोग आगे बढ़ेंगे। उन्होंने कहा प्रजातंत्र में सबसे ज्यादा आपके साथ शामिल लोगों की गिनती संगठन में होती है, हमें अपने संगठन का विस्तार तहसील स्तर तक करना चाहिए ताकि अंतिम पंक्ति में वैश्य बंधुओं को भी मजबूती प्रदान की जा सके।

### अच्छे वर-वधु को ढूंढने में सहयोग करेगा संगठन : गोयल

प्रदेश अध्यक्ष गोविंद गोयल ने बताया कि वैश्य समाज युवक युवती विवाह के लिये अच्छे वर-वधु को ढूंढने में पूर्ण सहयोग करेगा तथा प्रदेश में जोश से संगठन की मजबूती से कार्य करने एंव इंटरनेशनल वैश्य फेडरेशन के अन्य कार्यकर्मों में पर्यावरण संरक्षण में योगदान हेतु एक पेड़ मां के नाम एंव प्रत्येक जिलों में प्याऊ लगवाने का संकल्प लिया गया। विशिष्ट अतिथि संस्था के संरक्षक सदस्य नितिन अग्रवाल ने मिलकर व्यवसाय वृद्धि पर जोर देते हुए संगठन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। संगठन के वरिष्ठ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप धारिया ने प्रदेशभर से आये वैश्य बंधुओं का अभिवादन करते हुए प्रदेश में चल रही गतिविधियों से सदन को अवगत कराया। जबलपुर से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय अग्रवाल जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष पोरवाल समाज गोपाल कृष्ण गंगराड़े, मुकेश जैन, हरिओम जैन (शिवपुरी), संगीता पलोड़ जी, रश्मि अग्रवाल जी, मंजरी जी जैन, सहित प्रदेशभर से आये हुये वैश्य समाज के पदाधिकारी गण शामिल थे।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### 3000 करोड़ लोन ...

जैसी अन्य एजेंसियों और संस्थानों ने भी ईडी के साथ जानकारी साझा की। अब ईडी इस मामले की जांच कर रही है।

**क्या आरोप हैं ?:** कुछ दिन पहले एसबीआई ने अनिल अंबानी की रिलायंस कम्युनिकेशंस और खुद अनिल अंबानी को 'फ्रॉड' घोषित किया था। एसबीआई का कहना है कि आरकॉम ने बैंक से लिए 31,580 करोड़ रुपए के लोन का गलत इस्तेमाल किया। इसमें से करीब 13,667 करोड़ दूसरी कंपनियों के लोन चुकाने में खर्च किए। 12,692 करोड़ रुपए रिलायंस ग्रुप की दूसरी कंपनियों को ट्रांसफर किए। एसबीआई ने ये भी कहा कि हम इस मामले में सीबीआई के पास शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया में है। अनिल अंबानी के खिलाफ पर्सनल इन्सॉल्वेंसी (दिवालियापन) की कार्रवाई भी नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल मुंबई में चल रही है।

### क्रेन ऑपरेटर बनकर...

आतंकवादी का नाम आकाशदीप सिंह उर्फ बाज है। वह अमृतसर में चनाचेन का रहने वाला है। उसने अप्रैल 2025 में पंजाब के गुरदासपुर के बटाला में किला लाल सिंह थाने पर रॉकेट लॉन्चर से हमला किया था। हमले की जिम्मेदारी बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़े हैप्पी पासिया, मनू आगवन और गोपी नवांशहरिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर ली थी। पुलिस ने दावा किया था कि ये हमला उप्र के पीलीभीत और पंजाब में ग्रेनेड हमलों के आरोपी को मारने का बदला लेने के लिए किया गया था। आकाश इंदौर के हीरानगर थाना इलाके की निर्माणाधीन बिल्डिंग में क्रेन ऑपरेटर का काम कर रहा था। दिल्ली पुलिस उसे गिरफ्तार कर साथ ले गई। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत एक अन्य मामला भी दिल्ली में ही दर्ज है। डीसीपी कौशिक ने कहा-यह गिरफ्तारी बब्बर खालसा के भारत में फैले नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता है। हम आरोपी से पूछताछ कर अन्य लिंक और मॉड्यूल की जांच कर रहे हैं।

### श्रमिकों को हर माह ...

अमेरिका से उन्हें बुलाते हैं। सीएम ने कहा, हमारा लक्ष्य मध्यप्रदेश को दूध की राजधानी और रोजगार और समृद्धि का केंद्र बनाना है और हम इस दिशा में लगातार काम कर रहे है। डॉ. यादव ने कहा, सावन अब महीने भर का नहीं, पूरे साल का हो गया है, क्योंकि रोज उद्योगों की वर्षा हो रही है, इसलिए विदेशों में जाकर निवेशकों से संवाद किए जा रहे हैं। अब तक इंग्लैंड, जापान, जर्मनी, दुबई के निवेशकों से संवाद किया है और वहां से निवेश के प्रस्ताव भी मिले हैं। इस सबके पीछे मंशा यह है कि मध्यप्रदेश दुनिया के औद्योगिक नक्शे पर चमके। सीएम ने कहा, वर्ष 2014 में भारत आर्थिक स्थिति के मामले में दसवें स्थान पर था, आज चौथे स्थान पर है, यह पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और सरकार चलाने के तरीके का परिणाम है। हम राजनीति करने नहीं आए हैं, जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं यही मोदी की टीम है। वर्ष 2002-03 तक मध्यप्रदेश में 7 लाख हेक्टेयर सिंचाई थी, आज 55 लाख हेक्टेयर हो गई है।

## पर्यावरण के अनुकूल कोयला खनन के लिए भूमिगत खनन एक बेहतर तरीका

# कोयले की उपलब्धता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण





### कोयला मंत्रालय ने कोयला खनन को पूरी तरह से बदलने की क्रांतिकारी पहल

**जागरण, बैढ़न**

पर्यावरण के अनुकूल कोयला खनन के लिए भूमिगत खनन एक बेहतर तरीका है कोयले की उपलब्धता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण है विशेषज्ञों का मानना पर्यावरण के अनुकूल कोयला खनन के लिए भूमिगत खनन एक बेहतर तरीका है कि देश में मजबूत आर्थिक विस्तार के साथ बिजली की मांग और बढ़ेगीऔर इस बढ़ोतरी के साथ.साथ कोयले के उत्पादन पर भी बोझ बढ़ेगा। इसे ध्यान में रखते हुए कोयला मंत्रालय ने कोयला खनन को पूरी तरह से बदलने के लिए एक क्रांतिकारी पहल की शुरुआत की है। भारत अपनी जलवायु प्रतिबद्धताओं को पूरा करते हुए पर्यावरण के अनुकूल तरीकों से कोयला खनन की संभावनाओं को तलाश रही है जिसमें अंडरग्राउंड माइनिंग भूमिगत खनन महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आने वाले वर्षों में कोयला उत्पादन में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रूप में प्रसिद्ध मध्य प्रदेश के सिंगरौली में भी कई भूमिगत खदान परियोजनाएं शुरू होने की उम्मीद है। जिससे कोयले के उत्पादन में बढ़ोतरी होने के साथ.साथ स्थानीय विकास और प्रदेश एवं देश के राजस्व में बढ़ोतरी होगी। ओपन कास्ट माइनिंग की तुलना में अंडरग्राउंड माइनिंग के कुछ प्रमुख फायदे भी हैं। जिस प्रकार अनुमानित तौर पर वर्ष 30-35 के बीच कोयले की मांग चरम पर पहुंचने की संभावना है ऐसे में कोयले की उपलब्धता बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने की दृष्टि से अंडरग्राउंड माइनिंग भारत की जलवायु परिवर्तन प्रतिबद्धताओं के साथ.साथ ऊर्जा सुरक्षा दोनों को संतुलित करने में सक्षम है।

### पर्यावरणीय रूप से स्वच्छ खनन

पर्यावरण की दृष्टि से अंडरग्राउंड माइनिंग बेहद कारगर साबित हो सकती है। मुख्य रूप से इस विधि द्वारा खनन में वन क्षेत्र को विस्थापित करने की आवश्यकता नहीं होती है जिससे भूमि और वन्य जीवन का संरक्षण सुनिश्चित होता है। साथ ही यह भूमि के ह्रास या किसी प्रकार के नुक्सान को रोकने में भी सहायक होता है और उपजाऊ ऊपरी सतह या मृदा को सुरक्षित रखने में कारगर साबित होता है। यह इसे उन क्षेत्रों में अधिक आकर्षक बनाता है जहाँ भूमि की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करना आवश्यक है। ओपन कास्ट खदानों के विरुद्ध अंडरग्राउंड माइनिंग से प्रदुषण का भार भी कम होता है क्योंकि इसमें अतिभार हटाने जैसी प्रक्रियाएं शामिल होती हैं जो खुली खदानों में प्रदुषण का प्रमुख कारण बनती हैं। इसके अतिरिक्त अंडरग्राउंड माइनिंग विधि के जरिये जल प्रदूषण पर भी कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ता। भूमिगत खनन से ध्वनि प्रदूषण कम होता है क्योंकि अधिकांश मशीनरी और खनन गतिविधियाँ ज़मीन के नीचे होती हैं।

### सामाजिक दृष्टि से फायदेमंद अंडरग्राउंड माइनिंग

अंडरग्राउंड माइनिंग को समाज.हितैषी माना जाता है क्योंकि इस प्रक्रिया में स्थानीय निवासियों को विस्थापित होने का खतरा नहीं रहता जिससे पुनर्वास और पुनर्स्थापना की भी कोई आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके अतिरिक्त खनन के इस तरीके में पारंपरिक आजीविकाओं पर भी कोई प्रभाव नहीं पड़ता और कृषि भूमि को भी बिना किसी छेड़छाड़ के सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके साथ ही महत्वपूर्ण रूप से अंडरग्राउंड माइनिंग से बेहतर गुणवत्ता का कोयला प्राप्त होता है जिसे गुणात्मक रूप से श्रेष्ठ माना जाता है। यह सीधे तौर पर उच्च श्रेणी के कोयले के आयात को कम करने में सहायक सिद्ध हो सकता है जिससे देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा किया जा सकता है। रिकॉर्ड तोड़ कोयला उत्पादन सरकार के रणनीतिक सुधारों और नीतियों को दर्शाता है। खान और खनिज अधिनियम में संसोधन और कोयला ब्लॉकों की वाणिज्यिक नीलामी के माध्यम से कोयला को निजी क्षेत्रों के लिए खोलना जैसे पहलों से घरेलू कोयले की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है जिससे आयात में लगातार कमी आयी है और विदेशी मुद्रा बचत में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने में प्रदेश का सिंगरौली जिला लगातार अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कोयला और बिजली उत्पादन में अव्वल रहने वाली इस ऊर्जाधानी का योगदान अब कुछ नए कोयला खदानों के आवंटन और उनके चालू होने से और अधिक बढ़ने की उम्मीद है। खदानों के संचालन शुरू होने से न केवल कोयला उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी के साथ कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत स्थानीय विकास को बढ़ावा मिलेगा। प्राप्त होने वाले राजस्व से सिंगरौली में सड़कों अस्पतालों और शिक्षा संस्थानों जैसे बुनियादी ढांचे के विकास में तेजी की उम्मीद की जा सकती है जिससे स्थानीय निवासियों को बेहतर सुविधाएं तो मिलेंगी ही साथ ही उनकी जीवनशैली में भी सकारात्मक बदलाव लाये जा सकेंगे।

# पैसा तो निकल गया साहब कहां गई पुलिया

### आवेदक ने आवेदन देकर जांच की उठाई मांग

### पुलिया घोटाला का मामला पहुंचा जनसुनवाई में

**जागरण, चितरंगी।** ग्राम पंचायत ओड़नी में हुए पुलिया घोटाला के संबंध में आवेदक ने जिला कलेक्टर सिंगरौली एवं जनसुनवाई में आवेदन देकर जांच की मांग किया है। बताते चलें कि आवेदक पन्नालाल बैस निवासी ग्राम पंचायत ओड़नी ने पंचायत एजेंसी ओड़नी पर व्यापक रूप से भ्रष्टाचार किए जाने एवं बिना पुलिया बनाए ही सामग्री भुगतान एवं अन्य के नाम पर राशि का आहरण कर बंदर बाट किए जाने का आरोप भी लगाया है। मजे की बात तो यह है कि उक्त पुलिया के संबंध में सोशल मीडिया पर कई बार खबरें प्रकाशित हो चुकी परंतु हाय रे जनपद पंचायत विभाग जो अभी भी कुंभकरणीय निद्रा में सो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत ओडनी में ग्राम रेहड़ा के हरिजन बस्ती में प्रस्तावित पुलिया का बिना निर्माण कार्य किए ही सरपंच सचिव के द्वारा 8 लाख आहरित कर लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जबकि चिन्हांकित पुलिया मौके पर कही भी दिखाई ही नहीं दे रही है। पुलिया निर्माण कार्य में जो यसटीयस पूर्णता जारी किया गया है उसमें बकायदा सामग्री के लिए छह लाख अस्सी हजार और मजदूरी के लिए एक लाख बीस हजार स्वीकृति हुई थी बताया यह भी जाता है कि सरपंच सचिव के द्वारा सात लाख इकतालीस हजार आठ सौ सात सामग्री के नाम पर भुगतान निकाल लिया गया है जबकि सामग्री के लिए छः लाख असी हजार ही स्वीकृत था लेकिन एसए टीएस में जो राशि निर्धारित थी उससे ज्यादा भुगतान किस आधार पर हुआ है यह बात अपने आप में बहुत बड़ी अन सुलझी पहेली बनी हुई है और तो और जनपद पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी सीईओ उपयंत्री एसडीओ किस आधार पर मूल्यांकन किया यह बात गले नहीं उतर रही है। इंजीनियर एसडीओ किस स्थान का जियो टैग किए हैं कि न तो पुलिया दिखाई दे रही है और नहीं पुलिया का निर्धारित स्थान। मजे की बात तो यह है कि जब से मुख्य कार्यपालन अधिकारी मानसिंह सैय्याम ने जनपद पंचायत चितरंगी का पदभार संभाला है तब से चितरंगी जनपद पंचायत क्षेत्र की पंचायतो में भ्रष्टाचार सर चढ़कर के बोल रहा है यहां तक की कोई शिकवा शिकायत के बाद मामले की पुष्टि भी हो जाती है तो मामले को किस आधार पर रफा दफा कर दिया जाता है यह बात कमीशन खोरी से लेकर निर्माण कार्यों पर व्यापक गोलमाल भी चर्चा का विषय बना हुआ है। जन चर्चा के मुताबिक जनपद पंचायत के अधिकारियों कर्मचारियों के कार्यशैली का अभी ट्रेलर चल रहा है पिक्चर तो बाकी है।

## पौधरोपण के साथ छात्र श्रृंखला बनाकर सरस्वती विन्ध्यनगर में मनाया गया 38वॉ स्थापना दिवस

**जागरण विंध्यनगर।** आज सरस्वती शिशु मंदिर/उ.मा. विद्यालय विन्ध्यनगर के छात्रों ने विद्यालय का 38वॉ स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर भैया/बहनों ने उत्सुकता पूर्वक छात्र श्रृंखला का निर्माण किया जो विशेष आकर्षण का केन्द्र था। प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे के साथ प्रबन्धकारिणी समिति के अध्यक्ष उपेन्द्र दुबे एवं व्यवस्थापक धीर सिंह चौहान सह व्यवस्थापिका श्रीमती गायत्री श्रीवास्तव ने हवन पूजन कर स्थापना दिवस को यादगार बनाया। विशेष आमंत्रित अतिथियों में जिला सचिव डॉ. सुशील सिंह चन्देल एवं ऊर्जांचल विभाग के विभाग समन्वयक बैकुण्ठ शाह उपस्थित रहे। आगंतुकों ने पूजन अर्चन कर छात्रों को सुभाशिष प्रदान किया। प्राचार्य श्री दुबे ने विद्यालय की विकास यात्रा के गौरवपूर्ण क्षणों को बताया एवं छात्रों से श्रेष्ठ नागरिक बनने की अपील की। जिला सचिव डॉ. चन्देल एवं विभाग समन्वयक श्री शाह ने स्थापना दिवस की शुभकामना संदेश में सचरित्रवान छात्र बनने की प्रेरणा दिए। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम गुप्ता ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# निलंबन के बावजूद भी प्रभार नहीं दे रहे निलंबित प्राचार्य

### थाना चितरंगी में 23 साइकिलों के हेरा फेरी का मामला है दर्ज

### विद्यार्थीयों का शुल्क सहित अन्य अभिलेखों में लीपा पोती करने का लग रहा आरोप




**जागरण चितरंगी।** विकासखंड चितरंगी अंतर्गत संकुल केंद्र खटाई के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई में मध्यप्रदेश शासन के द्वारा जारी विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली 23 साइकिलों की पूर्व प्राचार्य जयकांत कुमार द्वारा विक्रय करने के हिसाब से हेराफेरी की गई थी जिसके संबंध में सोशल मीडिया पर खबरें सुर्खियों में छाई हुई थी।ऐसे में विभागीय जिम्मेदार अधिकारियों के द्वारा थाना चितरंगी में जयकांत कुमार के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध किया जा चुका है।और तो और संभागीय कार्यालय में पूर्व प्राचार्य के द्वारा शासनादेश के विरुद्ध किये गए कृत्य के संबंध में प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था। प्रतिवेदन के आधार पर संभागीय कमिश्नर रीवा द्वारा दर्ज प्रकरण के आधार पर कमिश्नर रीवा द्वारा 15 जुलाई को पूर्व प्रभारी जयकांत कुमार को निलंबित कर निलंबन अवधि में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिंगरौली में उपस्थित होने का निर्देश भी दिया गया था। इस दौरान शिक्षा व्यवस्था शाला संचालन एवं कार्यालयीन गतिविधियों में किसी भी तरह की विसंगति न हो जिसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी जिला सिंगरौली ने उच्च माध्यमिक शिक्षक अर्जुन प्रसाद बैस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई को प्रभारी प्राचार्य हेतु आदेशित किया है। अब मजे की बात तो यह है कि जिला शिक्षा अधिकारी सिंगरौली के आदेशानुसार अर्जुन बैस ने नवागत प्राचार्य का पद भार ग्रहण ग्रहण कर पहले से चरमराई शिक्षा व्यवस्था को पुरजोर तरीके से पटरी पर लाने के प्रयास जुट गए। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाबजूद भी प्रभार देने में पूर्व प्राचार्य जयकांत कुमार अभी भी आनाकानी कर रहे हैं। निलंबित श्री कुमार का कृत्य यह दर्शाता है की दाल में काला नहीं बल्कि अभी भी पूरी दाल ही काली है और तो और 15 को निलंबित होने के बाद जयकांत कुमार द्वारा 17 को मेडिकल अवकाश दर्शाया गया है। जिनके पर्ची में डॉक्टर ने बेड रेस्ट लिखा है फिर भी मेडिकल अवकाश के बहाने शासन के आँख में धूल झोंकते हुए चितरंगी और खटाई संकुल के बीच बोलेरो गाड़ी चलाकर अक्सर चक्कर लगाते नजर आते हैं यह कारनामा कई तरह का सवाल खड़ा कर रहा है फिलहाल निलंबन के बावजूद भी अभी तक प्रभार न देने वाली बात किसी के गले नहीं उतर रही है। ऐसे में क्या निलंबित पूर्व प्राचार्य नवागत प्राचार्य को प्रभार दे पाएंगे या अभी भी मनमानी का सिलसिला चलता रहेगा। बताया यह भी जाता है कि जयकांत कुमार जिले में अपनी उपस्थिति न देकर पुनः से प्रभारी प्रचार्य की कुर्सी पर बैठने हेतु मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर से स्थगन आदेश लाने में जुटे हुए हैं यही वजह है कि15 को निलंबित होने के 2 सप्ताह बाद भी न तो जिले में अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके और ना ही खटाई नवागत प्राचार्य को किसी भी तरह का प्रभार ही दे सके है जो यह दर्शाता है कि मलाई का रस एक बार पुनः कुर्सी के मोह में डाल रहा है। जिसकी समुदाय में चर्चा तेजी से चल रही है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या जिम्मेदार अधिकारी एवं विभाग निलंबित पूर्व प्राचार्य से कमिश्नर के आदेशों का पालन करवा पाएंगे या निलंबित प्राचार्य द्वारा आदेशों को ठेंगा दिखाते हुए मनमानी रवैया जारी रहेगा।

# महान अल्युमिनियम कैपटिव पावर का प्रबंधक एवं नियोजित ठेकेदार कर रहा है श्रमिकों का शोषण : नरेंद्र मिश्रा

### सिंगरौली प्रभारी मंत्री संपत्तिया उईके को सौंपा ज्ञापन



**जागरण, बैढ़न।** महान अल्युमिनियम एवं कैपिटब पावर कर्मचारी ट्रेडिंग यूनियन बरगवा जिला सिंगरौली के महामंत्री नरेंद्र प्रसाद मिश्रा द्वारा सिंगरौली की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपत्तिया उईके को प्रबंधन द्वारा तथा उनके ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों का किए जा रहे शोषण तथा श्रम कानून के तहत मिलने वाली सुविधाओं को न देने पर ज्ञापन सौपा तथा मांग किया है कि महान अल्युमिनियम एवं कैपटिव पावर बरगवा जिला सिंगरौली में कार्यरत कर्मचारी एवं संविदा कर्मियों को श्रम कानून के तहत सुविधा नहीं दी जा रही है तथा यदि श्रमिक न्यूनतम मजदूरी ग्रेच्युटी बोनस साप्ताहिक अवकाश का पैसा मांगने आदि मांग करता है तो उसे सीधे कार्य से निकाल दिया जाता है तथा पंजीकृत संगठन के पदाधिकारी यदि श्रमिक की मांग रखते हैं तो उन्हें सीधे आरोप लगाकर निकाल दिया जाता है दो दर्जन विस्थापित श्रमिक बेरोजगार होकर मानसिक रूप से प्रताड़ित हो रहे हैं तथा संविदा ठेकेदार द्वारा श्रमिकों से 8 घंटे के स्थान पर 12 घंटे कार्य कराया जा रहा है तथा 8 घंटे का न्यूनतम वेतन नहीं दिया जा रहा है वह भी शासन के रेट से कम प्रबंधन द्वारा दिया जा रहा है हिंडालको प्रबंधन द्वारा कराई जा रही श्रमिकों के शोषण पर सहायक श्रम आयुक्त सिंगरौली को 14 . 15 ठेकेदारों के विरुद्ध औद्योगिक विवाद दिया गया जो कार्यवाही लंबित है प्रभारी मंत्री श्रीमती संपत्तिया उईके से श्रमिक नेता नरेंद्र मिश्रा ने मांग कर निवेदन किया है कि प्रबंधन द्वारा 5 वर्ष श्रमिकों का कार्य पूर्ण होने के पहले संविदा के अधीन नियोजित श्रमिक कर्मचारी को निकाल दिया जाता है ताकि ग्रेच्युटी की राशि का भुगतान न करना पड़े श्रमिक नेता तथा महान अल्युमिनियम कैपटिव पावर कर्मचारी ट्रेड यूनियन बरगवा के महामंत्री नरेंद्र प्रसाद मिश्रा प्रभारी मंत्री से ज्ञापन के माध्यम से निवेदन किया है कि हिंडालको महान अल्युमिनियम कैपटिव पावर बरगवा के प्रबंधन तथा उनके द्वारा नियुक्त ठेकेदारों के विरुद्ध जो श्रमिक कर्मचारी का शोषण लगातार कर रहे हैं विधि कार्यवाही की जाए ज्ञापन के समय संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साकेत नरेंद्र प्रसाद मिश्रा अवनीश कुमार दुबे अजय सिंह चौहान ओमप्रकाश तिवारीए रमाशंकर शुक्ल घनश्याम पाठक संतोष शुक्ला विकास देव पांडेय संदीप कुमार साकेत प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री ज्वालामुखी मंदिर समीप ट्रक ड्राइवर से हो रही तीर्थ यात्रियों को असुविधा

### मंदिर के समीप मांस मदिरा का सेवन किए जाने से हिंदू समाज में आक्रोश

**जागरण शक्तिनगर।** स्थानीय शक्तिपीठ श्री ज्वालामुखी मंदिर समीप एनटीपीसी तृतीय चरण परियोजना निर्माण कार्य से संबंधित स्टील यार्ड एवं वेब्रिज बनाया गया है जिसके कारण मंदिर के प्राचीन मुख्य मार्ग के पास सैकड़ो की तादात में ट्रक ट्रेलर बल्कर दिन.रात खड़े रहते हैं जिस कारण मंदिर पर आने वाले तीर्थ यात्री दर्शनार्थियों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि ट्रक ड्राइवर द्वारा मंदिर प्रांगण के समीप मांस मदिरा का सेवन किया जाता है जिससे मंदिर की पवित्रता एवं धार्मिक वातावरण दूषित हो रहा है। जानकारी पर पता चला कि इसमें अधिकांश गाड़ियां सिमर इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड एवं अन्य संविदा कंपनियों की बताई जा रही हैं। इस संबंध में मंदिर के प्राधिकृत पुजारी हेमंत मिश्रा द्वारा परियोजना प्रबंधन को अवगत कराया जा चुका है। पर परियोजना प्रबंधन द्वारा अब तक इन गाड़ियों को नहीं हटाया गया है और प्रतिदिन सैकड़ो के गाड़ियों का आने.जाने का कर्मचारी रहता है। सिमर इंफ्रास्ट्रक्चर के टेलर द्वारा तोड़ा गया रेलिंग का नहीं हुआ। अनुरक्षण दुर्घटना को दे रही दावत

विगत दिनों श्री ज्वालामुखी मंदिर मुख्य मार्ग पर बनी पुलिया के रेलिंग से सिमर इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड का एक ट्रेलर ब्रेक फेल होने के कारण जाकर टकरा गया था जिसमें तीर्थ यात्री बालों बाल बच गए थे ट्रेलर जाकर पुलिया के रेलिंग से टकरा गया था जो क्षतिग्रस्त हो गया है। मौके पर पहुंचे संविदा कंपनी के द्वारा कहा गया था कि उसका निर्माण कर दिया जाएगा पर अब तक निर्माण कार्य नहीं कराया गया है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मंदिर पुजारी द्वारा बताया गया कि इस संबंध में जिलाधिकारी के माध्यम से शिकायत की जाएगी।

## प्रभारी मंत्री ने हनुमान मंदिर पहुंचकर टेका माथा

**जागरण बैढ़न।** जिले के दो दिवसीय प्रवास पर आई जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके मंत्री मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग ने बैढ़न हनुमान मंदिर में पहुचकर हनुमान जी की पूजा अर्चना कर प्रदेश एवं जिले के खुशहाली के लिए कामना की। इस अवसर राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्रीमती राधा सिंह सिंगरौली विधानसभा के विधायक राम निवास शाह देवसर विधानसभा के विधायक राजेन्द्र मेश्राम नगर निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय सिंगरौली विकास प्राधिकरण अध्यक्ष दिलीप शाह भाजपा जिलाध्यक्ष सुन्दर लाल शाह उपस्थित रहे।

# नवांकुर रामचंद्र सेवा समिति सेक्टर चितरंगी में नवांकुर सखी का आदर्श ग्राम खोखवा में किया गया आयोजन




**जागरण, चितरंगी।** विकास खंड चितरंगी में नवांकुर रामचंद्र सेवा समिति सेक्टर चितरंगी में नवांकुर सखी का आयोजन आदर्श ग्राम खोखवा में किया गया। जिसमे कार्यक्रम के मुख्यातिथि मप्र जन अभियान परिषद निकाय के सदस्य कृष्णकांत द्विवेदी रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती फुलकुवर कर रही थी। विशिष्ट अतिथि के रूप में तहसीलदार चितरंगी ऋषि नारायण सिंह जनपद सीईओ मान सिंह सैयाम मप्र जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक जिला समन्वयक राजकुमार विश्वकर्मा ब्लाक समन्वयक विश्वनाथ रैदास नवांकुर संस्था के अध्यक्ष शिवेंद्र धर द्विवेदी यदुवंश यादव ग्रामविकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष श्यामलाल सिंह परामर्शदाता सहित नवांकुर सखी ग्रामीण नागरिक महिला पुरुष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों माता सरस्वती जी के क्षाया चित्र पर धूप दीप प्रज्जवलित किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत भाषण एवं रूपरेखा जिला समन्वयक द्वारा बताया गया। सभाग समन्वयक ने नवांकुर सखी कार्यक्रम के बारे मे विस्तार जानकारी दिया। मुख्यातिथि ने अपने आशीर्वचन में बताया कि पर्यवरण जीवन मे कितना आवश्यक हैं। इसलिए मप्र जन अभियान परिषद द्वारा माताओ बहनो के सहयोग से इस योजना को क्रियान्वित कर रहा है। सभी अतिथियों द्वारा एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण किया। आदिवासी कल्चर में घसिया बाजा जो गुदुम के नाम से जाना जाता है। कलश यात्रा बड़े हर्ष उल्लास के साथ निकाली गई। तपश्चात नवांकुर सखियों को पौधा वितरण किया गया। उस पौधों को एक वर्ष नवांकुर सखी अपने यहां देख रेख करेगी। फिर किसी त्यौहार पर उसका रोपण किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने केलिए ग्राम पंचायत के सरपंच फुलकुवर सचिव मंगेश्वर पांडेय और सरपंच प्रतिनिधि धीरेंद्र द्विवेदी का सराहनीय योगदान रहा।

# बाबा बटुक भैरव जी का वार्षिकी श्रृंगार का आयोजन



### मां ज्वाला देवी जागरण परिवार संस्कृति कला मंच के कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण के गीतों की दी प्रस्तुति

**जागरण, विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल परियोजना के आवासीय परिसर में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी महेश शंकर गिरी गनेश शंकर गिरी महंत परिवार द्वारा बाबा बटुक भैरव जी का वार्षिक श्रृंगार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बाबा बटुक भैरव जी की वार्षिकी की श्रृंगार की आरती कार्यक्रम में उपस्थित होकर पुण्य का लाभ उठाया एवं प्रसाद ग्रहण किया। महेश शंकर गिरी और गनेश शंकर गिरी महंत परिवार द्वारा प्रतिवर्ष बाबा बटुक भैरव जी का वार्षिक श्रृंगार कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है इस दौरान मां ज्वाला देवी जागरण परिवार संस्कृति कला मंच के कलाकारों द्वारा भक्ति जागरण के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ.साथ गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मां ज्वाला देवी जागरण परिवार संस्कृति कला मंच की कलाकार कविता पुनीता संतोष गायक ने अपनी प्रस्तुतियां दी कार्यक्रम के दौरान ढोलक पर उनकी संगत साथी कलाकारों द्वारा दी गई। कार्यक्रम में विंध्याचल आवासीय परिसर के हजारों की संख्या में भक्त और श्रद्धालु मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से आशुतोष लक्ष्मण सिंह जितेन सिंह राकेश राधे लालता आदि शामिल रहे। यह आयोजन देर रात तक चलता रहा जहां श्रद्धालु मां के गीतों में झूमते रहे। कार्यक्रम पर समापन पश्चात कार्यक्रम के आयोजन महेश शंकर गिरी और गनेश शंकर गिरी महंत परिवार द्वारा उपस्थित लोगों का आभार ज्ञापित किया।

# वन विभाग के तत्वावधान में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पवई में पौधारोपण

## विद्यासागर गौ संवर्धन समिति परिसर में एडीजे और भाजपा जिला अध्यक्ष ने पौधा रोप दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**पवई ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 5 जून 2024 को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पवई विकासखंड में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन पवई से लगभग 7 किलोमीटर दूर कटनी मार्ग स्थित श्री विद्यासागर गौ संवर्धन समिति गौसदन परिसर में वन विभाग के तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें क्षेत्र के गणमान्य लोग, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान अपर सत्र न्यायाधीश (एडीजे) सोम पांडे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा (डब्बू भैया) ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया। दोनों अतिथियों ने पौधों की सुरक्षा का भी वचन दिया। वृक्षारोपण के दौरान एडीजे सोम पांडे ने भारतीय संस्कृति में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि, अच्छे कार्य की शुरुआत वृक्षारोपण से ही होती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में स्वयं को 'वृक्षानाम अश्वत्थः' कहा है। हमारे ग्रंथों में भी वृक्षों का विशेष महत्व बताया गया है। गरुड़ पुराण में उल्लेख है कि यदि घर में तुलसी का पौधा हो तो नकारात्मक शक्तियां और यमदूत वहां प्रवेश नहीं कर सकते। वृक्ष जीवन और ऊर्जा के स्रोत हैं, हमें उन्हें संरक्षण देकर आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण सुनिश्चित करना होगा। वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने कहा कि, हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। यह न केवल पर्यावरण की रक्षा करता है, बल्कि समाज में हरियाली और स्वच्छ वातावरण के लिए स्थायी योगदान देता है। हमें पेड़ों की देखभाल उतनी ही करनी चाहिए जितनी हम अपने परिवार की करते हैं, क्योंकि वृक्ष भी हमारे जीवन का आधार हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा ने गौसदन परिसर में बने भूसा गोदाम का लोकार्पण भी किया। कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने गौ संरक्षण और पर्यावरण बचाने की दिशा में सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी नितेश पटेल, थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी, गौ रक्षा समिति के अध्यक्ष और सदस्य, भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया जिला महामंत्री दीपेंद्र सिंह परमार मंडल महामंत्री प्रतीक ताम्रकार पूर्व मंडल अध्यक्ष मधु गुलाब सोनी सतपाल सिंह कान्हू राजा व भाजपा के वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी, स्थानीय ग्रामीण और स्वयंसेवक मौजूद रहे। सभी ने सामूहिक रूप से पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समिति की ओर से उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया और पौधों की सुरक्षा और संवर्धन हेतु जिम्मेदारियां सौंपी गईं। आयोजकों ने कहा कि आने वाले समय में ऐसे कार्यक्रम पवई और आसपास के गांवों में भी जारी रहेंगे, ताकि हरियाली बढ़ाने और जलवायु संतुलन बनाए रखने में क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

# गरीब महिलाओं के आजीविका के नाम पर भ्रष्टाचार के संबंध में प्रकाशित खबर का किया खंडन

**पन्ना ।** म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक प्रमोद शुक्ला ने 18 जुलाई 2025 को कतिपय समाचार पत्रों में गरीब महिलाओं के आजीविका के नाम पर भ्रष्टाचार शीर्षक से प्रकाशित खबर का बिन्दुवार खंडन कर वस्तुस्थिति के बारे में अवगत कराया है। बताया गया है कि पन्ना जिले में सक्रिय 10 हजार 143 स्वसहायता समूह में से 9 हजार 507 समूहों के बैंक खाते खोले गए है। मिशन अंतर्गत सिर्फ सक्रिय समूहों के बैंक खाते ही खोले जा सकते हैं। समाचार पत्र में 90 प्रतिशत समूहों का पूर्णतः निष्क्रिय होना उल्लेखित है जो कि पूर्णतः गलत है। जिला परियोजना प्रबंधक ने जानकारी दी कि समूह से जुड़ी ग्रामीण महिलाओं को लखपति श्रेणी में लाने के लिए आरएफ, सीआईएफ, सीसीएल एवं पीएमएफएमई के माध्यम से ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित कर महिलाओं को दो या दो से अधिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। ऋण राशि समूह द्वारा सदस्यों के खातों में हस्तांतरित की जाती है एवं महिलाएं स्वयं की इच्छा व आवश्यकतानुसार गतिविधियों की स्थापना कर संचालन करती हैं। इसलिए आजीविका मिशन पन्ना के अधिकारियों द्वारा फर्जीवाड़ा किए जाने की बात निराधार है। मिशन अंतर्गत सामुदायिक संस्थाओं में कार्यरत सीआरपीओ को मानदेय भुगतान सीएलएफ के माध्यम से उनके व्यक्तिगत खातों में किया जाता है, जिससे किसी भी तरह के बंदरबाट की गुंजाइस शेष नहीं रहती। इसी तरह चक्रीय निधि स्वसहायता समूहों के खातों में सीधे हस्तांतरित की जाती है। वहीं सामुदायिक निवेश निधि सीएलएफ के माध्यम से ग्राम संगठन को, ग्राम संगठन से समूह को तथा मांग अनुसार समूह सदस्यों के खाते में राशि ऋण के रूप में प्रदान की जाती है। जो समूह सदस्यों द्वारा अपनी आर्थिक गतिविधियों को सुदृढ़ करने में उपयोग किया जाता है। इसमें भ्रष्टाचार जैसी कोई गतिविधि संभव नहीं है। इस संबंध में यह भी अवगत कराया गया है कि पन्ना जिले में उद्यानिकी विभाग द्वारा 35 प्रतिशत अथवा 10 लाख रूपए तक का अनुदान किसी भी समूह को प्राप्त नहीं हुआ है। बल्कि मिशन कार्यालय भोपाल द्वारा जिले के 61 समूहों को पीएमएफएमई योजना के तहत 4 लाख रूपए प्रति समूह के मान से 2 करोड़ 42 लाख रूपए की राशि जारी की गई है। यह समूहों को खाद्य गतिविधि स्थापित करने के लिए ऋण के रूप में प्रदान की जाना है। समूह को इसमें किसी भी तरह का अनुदान नहीं मिलेगा। समूह स्वयं अपनी कार्यकुशलता व आवश्यकता के आधार पर खाद्य गतिविधि की स्थापना व संचालन का कार्य कर अग्रिम 24 माह में 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से सीएलएफ को राशि वापस करेंगे। जनवरी 2021 में हुई थी ओम प्रकाश सोनी की पदस्थापना जिला परियोजना प्रबंधक ने बताया कि पन्ना जिले में जनवरी 2021 में जिला प्रबंधक लघु उद्यमिता विकास ओम प्रकाश सोनी की पदस्थापना हुई थी। जबकि जिला अंतर्गत अगरबत्ती की मशीनें वित्तीय वर्ष 2018-19 में क्रय की गई थी। श्री सोनी के विरूद्ध लगाया गया आरोप सर्वथा मिथ्या है। इसी तरह गूंजा की मशीनों में सप्लायर से मोटा कमीशन लेने की बात की गई है। जबकि इसमें विकासखण्ड के अधिकारी व कर्मचारियों की कोई भूमिका नहीं है। समूह सदस्यों द्वारा कागजी कार्रवाई के साथ गूंजा की मशीनों को स्वयं क्रय किया गया है। यह भी बताया गया है कि समूह प्रोफाइल संबंधित पोर्टल कार्य सीएलएफ से अनुबंधित महिला सीआरपीओ के द्वारा किया जाता है। लोकोस एवं एनआरएलएम पोर्टल में डाटा के आपसी समन्वय में समय लगने के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई थी। यह पूर्णतः तकनीकी आधारित समस्या थी। जानबूझ कर की गई गलती न होने के कारण यह प्रकरण विलोपित कर दिया गया था।

## रोगी कल्याण समिति की बैठक आज

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार, 25 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 5 बजे से जिला रोगी कल्याण समिति की बैठक आहूत की गई है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक एवं समिति के सचिव डॉ. आलोक कुमार गुप्ता ने सर्वसंबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# जिलेभर में आयोजित किये गये नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम

**पन्ना।** म. प्र. पुलिस द्वारा संपूर्ण राज्य में संचालित नशे से दूरी है जरूरी जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत, पन्ना जिले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशन में यह अभियान निरंतर रूप से व्यापक स्तर पर चलाया जा रहा है। यह जनजागरूकता अभियान 15 जुलाई से 30 जुलाई 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरूकता रैलियाँ, पंपलेट वितरण, नुक्कड़ नाटक, शैक्षणिक संस्थानों में कार्यक्रम तथा हस्ताक्षर अभियान जैसे रचनात्मक आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 24 जुलाई 2025 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनका उद्देश्य केवल संकल्प लेना नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को नशा विरोधी चेतना से जोड़ना रहा। पुलिस अधीक्षक कार्यालय पन्ना में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नशा मुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प को समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किए। सभी ने यह संकल्प लिया कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे और समाज को भी इसके दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए जन-जागरूकता फैलाएंगे। उपस्थित जनों को नशे के शारीरिक, मानसिक व सामाजिक प्रभावों की जानकारी दी गई और यह संदेश दिया गया कि हमारा है यही संदेश नशामुक्त हो मध्यप्रदेश। थाना कोतवाली परिसर में ग्राम रक्षा समिति एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इन समितियों के सदस्यों को अभियान की जानकारी दी गई और नशे के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने में उनकी भूमिका को रेखांकित किया गया। सभी सदस्यों ने हस्ताक्षर करते हुए यह प्रतिबद्धता दोहराई कि वे अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक व्यक्तियों को इस अभियान से जोड़ेंगे और नशे के विरुद्ध समाज में माहौल बनाएंगे। धरमपुर थाना परिसर मे ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यो के साथ नशामुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया जिनको नशे के दुष्परिणामो एवं मध्य प्रदेश पुलिस के इस अभियान की जानकारी देते हुये उक्त अभियान मे सक्रिय भूमिका निर्वाहन हेतु प्ररित किया गया एवं धरमपुर के स्थानीय विद्यालय में निबंध लेखन एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों, लेखन शैली तथा चित्रों के माध्यम से नशे के दुष्प्रभावों पर अपनी गहरी समझ और चिंता को अभिव्यक्त किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के माध्यम से समाज में नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाना और भावी पीढ़ी को स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशामुक्त जीवन की दिशा में प्रेरित करना था। थाना अजयगढ़ परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एनसीसी कैडेट्स, स्वास्थ्य विभाग, नगर पंचायत, महिला एवं बाल विकास विभाग के प्रतिनिधि, पत्रकारगण तथा वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने नशामुक्त मध्यप्रदेश के संकल्प को समर्थन देते हुए हस्ताक्षर किए और अपने नशामुक्त रहने के संकल्प को सार्वजनिक रूप से व्यक्त किया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को विशेष रूप से प्रेरित किया गया कि वे इस संदेश को गाँव-गाँव और घर-घर तक पहुँचाएं ताकि समाज में व्यापक चेतना उत्पन्न हो।थाना सलेहा क्षेत्र में ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के सदस्यों के साथ नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही, एक स्थानीय विद्यालय में स्लोगन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति विषय पर चित्रों व नारों के माध्यम से रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। इस आयोजन ने छात्र समुदाय में नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में विशेष भूमिका निभाई। थाना बृजपुरमें भी ग्राम रक्षा समिति, नगर समिति एवं वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में नशा मुक्ति हस्ताक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी ने सक्रिय रूप से अभियान में सहभागिता की और नशा मुक्ति का संकल्प लेते हुए समाज में जागरूकता फैलाने का वचन दिया। पन्ना जिले में नशे से दूरी है जरूरीअभियान जनसहयोग और विभागीय सक्रियता से एक व्यापक सामाजिक आंदोलन का रूप ले रहा है।

# अमझिरिया में वोटिंग एवं ईको पार्क की मिली सौगात





## कलेक्टर ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा वोटिंग का लुत्फ उठाया, पर्यटन विकास की दिशा में किए गए कार्यों की सराहना की

**पन्ना ।** विकासखण्ड अंन्तर्गत जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत मनकी के ग्राम अमझिरिया के प्राचीन तालाब को पर्यटन विकास के दृष्टिगत संवारा जा रहा है। अमानगंज रोड पर अमझिरिया गांव में मुख्य मार्ग के किनारे वोटिंग सुविधा एवं ईको पार्क विकसित करने का कार्य प्रगति पर है। आगामी 15 अगस्त तक इसका लोकार्पण प्रस्तावित है।

कलेक्टर सुरेश कुमार ने पर्यटन विकास की संभावनाओं के मद्देनजर विकसित किए जा रहे स्थल का गुरूवार को निरीक्षण किया और अधिकारियों से विभिन्न विकास कार्यों के संबंध में जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी द्वारा विकास कार्ययोजना के बारे में अवगत कराया गया। इस मौके पर जिला कलेक्टर ने इस सार्थक प्रयास की प्रशंसा की और आगंतुकों की सुविधाओं और सुरक्षा के मापदंड अनुसार अविलंब जरूरी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। जिला कलेक्टर द्वारा अधिकारियों के साथ वोटिंग का लुत्फ उठाया गया। परिसर में विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण भी किया। कलेक्टर श्री कुमार ने कहा कि यहां आगामी समय में चरणवार सभी पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा। उन्होंने प्राचीन जल संरचना और कुओं को आकर्षक तरीके से तैयार करने और स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा कैफेटेरिया तथा ग्राम पंचायत द्वारा पर्यटन सुविधाओं के संचालन की पहल की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि पर्यटन के दृष्टिगत पन्ना जिले में अपार संभावनाएं हैं। आगामी दिवसों में वन विभाग से समन्वय कर ट्रेकिंग शुरू कराने का प्रयास भी होगा। इससें स्थानीय स्तर पर रोजगार के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। होमगार्ड के एसडीआरएफ दल द्वारा आज अमझिरिया में राहत बचाव दल को जरूरी प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। ग्राम के चयनित 11 युवाओं को इस कार्य के लिए प्रशिक्षित किया गया है। इन युवाओं द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा का ध्यान रखा जाएगा। यहां पर्यटन विभाग के विशेषज्ञ द्वारा शीघ्र ही निरीक्षण कर तकनीकी कार्यों का प्रस्ताव एवं डीपीआर भी तैयार किया जाएगा। निरंतर पर्यटन सुविधाओं में बढ़ोत्तरी की योजना भी तैयार की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ अशोक कुमार चतुर्वेदी, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार एवं पियूष मिश्रा, जनपद पंचायत सीईओ आनंद शुक्ला सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना चौहान, जिला सेनानी होमगार्ड शालिवाहन पाण्डेय, प्लाटून कमांडर सत्यपाल जैन, पन्ना थाना प्रभारी रोहित मिश्रा भी उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों का अर्धनग्न सत्याग्रह : कीचड़ युक्त सड़क में की धान की रोपाई

## घोड़े और बैल को सौंपा ज्ञापन



**पवई।** बीते दिनों पवई जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत हथकुरी के पिपरिया तिवारी के दलित बस्ती की सड़क न होने की पीड़ा को समाचार पत्रों एवं न्यूज़ चैनलों के माध्यम से प्रसारित किया गया था, जिस पर जिला कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पवई के तत्वाधान में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल तिवारी ने रहवासियों की सड़क की समस्या को लेकर गुरुवार को पिपरिया तिवारी पहुंचे जहां दलित बस्ती के कीचड़ भरे मार्ग में अर्धनग्न होकर नारेबाजी करते हुए सत्याग्रह किया, इसके बाद उन्होंने पहले कोई प्रशासनिक नुमाइंदा नहीं पहुंचने के कारण घोड़े और बैल को ज्ञापन सौंपा इसके बाद में तहसीलदार त्रिलोक सिंह को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान कांग्रेस नेता अनिल तिवारी ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार अंधी,गूंगी, और बहरों तथा सत्ता के नशे में मदमस्त नेताओं की सरकार है, जिन्हें गरीब आम जनता की आवाज नहीं सुनाई पड़ती है न ही दिखाई पड़ती है। विपक्ष में होने के नाते हमारा दायित्व है कि हम जनता की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाएं। इसके साथ ही पत्रकारों के द्वारा बीते दिनों मलघन और चित्तरवारा में उनके द्वारा दंडवत यात्रा के बारे में भारतीय जनता पार्टी के सोशल मीडिया अकाउंट पर फर्जी बताने का प्रश्न पूछा गया तो उन्होंने कहा कि शासन और सरकार जमीनी हकीकत देखना नहीं चाहती,हो सकता है इस तरह आज ही जो सत्याग्रह किया गया है। उसको भी सरकार झुठला दे। उन्होंने कहा कि अगर दो दिवस के अंदर शासन प्रशासन और सरकार ग्रामीणों की इस समस्या पर ध्यान नहीं देती,तो आगामी 26 जुलाई को जिला स्तर पर बृहद सत्याग्रह आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवजीत सिंह,ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माखन पटेल के साथ सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस नेता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# गुनौर विधायक ने अटल सुशासन भवन का किया भूमिपूजन

**पन्ना ।** गुनौर विधायन डॉ. राजेश वर्मा ने आज अमानगंज तहसील के ग्राम पंचायत कटकहा में स्वीकृत नवीन अटल सुशासन भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साढ़े 37 लाख रूपए की लागत से नवीन पंचायत भवन का निर्माण होगा। इस अवसर पर 20 लाख रुपए राशि से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण भी किया गया। विधायक डॉ. वर्मा ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि अब हर गांव तक पक्की सड़क का निर्माण होगा। प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत गांव को शहरों से जोड़ा जा रहा है, जिससे आमजनों को आवागमन में किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। पंचायत भवन का नवीन भवन बनने से ग्रामवासियों को कार्यों में सहूलियत होगी। इसके अलावा अन्य विकास कार्यों के लिए भी प्रस्ताव तैयार कर भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि लोगों को पारदर्शी तरीके से सरकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विधायक ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे भी रोपे।




# नवांकुर सखी हरियाली यात्रा पर जनअभियान परिषद द्वारा किया गया कार्यक्रम

**पन्ना।** पर्यावरण संरक्षण और पौधरोपण कार्यक्रम में सतत् एवं सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक अनीता जाटव के नेतृत्व में करुणा अमृतमय जनकल्याण समिति की मातृ शक्तियों के सहयोग से 24 जुलाई को नवांकुर सखी हरियाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मीना पांडेय एवं विशिष्ट अतिथि ब्रम्हकुमारी आश्रम से सीता बहन उपस्थित रहीं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी सखियों को पौधा रोपित थैलियों को अपने घर में रखकर बच्चों की तरह देखभाल करनी चाहिए। सीता बहन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में सभी बहनें वृक्षारोपण करके समाज को एक अच्छा संदेश दे सकती हैं। कार्यक्रम में प्रत्येक सेक्टर से शामिल हुई सैकड़ों नवांकुर सखियों को 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौधरोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करने के लिए दिए गए। कार्यक्रम के अंत में विश्वकर्मा मंदिर परिसर में अतिथियों द्वारा पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में सुमन केसरवानी, रश्मि त्रिपाठी, अमृता खरे, चंद्रप्रभा तिवारी, रजनी सेन, आरती पाठक, सविता चौबे, श्रद्धा सेन, करुणा खरे एवं सोनिया खरे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में जनअभियान परिषद के परामर्शदाता वीरेन्द्र यादव, अखिलेश श्रीवास, राजेश वर्मा एवं सीएमसीएलडीपी के छात्र भी शामिल हुए।

# सड़क दुर्घटना से होने वाली मृत्यु से लोगों को बचाने मिशन मोड में करें कार्य : मुख्य सचिव

**पन्ना।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों का नकदी रहित उपचार स्कीम, 2025 एवं राह-वीर योजना के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही की मुख्य सचिव अनुराग जैन ने गत बुधवार को समीक्षा की। मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को गोल्डन ऑवर में इलाज मिल सके, इसके लिए संबंधित विभाग मिलकर मिशन मोड में कार्य करें। दुर्घटना से होने वाली मृत्यु से लोगों को बचाने के सभी संभव प्रयास किये जाने चाहिये। संभावित दुर्घटना स्थलों को चिन्हांकित कर दुर्घटना के कारणों को दूर किया जाना चाहिये। सड़क सुरक्षा को मजबूत करने तथा नागरिकों को जागरूक करने का कार्य किया जाये। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये और परिवहन, स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग मिलकर संयुक्त रूप से कार्य करें। ऐसा सिस्टम विकसित किया जाए कि नियत समय में कार्य हो सके। उन्होंने विभागों में बेहतर समन्वय तथा योजनाओं से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षित किए जाने के भी निर्देश दिए हैं। बैठक में योजना के क्रियान्यन के लिए विभागों के दायित्वों का निर्धारण करने के साथ सुझाव भी लिये गये।

## सिद्धनाथ मंदिर परिसर में पौधरोपण

**पन्ना।** हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर जिले के प्राचीन धार्मिक एवं ऐतिहासिक श्री रामवन गमन पथ में सम्मलित स्थल महर्षि अगस्त्य आश्रम, सिद्धनाथ मंदिर परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाली अमावस्या के मूल भाव-प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, संरक्षण और आध्यात्मिक समर्पण-को व्यवहार में लाना रहा। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना के पश्चात मंदिर परिसर में शिव पूजन में विशेष महत्व रखने वाले बेल, शमी, नारियल, पाकड़ और जामुन जैसे पौधों का रोपण किया। प्रकृति संरक्षण कार्यकर्ता अजय चौरसिया ने बताया कि - हर पौधा माँ धरती के चरणों में एक पुष्प अर्पित करने जैसा है। हरियाली अमावस्या पर वृक्षारोपण करना सच्चे अर्थों में प्रकृति पूजन है। इस पुनीत कार्य में आदिवासी, बिहारी आदिवासी एवं सहबू आदिवासी का सराहनीय सहयोग रहा। सभी ने मिलकर वृक्षारोपण करते हुए यह संदेश दिया कि प्रकृति और श्रद्धा साथ-साथ चलें, तभी भविष्य सुरक्षित रहेगा। हरियाली अमावस्या पर यह आयोजन न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर आया, बल्कि समाज को धरती के प्रति कर्तव्यबोध का भी स्मरण कराता है।

# हरियाली अमावस्या पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधारोपण

**पन्ना ।** आज हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर दक्षिण पन्ना वनमण्डल अंतर्गत काष्ठगार डिपो परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपनी माताओं के सम्मान में पौधारोपण कर प्रकृति संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण के दौरान काष्ठगार अधिकारी एवं वनक्षेत्रपाल हरि सिंह गोंड, वनक्षेत्रपाल रामकुमार वंशकार, वनपाल श्रीमती सुनीता प्रजापति, वनरक्षक कुलदीप कुमार साहू एवं श्रीमती पूजा नवोदय, संतोष तिवारी, दीपक सोनी एवं नेतराम गोंड की सक्रिय उपस्थिति रही।



# प्रथम
# ॥ पुण्यस्मरण ॥

**नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।**
**न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।**

आत्मा को न शस्त्र काट सकते हैं, न आग उसे जला सकती है।
न पानी उसे भिगो सकता है, न हवा उसे सुखा सकती है।

**श्रीमद् भगवद् गीता - अध्याय 2 श्लोक 23**



## ब्रह्मलीन
# स्व. श्री प्रभात झा जी

जन्म :04.06.1957 | प्रभुमिलन : 26.07.2024

**श्रद्धावनत**



**अजीत दरयानी**
ओम इंटरप्राइजेज



**संतोष बेलानी**
डी. के कंसल्टेंसी



# 17 साल की उन्नति का बड़ा उलटफेर, दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधू को हराया

**चाइना ओपन**

**हुड्डा पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में**

**जेएनएन, चांग्झू ( चीन )।** उन्नति हुड्डा ने अपने करियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और भारतीय बैडमिंटन की दिग्गज खिलाड़ी पीवी सिंधू को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में हराकर गुरुवार को चाइना ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। अपनी प्रतिष्ठित हमवतन खिलाड़ी का केवल दूसरी बार सामना करते हुए 17 साल की हुड्डा ने कठिन क्षणों में धैर्य बनाए रखा और 73 मिनट में 21-16, 19-21, 21-13 से जीत दर्ज की। वह पहली बार किसी सुपर 1000 प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंची है। रोहतक की इस किशोरी ने 2022 ओडिशा मास्टर्स और 2023 अबू धाबी मास्टर्स में सुपर 100 खिताब जीते थे। वह अगले दौर में जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से भिड़ेगी।

● सिंधू सात साल में पहली बार किसी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में किसी साथी भारतीय से हारी हैं। पिछली बार उन्हें 2018 राष्ट्रमंडल खेलों के फाइनल में साइना नेहवाल से हार का सामना करना पड़ा था। वह 2019 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में भी साइना से ही हार गई थी।



"मुझे उम्मीद नहीं थी कि मैं आज जीत जाऊंगी। लेकिन मैं यह सोचकर आई थी कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ करूंगी। मैच का नतीजा भले ही कुछ भी रहे। इसलिए उनके खिलाफ जीतना मेरे लिए भी हैरानी भरा था। लेकिन मैं खुश हूं कि मैं आज उनके खिलाफ जीतने में सफल रही। यह मेरे लिए काफी मुश्किल मैच था।
■ उन्नति हुड्डा

"मुझे लगा कि शटल को नियंत्रित करना थोड़ा मुश्किल था। तीसरे गेम में उसने बढ़त बनाई और इसे बरकरार रखा। उसके लिए यह काफी अच्छा है। वह आगे बढ़ रही है, उसे शुभकामनाएं।
■ पीवी सिंधू

## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में, प्रणय बाहर

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने इंडोनेशिया के लियो रोली कार्नांडो और बगास मौलाना को सीधे गेम में हराकर पुरुष युगल के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। लेकिन एचएस प्रणय 65 मिनट तक चले पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में चीनी ताइपे के छठे वरीय चोऊ तिएन चेन से 21-18, 15-21, 8-21 से हारकर बाहर हो गए। सात्विक और चिराग को जीत के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, क्योंकि दोनों ही गेम में पलड़ा इधर से उधर झुकता रहा। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी ने अपने धैर्य का अच्छा नमूना पेश करते हुए एक कड़े मुकाबले में आठवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी पर 21-19, 21-19 से जीत हासिल की। पहले गेम में इंडोनेशियाई जोड़ी ने पहले 8-6 और बाद में 14-12 की मामूली बढ़त बना ली थी, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 14-16 के स्कोर के बाद लगातार पांच अंक जीतकर 19-16 से बढ़त बना ली और फिर पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में भी यही स्थिति रही। एक समय लियो और बगास 14-10 की बढ़त बनाए हुए थे। लेकिन भारतीय जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 से बराबर कर दिया और आखिरी क्षणों में भी संयम बनाए रखते हुए क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की।

## खेल एक नजर

### डॉसन को शामिल करने से इंग्लैंड को मजबूती मिली: वॉन

**मैनचेस्टर, जेएनएन।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन को टीम में शामिल करने से मेजबान टीम को मजबूती मिली है, क्योंकि वह ऑलराउंडर हैं और टीम को आवश्यक संतुलन प्रदान करते हैं। शोएब बशीर की चोट के कारण आठ साल के अंतराल के बाद अंतिम एकादश में शामिल किए



गए 35 साल के डॉसन ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच के पहले दिन शानदार फॉर्म में चल रहे यशस्वी जायसवाल को अपनी सातवीं गेंद पर ही आउट करके अपना प्रभाव छोड़ा। वॉन ने टेस्ट मैच स्पेशल पॉडकास्ट में कहा, वह ऐसे क्रिकेटर हैं जिनसे कप्तान अच्छी गेंदबाजी, अच्छी बल्लेबाजी और अच्छी फील्डिंग की उम्मीद कर सकता है। वह संपूर्ण पैकेज हैं जिनके टीम में रहने से इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में भी मजबूती मिलेगी। डॉसन ने इससे पहले अपना आखिरी टेस्ट मैच 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने काउंटी क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके इंग्लैंड की टीम में वापसी की।

### पोलैंड में चोपड़ा-नदीम का आमना-सामना असंभव

**कराची, जेएनएन।** पोलैंड में डायमंड लीग में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा और मौजूदा चैंपियन अरशद नदीम के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले पर अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि पाकिस्तानी भाला फेंक खिलाड़ी की हाल में इंग्लैंड में पिंडली की मांसपेशियों की सर्जरी हुई है। चोपड़ा और नदीम 2024 पेरिस ओलंपिक में पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद अगले महीने पहली बार आमने-सामने होने वाले थे। पाक एथलीट ने पेरिस ओलंपिक में 92.97 मीटर के शानदार थ्रो से स्वर्ण पदक जीता था। टोक्यो ओलंपिक 2021 में स्वर्ण पदक जीतने वाले 27 वर्षीय चोपड़ा को पेरिस में 89.45 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। दोनों खिलाड़ी 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में डायमंड लीग और फिर अगले महीने स्विट्जरलैंड में एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने वाले थे। नदीम के कोच सलमान बट इंग्लैंड में उनके साथ हैं। मौजूदा ओलंपिक चैंपियन का दोनों स्पर्धाओं में खेलना अनिश्चित हैं, क्योंकि उनका ध्यान सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में वापसी पर लगा है। बट ने कहा कि वह (नदीम) सितंबर में टोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप की तैयारी पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, इसलिए उन्होंने अपनी पिंडली की मांसपेशी की सर्जरी कराने का फैसला किया जो पिछले कुछ समय से परेशान कर रही थी।

### नागल टैम्पियर ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने नीदरलैंड के मैक्स हूकेस को हराकर टैम्पियर चैलेंजर स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत स्विट्जरलैंड में जुग ओपन के पुरुष



युगल क्वार्टर फाइनल में हार गए। मैच के लिए सर्विस करते हुए नागल को दूसरे सेट के 10वें गेम में कई ब्रेक प्वाइंट का सामना करना पड़ा, लेकिन वह 6-2, 6-4 से जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाने में सफल रहे। अगले दौर में नागल का सामना अर्जेंटीना के क्वालिफायर निकोलस किकर से होगा जिन्होंने नॉर्वे के पांचवीं वरीयता प्राप्त विक्टर डुरासोविक को हराया। इस महीने इटली के ट्राइस्टे में क्वालिफायर के रूप में सेमीफाइनल तक पहुंचना नागल का इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा है। नागल ने अपने करियर में छह चैलेंजर एकल खिताब जीते हैं। इस बीच एटीपी चैलेंजर जुग ओपन में शीर्ष वरीयता प्राप्त काधे और प्रशांत क्वार्टर फाइनल में शिमोन कीलन और फिलिप पिएजोंका की पोलैंड की जोड़ी से 3-6, 4-6 से हारकर बाहर हो गए। काधे और प्रशांत ने जिरिज बर्नाट और फिलिप डूडा की चेक गणराज्य की जोड़ी को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई थी।

**355 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम इंडिया ने बनाए 6 विकेट पर 290 रन**

## अंडर-19: म्हात्रे ने लगाया तूफानी शतक भारत-इंग्लैंड के बीच दूसरा यूथ टेस्ट भी ड्रॉ

**चेम्सफोर्ड, जेएनएन।** इंग्लैंड और भारत अंडर-19 के बीच चेम्सफोर्ड में खेला गया दूसरा यूथ टेस्ट मैच ड्रॉ हो गया। बेन डॉकिन्स ने शतक लगाया और एडम थॉमस के साथ 188 रन की ओपनिंग साझेदारी की। इंग्लैंड ने मध्यक्रम के आक्रामक प्रदर्शन के दम पर 5 विकेट पर 324 रन बनाकर पारी घोषित कर एक असंभव जीत की उम्मीद में। लेकिन आयुष म्हात्रे (80 गेंद पर 126 रन) के शतक ने वह उम्मीद खत्म कर दी। मैच में इंग्लिश स्पिनर राल्फी अल्बर्ट ने 10 विकेट लिए और दो मैचों की सीरीज बराबरी पर समाप्त हुई।

पिच से गेंदबाजों को मदद न मिलने के कारण इंग्लैंड के ओपनरों ने वहीं से शुरुआत की, जहां उन्होंने पिछली पारी छोड़ी थी। डॉकिन्स ने दिन के चौथे ओवर में फ्लिक पर दो रन लेकर अर्धशतक पूरा किया। थॉमस ने 91 रन बनाकर डॉकिन्स का अच्छा साथ दिया और पहले घंटे में ही इंग्लैंड ने 200 रन की बढ़त ले ली, जबकि भारतीय गेंदबाज संघर्ष करते रहे। भारत के पास एक मौका था, जब दोनों ओपनर नर्वस नाइंटीज में थे, लेकिन कवर की ओर तेज सिंगल लेते समय डॉकिन्स रन आउट से बच गए। लंच से पहले आदित्य रावत ने ब्रेकथ्रू दिलाया, जब थॉमस कैच एंड बोल्ड होकर शतक से चूक गए। डॉकिन्स ने लंच से पहले कवर ड्राइव से चौका लगाकर शानदार शतक पूरा किया, हालांकि पिछली ही गेंद पर वही शॉट खेलते हुए वह लगभग आउट हो गए थे। बेन मेज ने आक्रामक रुख अपनाया, लेकिन रावत ने उन्हें सिर्फ 11 रन पर आउट कर दिया, जब एक लीडिंग एज सीधा हेनिल पटेल के हाथों में गया। जैसे-जैसे इंग्लैंड की बढ़त 250 पार हुई, डॉकिन्स और थॉमस रियू ने आक्रामक खेल दिखाया, लेकिन रावत ने कप्तान रियू को 19 रन पर बोल्ड कर दिया। रनों के साथ-साथ विकेट भी गिरते रहे। डॉकिन्स और रॉकी फ्लिंटॉफ ने बाउंड्री की झड़ी लगाई लेकिन दोनों डीप में कैच आउट हो गए। इसके बाद आर्यन सावंत और एकांश सिंह ने भी कुछ छक्के लगाए। इंग्लैंड ने 5 विकेट पर 324 रन बनाकर पारी घोषित की और भारत को 65 ओवर में 355 रन का लक्ष्य दिया। इंग्लैंड को पहली ही गेंद पर सफलता मिली जब ऐलेक्स ग्रीन की गेंद पर 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी बोल्ड हो गए, जिससे जीत की उम्मीद जगी। लेकिन भारत ने जल्द ही ये उम्मीदें ख़त्म कर दीं। जहां विहान मल्होत्रा टिके रहे, वहीं म्हात्रे ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 25 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। जब म्हात्रे 54 रन पर थे, तब लॉन्ग ऑन पर अल्बर्ट ने उनका कैच छोड़ दिया, जो निर्णायक साबित हो सकता था। इस समय तक आसमान में बादल छा रहे थे और फ्लड लाइट जल चुकी थीं। अल्बर्ट ने मल्होत्रा को आउट कर उस चूक की भरपाई की, जिससे भारत का स्कोर दो विकेट पर 100 रन हो गया। भारत को भी थोड़ी जीत की उम्मीद हुई जब अभिज्ञान कुंडू ने ब्रेक के बाद पहली ही दो गेंदों पर दो छक्के लगाए और रन रेट के अनुसार आगे बने रहे। म्हात्रे ने भी लय बनाए रखी और अपने पहले जीवनदान का फायदा उठाते हुए सिर्फ 64 गेंदों में शानदार शतक पूरा किया।

कुंडू भी तेजी से खेलते रहे और चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। उनका स्ट्राइक रेट 150 से ऊपर रहा। आखिरकार म्हात्रे 126 रन पर लॉन्ग ऑन पर कैच हो गए। इसके बाद कुंडू स्लिप में कैच हो गए और राहुल कुमार ने गेंद सीधे मेज को थमा दी, जिससे इंग्लैंड को फिर से वापसी का मौका मिला। हालांकि भारत के निचले क्रम ने धैर्य दिखाया और जब हल्की बूंदाबांदी के कारण खेल रुका तो अंपायरों ने मैच को ड्रॉ घोषित कर दिया।



**स्कोर : इंग्लैंड अंडर-19 : 309 व 324/5 पारी घोषित, टीम इंडिया अंडर-19 : 279 व 290/6**

## श्रेयंका और प्रिया भारत-ए महिला टीम के ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ऑफ स्पिनर श्रेयंका पाटिल और लेग स्पिनर प्रिया मिश्रा भारत महिला-ए टीम के आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं। दोनों खिलाड़ियों का इस दौरे में भाग लेना भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा 10 जुलाई को दी जाने वाली फिटनेस मंजूरी पर निर्भर था, लेकिन दोनों खिलाड़ी अभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में बीसीसीआई की मेडिकल टीम की देखरेख में हैं और वर्तमान में अपने खेलने के लिए वापसी के प्रोटोकॉल का पालन कर रही हैं। भारत-ए को ऑस्ट्रेलिया-ए के खिलाफ तीन टी-20, तीन 50 ओवर के मैच और चार दिवसीय एक लाल गेंद के मैच वाली बहु प्रारूप सीरीज खेलनी है। सीरीज सात अगस्त को मैकाय में पहले टी-20 मैच के साथ शुरू होगी, जिसके बाद नौ और 10 अगस्त को इसी मैदान पर अन्य दो मैच खेले जाएंगे। तीन वनडे मैच 13, 15 और 17 अगस्त को नॉर्थ्स में खेले जाएंगे। एकमात्र बहु दिवसीय मैच 21 अगस्त से ऑस्ट्रेलिया के एल्बियन स्थित एलेन बॉर्डर फील्ड में खेला जाएगा। महिला चयन समिति ने अब तीनों प्रारूपों में धारा गुर्जर (जिन्हें पहले एकदिवसीय और बहु दिवसीय टीम में शामिल किया गया था) और प्रेमा रावत (जो पहले टी-20 टीम का हिस्सा थीं) को शामिल किया है। समिति ने यस्तिका भाटिया को भी एकदिवसीय टीम में जगह दी है।



**टी-20 टीम:** राधा यादव (कप्तान), मीनू मणि, शेफाली वर्मा, डी वृंदा, सजना सजीवन, उमा छेत्री, राघवी बिष्ट, प्रेमा रावत, नंदिनी कश्यप, तनुजा कंवर, जोशिता वीजे, शबनम शकील, साइमा ठाकोर, टिटास साधु, धारा गुर्जर।

**वनडे टीम:** राधा (कप्तान), मणि, शेफाली, तेजल हस्बनिस, राघवी, तनुश्री सरकार, छेत्री, तनुजा, नंदिनी, धारा, जोशिता, शबनम, साइमा, साधु, प्रेमा, यस्तिका भाटिया।

**बहु दिवसीय टीम:** राधा (कप्तान), मणि, शेफाली, तेजल, राघवी, तनुश्री, छेत्री, तनुजा, नंदिनी, धारा, जोशिता, शबनम, साइमा, टिटास, प्रेमा।

## जमशेदपुर एफसी ने त्रिभुवन आर्मी को 3-2 से हराया

**जमशेदपुर, जेएनएन।** जमशेदपुर एफसी ने त्रिभुवन आर्मी एफटी पर 3-2 से रोमांचक जीत के साथ अपने डूरंड कप अभियान की शुरुआत की। मुख्य कोच खालिद जमील ने मैच की शुरुआत छह नए खिलाड़ियों के साथ की और नवोदित सार्थक गोलुई और मनवीर सिंह ने गोल किए। मैच की शुरुआत तेज गति से हुई। चौथे मिनट में प्रफुल्ल कुमार के लंबे थ्रो ने बॉक्स के अंदर भ्रम की स्थिति पैदा कर दी, और सार्थक ने गोलकीपर के ऊपर से गेंद को आगे बढ़ाते हुए जमशेदपुर को शुरुआती बढ़त दिला दी। त्रिभुवन आर्मी ने 26वें मिनट में जवाब दिया, जब उनके कप्तान जॉर्ज कार्की ने डिफेंस में एक क्षणिक चूक का फायदा उठाकर स्कोर बराबर कर दिया, लेकिन जमशेदपुर ने संयम बनाए रखा। छह मिनट बाद एक और नए खिलाड़ी विंसी बैरेटो ने मनवीर सिंह को एक बेहतरीन ले-ऑफ दिया। मनवीर ने एक तंग कोण से गोल करके बढ़त बहाल कर दी। सनन के फ्री हेडर से गोलपोस्ट की छत पर गेंद लगने से स्कोर लगभग 3-1 हो गया था।



## एशिया कप में हो सकती है भारत-पाक की टक्कर

**बीसीसीआई यूएई में एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आगामी एशिया कप टी-20 टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है। एशिया कप 2025 को लेकर औपचारिक घोषणा कुछ ही दिनों में होने की उम्मीद है। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। एसीसी की बैठक के बाद यह फैसला हुआ, जिसमें सभी 25 सदस्य देशों ने आयोजन स्थल पर चर्चा के लिए हिस्सा लिया। बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व इसके उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने वर्चुअली किया। एसीसी सूत्र ने बताया, बीसीसीआई यूएई में एशिया कप की मेजबानी करेगा। भारत के अपने सभी मैच दुबई में खेलने की संभावना है। कार्यक्रम पर अब भी विचार-विमर्श चल रहा है। यह टूर्नामेंट सितंबर में दो सप्ताह से थोड़ा अधिक समय तक चलेगा। इसे महीने के अंतिम सप्ताह से पहले समाप्त करना होगा, क्योंकि इसी समय भारत को वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया, उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एसीसी बैठक में शामिल हुए। वह सदस्यों को जानकारी देंगे। मैं अटकलों पर विश्वास नहीं करता, इसलिए आपको कुछ दिनों में आधिकारिक तौर पर पता चल जाएगा। ढाका में एसीसी अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख मोहसिन नकवी ने भी महाद्वीपीय प्रतियोगिता में संभावित भारत-पाक मैच के बारे में पूछे जाने पर कुछ नहीं बताया।



## वर्ल्ड एक्वेटिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी मप्र की पलक

**भोपाल, खेप्र।** शहर की प्रतिभाशाली गोताखोर पलक शर्मा वर्ल्ड एक्वेटिक्स चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। यह चैंपियनशिप सिंगापुर में 11 जुलाई से तीन अगस्त तक चल रहीं है। यह दूसरा मौका है, जब पलक इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। वह भारत की पहली महिला गोताखोर खिलाड़ी हैं, जिन्हें वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए चुना गया है। चैंपिनशिप में डाइविंग के मुकाबले 28 जुलाई से 3 अगस्त तक होंगे। विश्व एक्वेटिक्स चैंपियनशिप सिंगापुर वर्ल्ड एक्वेटिक्स का एक प्रमुख आयोजन है, जिसमें छह एक्वेटिक्स खेलों - आर्टिस्टिक स्विमिंग, डाइविंग, ओपन वॉटर स्विमिंग, स्विमिंग, वॉटर पोलो और हाई डाइविंग के एथलीट भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में 200 से अधिक देशों के 2,000 से अधिक एथलीट भाग लेंगे। मध्यप्रदेश की स्टार गोताखोर पलक शर्मा कोच रमेश व्यास से प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं। पलक के चयन पर मप्र स्वीमिंग एशोसिएशन के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सचिव जय वर्मा, कोषाध्यक्ष योगेंद्र सिंह राठौर और सहसचिव रामकुमार खिलरानी ने बधाई दी।



## वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में हिस्सा लेने मप्र के खिलाड़ी जर्मनी रवाना

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश राज्य अकादमी के खिलाड़ी बुधवार को जर्मनी में चल रहे वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स (डब्ल्यूयूजी) में हिस्सा लेने के लिए रवाना हो गए। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 16 से 27 जुलाई तक खेले जा रहे हैं, जिसमें मप्र के एथेलेटिक्स, फेंसिंग और रोइंग अकादमी के सात खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इन अंतरराष्ट्रीय खेलों में मप्र के समरदीप सिंह गिल (शॉटपुट), देव मीणा (पोल वोल्ट), मंजू यादव (3000 मी. स्टेपलचेज), अर्जुन वास्कले (1500 मीटर), शंकर पांडेय (फेंसिंग), प्रयास और राघव (रोइंग) शामिल हैं। वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स समर का आयोजन जर्मनी के बोचुम, डुइसबर्ग, एस्सेन, मुल्हेम एन डेर रूहर, हेगन और बर्लिन शहर के 23 स्थानों पर किया जा रहा है। इसमें 150 देश के लगभग 8500 खिलाड़ी एवं विद्यार्थी प्रतिभागिता कर रहे है।





## आईओए ने सीईओ के लिए विवाद खत्म किया, डोपिंग से निपटने पैनल का गठन

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की कार्यकारी परिषद ने गुरुवार को एक लंबे विवाद को खत्म करते हुए मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रघुराम अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी दे दी और डोपिंग से निपटने के लिए एक पैनल का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक परिषद (आईओसी) ने 2036 ओलंपिक की दावेदारी के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल के दौरे के दौरान डोपिंग में देश के खराब रिकॉर्ड पर चिंता जताई थी, इसलिए इससे निपटना काफी अहम है। कार्यकारी परिषद के सदस्यों ने जनवरी 2024 में अध्यक्ष पीटी उषा द्वारा की गई अय्यर की नियुक्ति को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था, जिसका मुख्य कारण उनका 20 लाख रुपए प्रति माह का वेतन और अन्य भत्ते थे। हालांकि खेल मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद इस संबंध में मतभेद सुलझ गए, जिससे अय्यर की औपचारिक नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया। वहीं सात सदस्यीय डोपिंग रोधी पैनल की अगुआई पूर्व टेनिस खिलाड़ी रोहित राजपाल करेंगे और इसमें अपर्णा पोपट तथा खेल चिकित्सा विशेषज्ञ पीएसएम चंद्रन सहित अन्य लोग शामिल होंगे। अय्यर आईओए कार्यकारी परिषद सदस्यों और उषा द्वारा संयुक्त रूप से कराई गई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मौजूद थे, उन्होंने कहा, आईओए (प्रतिनिधिमंडल) के लुसाने दौरे के दौरान आईओसी ने भारत में डोपिंग के बढ़ते मामलों का जिक्र किया था। भारत अहमदाबाद में 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए दावेदारी पेश कर रहा है।

**रघुराम अय्यर बने भारतीय ओलंपिक संघ के सीईओ**

### समाधान आनलाइन कार्यक्रम 30 जुलाई को

**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 30 जुलाई को सायं 4 बजे वीडियो कान्फ्रेंसिंग से आयोजित समाधान आनलाइन कार्यक्रम में निर्धारित एजेण्डा बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। बैठक में समाधान आनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के निराकरण की समीक्षा की जाएगी।

### रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सतना।** मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा प्रदेश के पर्यटन गंतव्यों व गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पर्यटन क्षेत्र में निवेश के लिए 26 और 27 जुलाई 2025 को रीवा के कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने जिला प्रशासन एवं डीएटीसीसी के माध्यम से पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न हितधारकों एवं निवेशकों होटल, रिसार्ट, व्यवसायी, टूर ऑपरेटर्स की सक्रिय सहभागिता करने हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी विद्याचरण तिवारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

# पान गुमटी, ठेलों में बिक रही है शराब

## नशाखोरी से बढ़ रहे अपराध

### कांग्रेस के समन्वय समिति की बैठक में सदस्यों ने सरकार पर लगाए आरोप

**जागरण, सतना**




जिला कांग्रेस कमेटी के समन्वय समिति की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा एवं शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मकसूद अहमद की अध्यक्षता में एवं पूर्व विधायक कल्पना वर्मा विधानसभा के प्रत्याशी सहित समिति के सदस्यों की उपस्थिति बैठक संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि आज जिले के पान गुमटी, ठेलों व चौराहों में गली-गली जिला प्रशासन के संरक्षण में नियम विरुद्ध तरीके से शराब बेची जा रही है व नशाखोरी के कारण नौजवान अपराधी हो रहा है कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा ने कहा कि स्टेट हाईवे एवं नेशनल हाईवे में 220 मीटर के अंदर नियम विरुद्ध तरीके से शराब की दुकाने संचालित करने की स्वीकृति प्रशासन ने दे रखी है व आबकारी विभाग के संरक्षण में गांव गांव शराब की बिक्री हो रही है व सत्ता दल के जन प्रतिनिधि तमाशा देख रहे हैं आज जिले में जो भी अपराध घटित हो रहे हैं कहीं ना कहीं नशाखोरी शराब खोरी जरूर सामने आ रही है कांग्रेस अध्यक्ष श्री मिश्रा ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज जिले में कानून व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है सरकार के बड़े.बड़े नुमाइंदे व अफ्सरो का नशाखोरी पर कोई ध्यान नहीं है शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मकसूद अहमद ने कहा कि शहर की खस्ता हाल सड़कों की दुर्दशा आमजन को सोचने के लिए मजबूर कर दिया है शहर की खराब सड़कों के कारण रोज लोगों के हाथ पैर टूट रहे हैं नलों में गंदा पानी नगर निगम की प्रशासनिक व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह है नगर निगम में पूरी तरह से अराजकता का आलम है पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने कहा कि जिले में किसानों को खाद उपलब्ध नहीं हो रही किसानों को खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार का कोई प्लान नहीं है बिजली के बिलों की दरें निरंतर बढ़ रही हैं आम जनता की बिजली की बढ़ी हुई दरों के कारण कमर चरमरा रही है हर कार्यालय में दुकान खुली हुई है बिना सुविधा शुल्क के कोई काम नहीं हो रहा पूर्व विधायक ने कहा कि किसी भी कार्यालय में आम जनता की कोई सुनवाई नहीं है हमारे रैगांव विधानसभा क्षेत्र के मोटवा खुटकहां में पंट्टे की जमीन होने के बावजूद भी आदिवासी हरिजन भाइयों के घरों को उजाड़ने की साज़िश प्रशासन के द्वारा रची जा रही है बैठक में पूर्व विधायक कल्पना वर्मा विधानसभा के प्रत्याशी राम शंकर पयासी रश्मि सिंह पटेल राजभान सिंह प्रदीप समदड़िया बरमेन्द सिह ध्रुव त्रिपाठी सत्येंद्र निगम नलिनेंद्र मिश्रा प्रवीण सिंह साबिर खान रामकुमार विश्वकर्मा पीयूष शर्मा संजू सिंह इत्यादि समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## 5 हजार की रिश्वत लेते पटवारी गिरफ्तार



**जागरण, सतना।** जमीन की इस्तलाबी करने के नाम पर 5 हजार रूपये रिश्वत लेते एक पटवारी को रीवा लोकायुक्त टीम ने धर दबोचा। यह घटना नागौद तहसील में पदस्थ पटवारी की बताई जा रही है। पटवारी अमर सिंह कुशवाहा द्वारा 5 हजार रूपये रिश्वत ली जा रही थी तभी जनपद कार्यालय नागौद के सामने टीम ने उसे दबोच लिया। लोकायुक्त डीएसपी प्रवीण सिंह परिहार ने बताया कि ग्राम दुबह्यिां तहसील नागौद निवासी आदेश प्रताप सिंह 40 वर्ष ने शिकायत की थी कि शहपुर हल्का में पदस्थ पटवारी अमर सिंह कुशवाहा भूमि इत्तलाबी व बटांकन के बदले 15 हजार रुपए की रिश्वत मांग रहा है। जांच के दौरान यह सामने आया कि पटवारी पहले ही 2500 रुपए ले चुका था। शिकायत की पुष्टि होने के बाद लोकायुक्त एसपी सुनील कुमार के निर्देश पर ट्रैप टीम बनाई गई। को आदेश प्रताप सिंह जब पटवारी को बची हुई रिश्वत की राशि 5000 रुपए दे रहा थाए तभी मौके पर मौजूद लोकायुक्त टीम ने अमर सिंह कुशवाहा को रंगेहाथ पकड़ लिया। उसके हाथ से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। यह कार्यवाही लोकायुक्त एसपी सुनील पाटीदार के निर्देश पर 12 सदस्यीय टीम द्वारा की गई है।

## फर्जी तरीके से बैंक खोलकर खातेदारों का पैसा हड़पने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सतना।** फर्जी तरीके से बैंक खोलकर खाते दारो के पैसे हडपने वाले आरोपी को सिटी कोतवाली टीआई रावेन्द्र द्विवेदी ने गिरफ्तार कर लिया है यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश एएसपी डॉ शिवेश सिंह एवं सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में की गई है। पुलिस ने बताया कि फिनसाल स्टार निधी लिमिटेड कम्पनी नाम का बैक राजेन्द्र नगर सतना मे आरोपी हरिशंकर शुक्ला पिता नाथूराम शुक्ला के द्वारा कम्पनी खोली जाकर 7 से 9 प्रतिशत ब्याज दर पर कम्पनी मे पैसा लगाने पर अधिक पैसे देने की लालच देकर अवधि पूर्ण हो जाने पर भुकतान का पैसा पूरा दिया जावेगा इस तरह का लालच देकर कई लोगो के द्वारा इस लालच मे आकर क्षेत्र के कई लोगो के द्वारा कम्पनी मे पैसे जमा किया गया था जिसे लोगो के द्वारा लगातार पैसे जमा करने पर समय अवधि पूर्ण होने से जब पैसे की मांग लोगो के द्वारा की गई तो न तो वहा के कर्मचारी न ही डायरेक्टर हरिशंकर शुक्ला के द्वारा कोई सही जबाब दिया गया व कम्पनी को राजेन्द्र नगर से बंद करके अपने मूल निवास ग्राम पाटन थाना बिजावर हाल हनुमान टोरिया के पीछे बकायन गली न 02 थाना सिटी कोतवाली छतरपुर चला गया एवं न फोन उठाता न ही कोई जबाब देता कम्पनी मे जमा लगभग साठ लाख रूपये धोखधडी करके गबन करके चले जाने पर धर्मेन्द सिंह बघेल पिता महेन्द सिंह बघेल निवासी उतैली बाईपास थाना कोलगवा की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर आरोपी हरिशंकर शुक्ला पिता नाथूराम शुक्ला निवासी ग्राम पाटन थाना बिजावर हाल हनुमान टोरिया के पीछे बकायन गली न 02 थाना सिटी कोतवाली छतरपुर को 24 जुलाई को गिरफ्तार किया जाकर बारीकी से पूछताछ की जा रही है।

# कलेक्टर-एसपी ने कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का लिया जायजा



**जागरण, सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 26 जुलाई को सतना जिले में नागौद विकासखण्ड के ग्राम हरदुआ और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सिंहपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, सहायक कलेक्टर अनिकेत शांडिल्य, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, एलआर जांगडे सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सिंहपुर के हेलीपैड और आम सभास्थल स्टेडियम का अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उनहोंने सभा स्थल पर मंच, बेरिकेटिंग, बैठक व्यवस्था, पेयजल एवं प्रसाधन सुविधा, वाहन पार्किंग तथा सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। इसके पश्चात स्टेडियम सिंहपुर के निकट पटपरनाथ धाम में अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन के संबंध में जिम्मेदारियां दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 26 जुलाई को सतना जिले के नागौद विकासखण्ड में हरदुआ और सिंहपुर में कार्यक्रम प्रस्तावित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव हरदुआ में नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी के पितामह स्व. जीवनदास बागरी के निवास पहुंचकर स्व. जीवन दास बागरी के निधन पर शोक श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हेलीकाप्टर से सिंहपुर जायेंगे और वहां स्टेडियम में आयोजित महिला सम्मेलन और आमसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के जिले में संभावित प्रवास के दृष्टिगत हरदुआ और सिंहपुर में हेलीपैड बनाये गये हैं।

# लूट व चोरी का आरोपी गिरफ्तार कोलगवां पुलिस ने की कार्यवाही



**जागरण, सतना।** चोरी और लूट के एक आरोपी को कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से लगभग दो लाख रुपये की सामग्री बरामद की गई है। यह कार्यवाही एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश , एएसपी डॉ शिवेश सिंह , सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान के मार्गदर्शन में कोलगवां पुलिस ने की है।

**ये है विवरण :** 22 जुलाई को फरियादी रोहित सिंह बघेल पिता विनोद सिंह बघेल उम्र.29 वर्ष निवासी बरदाडीह फाटक मारूति नगर थाना कोलगवां जिला सतना ने रिपोर्ट लेख कराया कि चोला मंडलम कंपनी में काम करता है। कलेक्शन का काम करके वापस अपनी वुलेट मोटर साईकल से अपने घर मारूति नगर उतैली बाईपास मैत्री पार्क तरफसे जा रहा था तभी समय करीबन 09 रात्रि को मैत्री पार्क एयरपोर्ट रोड पर पहुचा तो दो लोगो ने गाडी रोकवाई व चाकू कमर पर लगा दिया तथा फरियादी को गाडी मे बीच मे बैठाकर बगल वाली गली में अंदर ले गये तथा दोनो ने मिलकर उसकी जेब मे रखे नगदी तथा हाथ में पहने सोने की अंगूठी एवं कान की सोने की बाली तथा एक नग वन प्लस का मोबाईल फोन लूट लिया एवं फोन पे के माध्यम से 43 हजार रुपये नगदी ट्रांसफर करा लिए। पुलिस द्वारा तत्काल साथी नाबालिग बालक को भी अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर विधिवत कार्यवाही करते हुए दोनो संदेहियों के कब्जे से सामग्री जप्त कर दोनो को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय पेश किया गया। जहां से न्यायिक अभिरक्षा में आरोपी निखिल चौधरी को केन्द्रीय जेल सतना तथा अपचारी बालक को बाल सुधार गृह रीवा भेजा गया है। आरोपी निखिल चौधरी पिता राजू चौधरी उम्र 19 वर्ष निवासी संग्राम कालोनी वार्ड क्रमांक 23 सतना थाना कोलगवां जिला सतना एवं एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है।

## वन अधिकार समिति की बैठक स्थगित

**सतना।** वन अधिकार अधिनियम अंतर्गत 11 हितग्राहियों को जारी हक प्रमाण पत्र शून्य किए जाने हेतु जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक 25 जुलाई को होने वाली बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।






## मैहर एसपी ने बदले कई थाना प्रभारी



**जागरण, सतना।** मैहर एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल ने कई थाना प्रभारियों को बदला है। जारी किये गये आदेश के मुताबिक एसपी श्री अग्रवाल ने अमरपाटन थाना में पदस्थ रहे कार्यवाहक निरीक्षक के पी त्रिपाठी को रक्षित केन्द्र मैहर , निरीक्षक विजय सिंह परस्ते को थाना रामनगर से थाना प्रभारी अमरपाटन , कार्यवाहक निरीक्षक विजय त्रिपाठी को रक्षित केन्द्र मैहर से थाना प्रभारी रामनगर, कार्यवाहक निरीक्षक पंचराज सिंह को थाना प्रभारी ताला से रक्षित केन्द्र मैहर और कार्यवाहक निरीक्षक महेन्द्र कुमार मिश्रा को रक्षित केन्द्र मैहर से थाना प्रभारी ताला बनाये जाने के आदेश जारी किये है।

## कमिश्नर और आईजी ने किया कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण



**सतना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के 26 जुलाई को सतना जिले में नागौद विकासखण्ड के ग्राम हरदुआ और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के सिंहपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम के दृष्टिगत कमिश्नर रीवा बीएस जामोद ने आईजी गौरव राजपूत के साथ गुरुवार को सिंहपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सिंहपुर स्टेडियम में प्रस्तावित स्थल पर की जा रही तैयारियों, मंच, दर्शक-दीर्घा, वाहन पार्किंग एवं आवागमन तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान कमिश्नर में बनाए गए हेलीपैड का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, एसडीएम जीतेन्द्र वर्मा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह उपस्थित रहे।






















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः-** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com